



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 14 | अंक: 318

मूल्य: ₹3.00/-


पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 02 सितंबर, 2023

**क्या है वन नेशन-वन इलेक्शन:** वन नेशन-वन इलेक्शन या एक देश-एक चुनाव का मतलब हुआ कि पूरे देश में एक साथ ही लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हों। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं। उसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई। इस वजह से एक देश-एक चुनाव की परंपरा टूट गई।

**वन नेशन-वन इलेक्शन के समर्थन में मोदी:** मई 2014 में जब केंद्र में मोदी सरकार आई, तो कुछ समय बाद ही एक देश और एक चुनाव को लेकर बहस शुरू हो गई। मोदी कई बार वन नेशन-वन इलेक्शन की वकालत कर चुके हैं। संविधान दिवस के मौके पर एक बार प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- आज एक देश-एक चुनाव सिर्फ बहस का मुद्दा नहीं रहा। ये भारत की जरूरत है। इसलिए इस मसले पर गहन विचार-विमर्श और अध्ययन किया जाना चाहिए।



# एक देश, एक चुनाव को लेकर केंद्र ने कमेटी बनाई

## रामनाथ कोविंद अध्यक्ष होंगे, कांग्रेस का सवाल, सरकार को अचानक इसकी जरूरत क्यों पड़ी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

एक देश-एक चुनाव पर केंद्र सरकार ने कमेटी बना दी है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। आज इसका नोटिफिकेशन जारी हो सकता है। केंद्र सरकार ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। संभव है कि एक देश एक चुनाव पर सरकार बिल भी ला सकती है। केंद्र की बनाई कमेटी एक देश एक चुनाव के कानूनी पहलुओं पर गौर करेगी। साथ ही इसके लिए आम लोगों से भी राय लेगी। इस बीच, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा कोविंद से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। हालांकि, इस मुलाकात की वजह सामने नहीं आई है। सरकार की इस पहल पर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आखिर एक देश एक चुनाव की सरकार को अचानक जरूरत क्यों पड़ गई। वहीं कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा- व्यक्तिगत तौर पर मैं एक देश एक चुनाव का स्वागत करता हूं। यह नया नहीं, पुराना ही आइडिया है। इस बीच, संसदीय कार्य मंत्री, प्रह्लाद जोशी ने कहा, अभी तो समिति बनी है, इतना घबराने की बात क्या है? समिति की रिपोर्ट आएगी, फिर पब्लिक डोमेन में चर्चा होगी। संसद में चर्चा होगी। बस समिति बनाई गई है, इसका अर्थ यह नहीं है कि यह कल से ही हो जाएगा।

### महिला सीट... पुराने फॉर्मूले को नए रूप में ला सकते हैं

सरकार महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की जगह लोकसभा में उनके लिए 180 सीटें बढ़ा सकती है। ऐसी व्यवस्था 1952 और 1957 के चुनाव में एससी-एसटी सीटों के लिए थी। तब 89 व 90 सीटों पर एक से अधिक प्रत्याशी चुने जाते थे। बाद में डिलिमिटेशन होने पर व्यवस्था खत्म हो गई। अभी जिन सीटों पर वोटर 20 लाख से ज्यादा हो गए हैं, वहां एक सामान्य और एक महिला उम्मीदवार चुनने की व्यवस्था की जा सकती है। देश में ऐसी 180 सीटें हैं, जहां वोटर 18 लाख से ज्यादा हैं। सभी दल महिलाओं के लिए आरक्षण की मांग करते रहे हैं। सरकार अगर यह कदम उठाती है तो यह 2024 के लिए सरकार का बड़ा कदम होगा।

### विपक्ष बोला, सरकार को पहले भरोसे में लेना चाहिए था

- शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत ने कहा कि बीजेपी इंडिया से डरी हुई है। वन नेशन, वन इलेक्शन को मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए लाया जा रहा है।
- सपा नेता राम गोपाल यादव ने कहा कि संसदीय व्यवस्था की सारी मान्यताओं को यह सरकार तोड़ रही है। अगर विशेष सत्र बुलाना था तो सरकार को सभी विपक्षी पार्टियों से कम से कम अनौपचारिक तौर पर बात करनी चाहिए थी। अब किसी को नहीं पता है कि एजेंडा क्या है और सत्र बुला लिया गया है।

### एक दिन पहले विशेष सत्र बुलाने की घोषणा

- एक देश एक चुनाव की चर्चा के बीच एक दिन पहले केंद्र सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की घोषणा की। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया- 18 से 22 सितंबर तक दोनों सदनों का विशेष सत्र रहेगा। यह 17वीं लोकसभा का 13वां और राज्यसभा का 261वां सत्र होगा। इसमें 5 बैठकें होंगी।
- जोशी ने यह भी कहा कि सत्र बुलाने के पीछे कोई एजेंडा नहीं है। उन्होंने जानकारी के साथ पुराने संसद भवन की फोटो शेयर की है। माना जा रहा है कि सत्र पुराने संसद भवन से शुरू और नए में खत्म होगा।
- एक साल में संसद के तीन सत्र होते हैं। बजट, मानसून और शीत सत्र। मानसून सत्र 20 जुलाई से 11 अगस्त तक चला था। विशेष सत्र बुलाने की घोषणा मानसून सत्र के 3 हफ्ते बाद हुई है। विशेष सत्र मानसून सत्र के 37 दिन बाद होगा। जबकि शीतकालीन सत्र नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होना प्रस्तावित है।

### 5 दिन का सत्र और 5 संभावनाएं

- महिलाओं के लिए संसद में एक-तिहाई अतिरिक्त सीट देना।
- नए संसद भवन में शिफ्टिंग।
- यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल पेश हो सकता है।
- लोकसभा-विधानसभा चुनाव साथ कराने का बिल आ सकता है।
- आरक्षण पर प्रावधान संभव। (ओबीसी की केंद्रीय सूची के उप-वर्गीकरण, आरक्षण के असमान वितरण के अध्ययन के लिए 2017 में बने रोहिणी आयोग ने 1 अगस्त को राष्ट्रपति को रिपोर्ट दी है।)

वन नेशन, वन इलेक्शन पर सीएम योगी का बयान

## सीएम योगी बोले, बार-बार इलेक्शन विकास के कार्यों और नीतिगत निर्णय लेने में बाधा पैदा करते



**लखनऊ।** वन नेशन-वन इलेक्शन पर केंद्र सरकार द्वारा कमेटी गठित किए जाने पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने वन-नेशन वन इलेक्शन की प्रक्रिया को एक अभिनव पहल करार देते हुए इसे आज की आवश्यकता बताया है। सीएम योगी ने कहा है कि इस निर्णय से न सिर्फ विकास की प्रक्रिया गतिमान होगी, बल्कि यह लोकतंत्र की समृद्धि और उसकी स्थिरता को सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक नागरिक के जीवन में खुशहाली लाएगा। सीएम योगी ने कहा कि देश में स्थिरता अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। ऐसे ही लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारों की स्थिरता के साथ-साथ विकास के लिए भी एक गतिमान सरकार चाहिए होती है। इस दृष्टि से वन नेशन-वन इलेक्शन एक अभिनंदनीय प्रयास है। यह जानकर प्रसन्नता है कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी की अध्यक्षता में वन नेशन-वन इलेक्शन के लिए कमेटी बनी है। इस अभिनव पहल के लिए देश की सबसे बड़ी आबादी के राज्य उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। वन नेशन वन इलेक्शन आज की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य की दृष्टि से देखें तो यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि बार-बार इलेक्शन विकास के कार्यों में बाधा पैदा करते हैं। इलेक्शन की प्रक्रिया को कम से कम डेढ़ महीने का समय लगता है। यह समय विकास की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाने में या नीतिगत निर्णय लेने में बाधा पहुंचाता है। आवश्यक है कि लोकसभा, विधानसभा और अन्य सभी प्रकार के इलेक्शन को एक साथ आयोजित किया जाए। यह बेहतरीन पहल हुई है, न सिर्फ विकास के लिए बल्कि लोकतंत्र की समृद्धि और स्थिरता के लिए जो प्रत्येक नागरिक के जीवन में खुशहाली लाएगा।

## 'एक देश एक चुनाव' पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने दिया बड़ा बयान, धारा 370 की दिलाई याद

जन एक्सप्रेस। घोसी

घोसी उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान के लिए वोट मांगते हुए शुक्रवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक देश एक चुनाव' पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि देश में चुनाव को लेकर हर दिन कुछ न कुछ होता रहता है। इससे काफी धन भी खर्च होता है। ऐसे में अगर देश में एक चुनाव हो तो काफी बचत हो सकती है। डिप्टी सीएम ने मीडिया से बातचीत में कहा कि एक देश एक चुनाव भारत के लिए आवश्यक है। पीएम मोदी हमेशा देश के हित के लिए काम करते हैं। यूपी का हर मतदाता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसले के साथ खड़ा है। हमने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर यह बताया कि एक देश में एक विधान रहेगा, एक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा रहेगा, एक प्रधानमंत्री रहेगा।

### जनता भुगत रही कांग्रेस के पापों की सजा

आगे कहा कि धारा 370 लाने का काम कांग्रेस ने किया था। इसकी अगुवाई में सपा आज कांग्रेस के पीछे खड़ी है। भारतीय जनता पार्टी ने धारा 370 हटाने का काम किया। अनेक चुनाव जो देश के अंदर होने लगे हैं, कांग्रेस के पापों की सजा देश की जनता भुगत रही है। उससे भी मुक्ति दिलाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी के गठन भी किया गया है। मैं इस साहसिक फैसले के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देता हूं। देश के विकास के लिए पांच साल में केवल एक चुनाव की आवश्यकता है।

### पुरानी बोतल में नई शराब है इंडिया गठबंधन

एक सवाल के जवाब में केशव प्रसाद मौर्य ने इंडिया गठबंधन को पुरानी बोतल में नई शराब बताया। कहा कि यह कई गठबंधन नहीं बल्कि ठगबंधन है। जिसकी अगुवाई कांग्रेस कर रही है। गठबंधन में शामिल सभी दलों के लोग जब भी देश में कुछ अच्छा होता है तो घबरा जाते हैं।

## तीसरी नजर से अपराधियों के पकड़े जाने का करें प्रचार, इससे बढ़ेगा भय: मुख्य सचिव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने सेफ सिटी परियोजना की समीक्षा के दौरान कहा कि 17 नगर निगमों और गौतमबुद्ध नगर को महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांग जनों के लिए सबसे सुरक्षित शहर बनाया जाए। आईसीसीसी व आईटीएमएस के माध्यम से पकड़े गए अपराधियों का खूब प्रचार प्रसार हो, ताकि अपराधियों में दहशत व्याप्त हो। लोगों को भी पता चलना चाहिए कंट्रोल रूम से शहर पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के स्कूल व कालेज के पास पुलिसकर्मियों की ड्यूटी सादे परिधान में लगाते हुए शोहदों एवं शरारती तत्वों पर कठोर कार्यवाही की जाए। शहरों में डार्क प्लेसेज को चिन्हित कर स्ट्रीट लाइट लगवाई जाए। पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। आम जन, व्यापारियों, संस्थान संचालकों को जागरूक कर उन्हें सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए प्रेरित किया जाए। इनको कंट्रोल रूम से इंटीग्रेट करने के कार्य में प्रगति लाई जाए। औद्योगिक विकास विभाग द्वारा इंडस्ट्रियल स्टेट में सुरक्षा के क्या प्रबंध हैं, इसकी समीक्षा की जाए। गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। सिटी बसों में पैनिक बटन का व्यापक प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जाए।

# कहां से मिलेगा रेलवे रिजर्वेशन, दलालों ने खरीद लिए हैं टिकट!

## दलालों ने अभी से त्योहारी सीजन में दूसरे शहरों से लखनऊ आने वाली ट्रेनों के एसी और स्लीपर के कंफर्म टिकट निकलवा लिए हैं

जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा

**लखनऊ।** त्योहार के सीजन में हर किसी की घर आने की चाह को पूरी तरह भुनाने के लिए रेलवे दलालों का रैकेट अभी से सक्रिय हो गया है। गणेश उत्सव, नवरात्र, दशहरा, दिवाली, छठ पूजा पर बढ़ने वाले लोड को देखते हुए दलालों के रैकेट ने अभी से अलग-अलग श्रेणी के टिकट रिजर्व कर कर उन्हें मुंह मांगे दामों पर बेचने की तैयारी कर ली है। यह गोरखधंधा इतना हाई प्रोफाइल है कि रेलवे की टिकटों को ले जाने के लिए हवाई जहाज का उपयोग किया जा रहा है। ऐसा ही एक दलाल लखनऊ के एयरपोर्ट से धरा गया है।

**स्लीपर के टिकट को एक हजार अधिक जबकि एसी के टिकट को दो हजार रुपये अतिरिक्त लेकर लोगों को बेचा जा रहा है**

**खुफिया सूचना पर सुरक्षा दस्ते ने दलाल उबैद उर्फ छोटू को लखनऊ एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया**




खुफिया सूचना मिली थी कि लखनऊ के कई स्टेशनों के रिजर्वेशन काउंटर से दलालों ने दिवाली व अन्य त्योहार पर दूसरे शहरों से लखनऊ आने वाली ट्रेनों के एसी और स्लीपर के कंफर्म टिकट निकलवा लिए हैं। इन टिकटों को अधिक दामों में बेचा जा रहा है। स्लीपर के टिकट को एक हजार अधिक जबकि एसी के टिकट को दो हजार रुपये अतिरिक्त लेकर लोगों को बेचा जा रहा है। जैसे-जैसे त्योहार पास आएंगे यह रेट बढ़ते जाएंगे।

### एयर एशिया की फ्लाइट से टिकट लेकर मुंबई जा रहा था

सूचना के आधार पर क्राइम इंटेलिजेंस ब्रांच (सीआईबी) निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक प्रशांत सिंह यादव, सहायक उपनिरीक्षक करुणेश कुमार मिश्र ने टीम के साथ बुधवार को उबैद उर्फ छोटू को लखनऊ एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। वह एयर एशिया की फ्लाइट से टिकट लेकर मुंबई जा रहा था।

### 80 हजार कीमत के हैं बरामद हुए 22 रिजर्वेशन टिकट

बुधवार को रेलवे सुरक्षा बल, लखनऊ जंक्शन और (सीआईबी) ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से एक रेलवे के दलाल को गिरफ्तार किया। वह 22 रिजर्वेशन टिकट लेकर फ्लाइट से मुंबई जा रहा था। टीम ने आरोपी उबैद के पास से करीब 80 हजार रुपये के टिकट बरामद किए। ये टिकट मुंबई से लखनऊ, बस्ती, गोंडा आदि की ओर आने वाली ट्रेनों के थे।

कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस कानपुर जी कहीं को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

# केंद्रीय मंत्री के घर में बेटे के दोस्त की हत्या

## मंत्री के बेटे की पिस्टल से सिर में मारी गोली, बेड के पास मिला शव, मंत्री बोले, बेटा दिल्ली में है

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के लखनऊ स्थित घर में हुए युवक के मर्डर की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मंत्री के बेटे विकास के दोस्त की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों की पहचान अंकित, अजय और शमीम बाबा के रूप में हुई है। सूत्रों के मुताबिक जुए में हार जीत को लेकर विवाद हुआ था। विनय श्रीवास्तव जुए में अंकित से करीब 15 हजार रुपए हार गया था। जीत के बाद अंकित ने जुआ खेलने से मना कर दिया था। इसी बात को लेकर नशे में उनके बीच कहासुनी हुई थी। जिसके बाद विनय ने बेड के नीचे से पिस्टल निकाल ली। इसके बाद दोनों के बीच छीना-झपटी होने लगी। इसी दौरान गोली चलने से विनय की मौत हो गई। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के लखनऊ स्थित घर में विनय श्रीवास्तव का खून से लथपथ शव कमरे में बेड के पास मिला था। उसके सिर पर गोली मारी गई थी। वारदात को मंत्री के बेटे विकास उर्फ आशू की लाइसेंसी पिस्टल से अंजाम दिया गया। शव के पास से ही पुलिस ने पिस्टल बरामद की है। मृतक की शिनाख्त विनय श्रीवास्तव (30) के तौर पर हुई है। वह मंत्री के बेटे विकास उर्फ आशू का दोस्त था। पूरी वारदात मंत्री के दुबग्गा स्थित घर पर गुरुवार रात 2 से 2.50 बजे के बीच की है। जहां वारदात हुई उस घर में मंत्री का बेटा विकास रहता था।



### यह है मामला

लखनऊ के दुबग्गा के बेगरिया में केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के नए मकान में शुक्रवार की सुबह तड़के चार बजे भाजपा कार्यकर्ता विनय श्रीवास्तव की पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी गई। बेगरिया फरीदीपुर निवासी विनय श्रीवास्तव (24) भाजपा कार्यकर्ता था। केंद्रीय राज्यमंत्री के बेटे विकास किशोर उर्फ आशु के साथ रहता था। शुक्रवार की सुबह तड़के चार बजे विनय के सिर में पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी गई। शव बेड के पास जमीन पर पड़ा था। मौके पर अरुण प्रताप सिंह उर्फ बंटी, शमीम बाबा, अंकित वर्मा, अजय रावत सहित दो अन्य अज्ञात लोग मौजूद थे। परिजनों ने अजय, अंकित और शमीम पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

## 69000 शिक्षक भर्ती प्रकरण: धरना स्थल पर अभ्यर्थियों ने मनाया रक्षाबंधन, एक अंक के लिए 24 दिन से दे रहे धरना




जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों की 69000 शिक्षक भर्ती में एक अंक मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन के लिए अभ्यर्थियों का धरना जारी रहा। नियुक्ति की मांग के लिए धरना दे रहे अभ्यर्थियों ने रक्षाबंधन भी धरना स्थल पर मनाया। गाज़ियाबाद जिले से आई महिला अभ्यर्थी संध्या मिश्रा रोने लगी। संध्या ने कहा कि पहली बार रक्षाबंधन के त्यौहार पर परिवार से दूर हूं। यहां उपस्थित अभ्यर्थियों को राखी बांधी है। हाथरस जिले से आये उपेंद्र सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद भी विभाग ने 10 माह से एक अंक से बेसिक में नियुक्ति से वंचित रखा है। सुल्तानपुर से आई अल्का यादव ने बताया कि 24 दिन से लगातार धरना दे रहे है फिर भी शासन द्वारा कोई भी लिखित कार्यवाही नहीं की गई है। फिरोजाबाद जिले से आये रॉकी सिंह ने कहा जब तक शासन द्वारा हमें नियुक्ति नहीं दी जाती है तब तक हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

## मतदाता से सम्पर्क कर घर घर भाजपा का विस्तार कराएं सुनिश्चित: देवेश कोरी

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिला पंचायत सभागार में मेरी माटी मेरा देश अभियान की जिला बैठक का आयोजन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी देवेश कोरी ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान की सफलता ही तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाएगी। मतदाता से सतत सम्पर्क करके हम घर घर भाजपा का विस्तार सुनिश्चित करें।

गांव गांव अमृत वाटिका बने। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से जोड़ना है। बूथ से लेकर जिला पदाधिकारी तक और सभी जनप्रतिनिधि इस अभियान में सक्रिय रूप अवश्य सहभाग करें। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि 2 व 3 सितंबर को सभी मण्डलों की कार्यशाला शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ सम्पन्न हो। जन जन की सहभागिता सुनिश्चित करके हम मेरी माटी मेरा देश अभियान के विराट स्वरूप को अभिव्यक्त कर सकते हैं।

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरोप्रसाद मिश्र, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, दिनेश तिवारी, जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, अश्विनी अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष आनन्द पटेल, ब्रजेश पाण्डेय, हरिओम करवरिया, अंजू वर्मा, भागवत त्रिपाठी, अखिलेश, राघव अग्रवाल, रामेन्द्र गौतम, रवि गुप्त, विकास मिश्र, लवलेश, नरेंद्र गुप्ता, सुशील द्विवेदी, ओमप्रकाश, रमाकांत, विनोद पाण्डेय, आशीष, सच्चिदानंद, अरविन्द रलिहा, गंगाधर मिश्रा, सुशीला प्रधान, संजय पाण्डेय, राघवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने ली निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में शुक्रवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के आधार पर निर्वाचन नामावलियों का पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, उनके प्रतिनिधियों और निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि बीती 21 जुलाई से 21 अगस्त तक फार्म 6 की समीक्षा की कार्यवाही के लिए अभियान चलाया गया था। उन्होंने उप जिलाधिकारी मऊ को निर्देश दिए कि फॉर्म 6 में प्राप्त फॉर्म का निरीक्षण कराएं और जांच कर इसकी आंख्या भी प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग किसी भी समय जिले में आ सकता है। इससे पहले ही अपने कार्यों की पूर्ण तैयारी रखें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि फॉर्म 6 और 7 की जहां फीडिंग नहीं हुई है, उसे भी फीडिंग कराएं। जिलाधिकारी ने फार्म 6 व 7 के बारे में राजनीतिक पार्टियों से भी जानकारी की। उन्होंने कहा कि 17 अक्टूबर से नवंबर तक का अंतिम सर्वेक्षण अभियान होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि महिला मतदाताओं को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं की शादी हो गई है, उसको भी ध्यान दें साथ ही 18 साल की ऊपर की किशोरियों के मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन की प्रगति एवं समीक्षा भी करें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देशित किये कि फॉर्म 6 पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किये कि 18 से 19 वर्ष के बच्चों मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए स्कूल और कॉलिज में अभियान चलाकर प्रचार प्रसार कराएं। उन्होंने कहा कि प्राचार्यों के पास 18 से 19 वर्ष के बच्चों का डाटा रहता है। इसमें प्राचार्य के साथ मीटिंग कराएं एवं स्कूल कॉलिज में कैंप लगाकर कार्य को कराएं। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किए कि सभी बीएलओ को सख्त आदेश के साथ कार्य कराएं, नहीं तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने पीडब्लूडी वोटर के बारे में जानकारी ली और निर्देशित किया कि इसमें एक बार फिर से ट्रेस कर डाटा को रखें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि 80 प्लस के बहुत से बुजुर्गों का मृत्यु हो चुकी हैं, उन्हें मतदाता सूची से हटाया गया कि नहीं यह देख लें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों से कहा कि बीएलओ वाइज डाटा रखें कि किन बीएलओ ने इसमें कितना हटाया गया है इसका भी डाटा रखें।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, मानिकपुर रामजन्म यादव, मऊ राकेश पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, अपर उप जिलाधिकारी सतीश चंद्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीधर यादव, राजनीतिक दल कौंग्रेस से कुशल सिंह पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरि ओम करवरिया, आरएलडी राज प्रताप आनंद, बहुजन समाज पार्टी से कौशलैद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने एफीसिएंसी रेस एवं रायफल, रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में 26वीं अन्तर जनपदीय प्रयागराज जोन, प्रयागराज पुलिस एलार्म इफीशियन्सी रेस एवं रायफल, रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता वर्ष 2023 का रिबन काटकर शुभारम्भ किया। सर्वप्रथम सभी टीमों के खिलाडियों द्वारा बेहतरीन मार्च पास्ट करते हुये पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गयी। इस प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के सभी जनपदों की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। उन्होंने जनपदों से आयी टीमों के कैप्टन से परिचय लिया। यह प्रतियोगिता 3 सितम्बर तक चलेगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान अनुज कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि मौजूद रहे।



## पौधों को रक्षासूत्र बांधकर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

रक्षाबंधन पर्व पर संस्था द इमर्जिंग इंडिया फाउंडेशन की मुहिम के साथ जुड़कर कंपोजिट विद्यालय मिर्जापुर के शिक्षक ही नहीं बल्कि बच्चों ने भी पौधों में रक्षाबंधन कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। संस्था मुहिम के तहत् बच्चों में जागरूकता अभियान चला रही है। जिसके तहत् वह बच्चों में वृक्षों की प्रति लगाव बढ़ाने की प्रकृति विकसित करना चाहती है जिससे बच्चों को पौधों को प्रति प्रेम हो और वह पौधों को काटे जाने से रोके और उसका विरोध करें।

पौधों और पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस कार्य के लिए समाजसेवी हिमांशु कुमार, राजीव कुमार, लाल सिंह ने बच्चों को प्रेरित किया तो उसका बेहद असर देखने को मिला। पेड़ों की रक्षा के लिए लोग जागरूक हुए और पेड़ों की रक्षा के लिए राखी बांधते हुए दिखे। सभी ने पेड़ों के संरक्षण की शपथ लिया। दिनभर काफी बहनों ने भाइयों की कलाई के साथ-साथ पेड़-पौधों को भी राखी बांधी। समाजसेवी हिमांशु कुमार ने कहा कि हमें अपनी प्रकृति से भी प्रेम करना चाहिए। प्रकृति के बिना सब कुछ सूना है। हर व्यक्ति एक पेड़ की सुरक्षा की जिम्मेदारी ले तो प्रदूषण की समस्या ही खत्म हो जाएगी। संस्था द इमर्जिंग इंडिया फाउंडेशन द्वारा वृक्षारोपण बढ़ावा देने के लिए शादी की सालगिरह, जन्मदिन, संतान उत्पत्ति के उपलक्ष में, वृक्ष दान करने की निःशुल्क मुहिम शुरू किया है।

## सरकारी कर्यालयों में लम्बे समय से जमे सिकमी कर्मचारियों में मचा हड़कम्प

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

प्रदेश के किसी भी तहसील, जनपद और मंडल के सरकारी विभागों के कार्यालय में बाहरी एवं प्राइवेट व्यक्तियों द्वारा कार्य कराये जाने पर शासन ने तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया है। यह आदेश जारी होते ही तहसीलो के तमाम कार्यलयो मे अपने आकाओ के रहमोकरम पर बैठे सिकमी कर्मचारियो को स्थानीय प्रशासन ने कार्यलयो से बाहर कर दिया।

जानकारी के अनुसार शासन ने सभी कमिश्नरों और जिलाधिकारी को पत्र जारी कर तत्काल ऐसे व्यक्तियों को हटाने का फरमान जारी किया है। इतना ही नहीं आदेश नहीं मानने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ शासन ने कठोर कार्यवाही करने की चेतावनी भी दिया है। 29 अगस्त को जारी आदेश के बाद सरकारी कार्यलयो मे हडकम्प मच गया। लगभग सभी सरकारी कार्यलयो मे सिकमी कर्मचारी अपने आकाओ के रहमोकरम पर सीट मे बैठ कर मलाई खा रहे थे। यह मामला क्षेत्रीय कार्यलयो का ही हाल नही है। बल्कि कलेक्ट्रेट में डीएम की आंखों के नीचे ही कई-कई वर्षो से सिकमी कर्मचारी सरकारी कार्यलयो मे कर्मचारी की भँति ही सीट मेब ैठ कर अति गोपनीय कार्यो को कर रहे थे। असलहा विभाग में लगभग बीस वर्षों से बाहरी व्यक्ति बाकाएदे कुर्सी डालकर अत्यंत गोपनीय पत्रावलियों के साथ-साथ पूरा काम कर रहे हैं। इतना ही नहीं स्टाम्प कार्यालय में मूल पटल सहायक तो सिर्फ नाम के हैं पूरा काम तो काफी समय पूर्व सेवानिवृत्त हुए एक पूर्व कर्मचारी द्वारा किये जानें की शिकायत मिली है।

इसके अलावा कलेक्ट्रेट के अन्य पटलों के साथ तहसील सदर समेत खागा और बिंदकी में भी सरकारी कर्मी थोक में बाहरी व्यक्तियों से काम ले रहे हैं। जो भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की पटकथा लिखते रहे हैं। जिन पर जिम्मेदारों के मेहरबान होने की शिकायते शासन स्तर पर पहुंचती रही हैं और शासन द्वारा अहम् कदम उठाते हुये आदेश जारी किया है। वही कर्मचारियो की माने तो सरकारी कार्यलयो मे कर्मचारी कम है और काम अधिक है जिससे काम को ससमय पूरा कराने के लिए निजी कर्मचारियो को लगा रखा था।

## धांधली की शिकायत की जांच करने पहुंचे एसडीएम तो गोदाम से अनाज गायब मिला

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

अनाज वितरण में धांधली की शिकायत की जांच करने पहुंचे एसडीएम को गोदाम से अनाज गायब मिला।स्टॉक मिलान के बाद भी कोटेदार ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक बीएन सिंह की तहरीर पर कप्तानगंज थाने की पुलिस ने कोटेदार पर केस दर्ज कर लिया है। कोटे की दुकान निलंबित कर दूसरे गांव में संबद्ध कर दी गई है। कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के सोहनी गांव का कोटेदार अनाज वितरण में धांधली करता था। इसकी शिकायत गांववालों ने एसडीएम व्यास नारायण उमराव से की। क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी को लेकर जांच के लिए एसडीएम पहुंचे। वहां गोदाम में 55.35 क्विंटल गेहूं और 90.11 क्विंटल चावल गायब मिला। कोटेदार गंगाजलि गायब अनाज के बारे में कोई जानकारी भी नहीं दे सकीं। गांव के अधिकांश कार्डधारकों को अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त माह का राशन अब तक नहीं दिया गया है। जांच करने पहुंचे एसडीएम से यह शिकायत कार्डधारकों ने दर्ज कराई। अगस्त के राशन का अब तक वितरण नहीं किया गया है। क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी ने आवश्यक वस्तु अधिनियम में केस दर्ज कराया है। निलंबित कोटे की दुकान को इंदरपुर की दुकान से संबद्ध कर दिया गया है। एसओ विनय कुमार सिंह ने बताया कि कोटेदार पर केस दर्ज किया गया है।

### अवैध गांजा के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय तथा आरक्षी शुभम कुमार मिश्रा द्वारा गुड्डू उर्फ दिनेश गुप्ता पुत्र लखनलाल गुप्ता निवासी गांधी नगर को 1 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना मानिकपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### उपनिरीक्षक की निरीक्षक पद पर हुई पदोन्नति

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला एवं अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा कोतवाली कर्वी में नियुक्त रहे उप निरीक्षक राकेश कुमार मौर्या को निरीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर स्टार लगाकर विभूषित किया गया। निरीक्षक पद पर पदोन्नति पाने वाले राकेश मौर्या को पुलिस अधीक्षक शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर वाचक पारितोष दीक्षित, कोतवाली कर्वी निरीक्षक अपराध अजीत कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## बसों में महिला यात्री रहीं बहुसंख्यक, भीड़ व गर्मी में यात्रियों की रही मारामारी

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व इस बार दो दिन तक मनाया गया। कुछ स्थानों पर भाईयों की कलाई में बहनों ने बुधवार को ही रक्षासूत्र बांधकर रक्षा का वचन लिया। वहीं कुछ स्थानों पर गुरुवार को रक्षाबंधन का पर्व अटूट प्रेम व सौहार्द के बीच मनाया गया। पर्व को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी महिलाओं को रोडवेज बसों में 48 घंटे निःशुल्क यात्रा का तोहफा दिया गया।

मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओ को रक्षाबन्धन तोहफे के चलते महिलाओं में यात्रा करने की जबरदस्त होड़ देखी गई। रोडवेज बस स्टाप परिसर समेत रेलवे स्टेशन में भी यात्रियों के बीच मारामारी रही। बसें कम होने के चलते महिला यात्रियों व बच्चों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बताते चलें कि इस बार भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व दो दिनों तक मनाया गया। भाई-बहन के इस त्योहार में मुस्लिम समुदाय के युवक व युवतियां भी शामिल हुए। उन्होने भी राखी बंधवाकर उपहार भेंट किया। उधर पर्व को लेकर जगह-जगह मिष्ठान की दुकानें भी सजी रहीं। जिनमें दिन भर ग्राहकों की भीड़ उमड़ी।

मिष्ठान विक्रेताओं का कहना रहा कि इस बार पर्व में महंगाई का असर कम रहा है। उधर उपहार की दुकानों में भी ग्राहक देखे गये। इसके अलावा सुबह से ही रोडवेज बस स्टाप परिसर में बड़ी संख्या में यात्रियों का जमावड़ा देखा गया। कानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली, घाटमपुर, जहानाबाद, रायबरेली, लालगंज, बांदा, कौशांबी समेत अन्य रूटों पर चलने वाली बसों में यात्रियों का रेला रहा। बस जैसे ही रोडवेज बस स्टाप परिसर में आती तो यात्रियों की भीड़ पहले चढ़ने व सीट लेने के लिए टूट पड़ती। यह नजारा पूरा दिन देखने को मिला। कड़ी धूप के बीच महिलाओं व बच्चों को खासी दिक्कते उठानी पड़ी। उधर रेलवे स्टेशन पर भी नजारा कुछ ऐसा ही रहा। दूर-दराज की यात्रा करने वाले यात्रियों ने रेलवे का सहारा लिया। रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों की आवाजाही पूरा दिन देखी गई।

## सांसद व केन्द्रीय मंत्री ने आधा दर्जन से भी अधिक सड़कों का किया शिलान्यास व लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

जिले की सांसद एवं भारत सरकार की उपभोक्ता मामले खाद एवं सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति आज जनपद के कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। अपने संसदीय क्षेत्र के बिन्दकी कस्बा स्थित सामुदायिक केन्द्र मे एलाईजा मसीन का लोकार्पाण करके सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम मे शिरकत किया इसी प्रकार हथगाम विकास खण्ड क्षेत्र मे भी लगभग आधा दर्जन सडको शिलन्यास व लोकार्पण किया।

आज जनपद की सांसद व केन्द्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति का अति व्यस्ततम कार्यक्रम रहा। जहॉ बिन्दकी कस्बा के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र मे एलाईजा मसीन यानी डेंगू मसीन को लोकार्पण करके क्षेत्र वासियो को एक उपहार दिया। वही खागा नगर निवासी लाकतन्त्र सेनानी स्वा0 हीरालाल गुप्त के निधन के बाद परिजनो से मुलाकात करके सांत्वना दिया और मृत आत्मा को शान्ति मिलने की कामना किया तथा जनपद मे अर्पूनीय छति बताया। वही हथगाम विकास खंड क्षेत्र मे आरा मशीन शाहपुर तिराहे पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाली हथगाम-अलीपुर जीता मार्ग से पट्टी शाह सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास कर शुभारंभ किया। वही ग्राम पंचायत मोहलिया में पंचायत भवन का लोकार्पण किया। दोपहर ढाई बजे इसी विकास खंड के ग्राम पट्टी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाली हथगांम पट्टी-शाह रोड से चकदीन मोहम्मदपुर वाया कसेरूआ सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास किया। इसके बाद साध्वी दोपहर तीन बजे ग्राम पट्टी-शाह से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाली पट्टी शाह रोड से हरी का पुरवा सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास, साढ़े चार बजे हथगाम कस्बे से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाली हथगाम से सेमरहा सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास, शाम साढ़े पांच बजे छिवलहा कस्बे में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाली छिवलहा से तलकापुर सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास किया तथा ग्राम पंचायत अमिलिहापाल में लोकनिर्माण विभाग द्वारा निर्मित सम्पर्क मार्ग व सीसी रोड का लोकार्पण किया और संदेश दिया कि क्षेत्र मे ग्रामीा व शहरी क्षेत्रो मे आम जनो के आवागमन के लिए सडको का निर्माा कराया जा रहा है। जिससे लोगो को आवागमन मे परेशानियो का सामना न करना पडे। जब कि क्षेत्र की विजईपुर-गजीपुर रोड के लिए लोग लगातार आन्देलन करके सडक निर्माा की मांग कर रहे है। जिससे लोगो को आवागमन मे परेशानियो का सामना न करना पडे। जब कि क्षेत्र की विजईपुर-गजीपुर रोड के लिए लोग लगातार आन्देलन करके सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं।

**अदालती सूचना**

**सम्मन वास्ते करारवाद**
**उमू तनकीह तलब**
**आर्डर-5 कायदा-1 व 5**
**न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0), कक्ष सं0-47, लखनऊ**
मूलवाद सं0 : 2430/2021
तारीख पेशी- 11.09.2023
**श्रीमती बालावती सिंह**
**बनाम**
**हरि शंकर लाल**

श्रीमती बालावती सिंह पुत्री स्व0 मोहर सिंह निवासिनी- सी-2/60 सेक्टर-एफ-कानपुर रोड योजना लखनऊ।

.....वादिनी

**बनाम**

1- हरि शंकर लाल पुत्र स्व0 श्री नारायण लाल निवासी- आर0एस0-2/289 टिकैतराय सचिवालय कालोनी शहर लखनऊ।

.....प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपको नाम से एक नालिश बाबत **आदेशात्मक व्यादेश** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख माह **11/09/2023 ई0 बवक्त 10 बजे** दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफ कार किया गया है और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हो बयान तहरीर **दिनांक 11.09.2023** को दाखिल करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख **09.08.2023** ई0 को जारी किया जाय।

-मोहर अदालत

## जल ही जीवन स्लोगन बना मजाक, जिम्मेदार बने मौन

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

वैसे तो शासन-प्रशासन समेत स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा जल ही जीवन है का नारा देते हुए पानी बचाओ-जीवन बचाओ के प्रति जागरूकता अभियान आये दिन चलाते जा रहे हैं। किंतु इस नारे को जमीनी हकीकत में साकार करने के लिए जिम्मेदारी का निर्वहान कर रहा विभाग ही जब अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ ले तो ऐसे में यह नारा कहीं ना कहीं बेबस नजर आता है। शहर व ग्रामीण क्षेत्रो की पानी सप्लाई व्यवस्था का जिम्मा संभालने वाला नगर पालिका परिषद का जलकल विभाग अपने दायित्वों के प्रति कितना गंभीर है। आपको इसकी बानगी शहर सहित ग्रामीणान्चलो के कदम-कदम पर देखने को मिल जाता है। जहॉ शहर के प्रमुख सड़कों, चौराहो सहित आलाधिकारियो के कार्यालयो के सामने ही खुलं नलो से बहता पानी तो आम है। वही लाखों-करोड़ो की लागत से खोदे गये तालाबो मे पानी का एक बूद भी मिलना मुश्किल है। तालाबो की खुदाई मात्र मनरेगा का काम के लिए खोदे गये। जब कि उचे स्थान तथा पानी व निकासी की कोई भी व्यवस्था नही किया गया। वही तालाबो के अतिक्रमण हटाओ अभियान तो मात्र औपचारिकता व दस्तावेजो के आकडे एकत्रित किया गया है। जबकि हकीकत से कोसो दूर ही है। इस प्रकार की अनेक अनियमितता शासन -प्रशासन के जल ही जीवन है का स्लोगन बेकार साबित हो रहा है। आश्चर्य तो तब होता है कि इसकी सूचना जिम्मेदार अधिकारियो व कर्मचारियों को समय-समय पर जागरुक लोगो द्वारा दिया जाता है।

## तहसीलदार को स्थानान्तरण होने पर दी गयी भावभीनी विदाई

जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट



स्थानान्तरण के बाद मऊ के तहसीलदार राजेश कुमार यादव व सेवानिवृत्त हुए राजस्व निरीक्षक रामसुमेर मिश्र को शुक्रवार को भावभीनी विदाई दी गयी।

मऊ तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने कहा कि सरकारी सेवाओं में स्थानान्तरण एक सतत प्रक्रिया है। इसी प्रकार प्रत्येक कर्मचारी अधिकारी के सेवानिवृत्त होने की तिथि नियुक्ति के समय ही निर्धारित हो जाती है। श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी हमेशा जनता और सहयोगी अधिकारी, कर्मचारियों के बीच प्रिय रहते हैं और बाद में भी याद किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हालाकि उन्हें मऊ तहसील में बतौर उप जिलाधिकारी अभी कुछ दिन ही काम करने का अवसर मिला है। इसके बावजूद तहसीलदार राजेश कुमार यादव का कार्य बेहद सराहनीय रहा है। वह प्रत्येक कार्य बेहद जिम्मेदारी के साथ करते हैं। कर्मचारियों को उनके कार्यशैली का अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक रामसुमेरू को भी विदाई दी गयी और उनके सुखमय जीवन की कामना की गयी। इस मौके पर मऊ के नवागंतुक तहसीलदार विवेक यादव, लेखपाल संघ के जिलामंत्री अरबाज सिद्दीकी, समाजसेवी प्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## परिवारिक मतभेद को समाप्त कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में महिला थाना की पुलिस टीम द्वारा परिवारिक आपसी झगड़े को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया। कोतवाली कर्वी क्षेत्र के कसहाई निवासी नीतू पत्नी धीरेन्द्र ने महिला थाना में प्रर्थना पत्र दिया कि उनके पति धीरेन्द्र शराब पीकर उनके साथ मारपीट एवं गाली गलौज करते हैं। महिला थानाध्यक्ष शालिनी सिंह भदौरिया एवं महिला आरक्षी नीतू देवी, रीता यादव द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायत को विस्तारपूर्वक सुनकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें महिला थाना बुलाया गया तथा दोनो पक्षों को समझाया गया। दोनो पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर महिला थानाध्यक्ष द्वारा दोनो पक्षों को आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गयी।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive



# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | शनिवार | 02 सितंबर 2023



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 19-23 अगस्त, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.8 (+1.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.8 (+2.0)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 80 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 66 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.6 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर -पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# केडीए सचिव के भ्रष्टाचार से तैयार हो रहीं मौत की इमारतें

* यूपी को शर्मशार करने वाली अग्निकांड की घटना होने के बाद भी हो रहा बिना फायर की एनओसी लिए हो रहा अवैध निर्माण

**जन एक्सप्रेस फॉलो अप**

**कमलेश फाइटर**

**कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश में अग्निकांड की सबसे बड़ी घटना कानपुर नगर के बांसमंडी क्षेत्र में हुई थी। यहां उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी रेडीमेड मार्केट हफ्तों धूं धूं करके जली थी और इस घटना ने कहीं ना कहीं पूरे यूपी को शर्मशार कर दिया था क्योंकि महज दो तीन इमारतें थी जिनमें आग लगी थी लेकिन उनकी आग बुझाने के लिए हजारों दमकल की गाड़ियां लगा दी गई थीं उसके बाद भी जल्द आग पर नियंत्रण नहीं किया जा सका था इस अग्निकांड में एक गरीब अधेड़ की जान भी चली गई थी जो जिंदा इमारत के अंदर जल गया था। ज्ञातव्य हो कि कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक में स्थित बांस मंडी क्षेत्र में बनी रेडीमेड मार्केट में चार माह पूर्व आग लग गई थी। आग इतनी भयावह थी कि हफ्तों अग्निशमन विभाग की गाड़ियां इस आग पर काबू नहीं पा सकी थी। फायर विभाग की गाड़ियां पानी लेकर आती थी और थोड़ी ही देर में फिर से पानी लेने के लिए गाड़ियां भागती हुई दिखाई देती थीं सैकड़ो ऑफीसरों ने अपनी जान पर खेल कर किसी तरह आग पर काबू पाया था।





**केडीए के जिम्मेदारों की अनदेखी लेवाना जैसे बड़े अग्निकांड को दे रही दावत**

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

कमलेश फाइटर

श्री महावीर कॉम्प्लेक्स के साथ अन्य के निर्माण पर कब होगा एक्शन



### केडीए सचिव के सबसे बड़ी लापरवाही भ्रष्टाचार की आ रही बू

आपको बताते चलें कि कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन के प्रवर्तन प्रभारी केडीए सचिव हैं। लेकिन उनकी अनदेखी के कारण फिर से बांसमंडी क्षेत्र में मौत की ईमारते तैयार हो रही हैं। जिस रेडीमेड मार्केट में आग चार माह पूर्व लगी थी। इसी रेडीमेड मार्केट के ठीक पीछे के हिस्से में 15 से 20 फिट पीछे श्री महावीर कॉम्प्लेक्स के नाम से अवैध निर्माण कर लिया गया है। इसी से सटी हुई एक और इमारत तैयार हो चुकी है। ऐसी ही रेडीमेड मार्केट पहले भी बनी हुई थी और अग्निशमन विभाग के नियमों के विपरीत जाकर बनी मार्केट के कारण ही सब कुछ जलकर खाक हो गया था। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार ऐसी दर्जनों मारते हैं जिन्होंने एनओसी नहीं ली है। इसे साफ जाहिर होता है कि इसमें केडीए सचिव का बहुत बड़ा हाथ है जो प्रभारी होने के साथ-साथ उपाध्यक्ष के बाद खुद बहुत बड़े पद पर तैनात हैं।

# गरीबी का सामना कर रहे परिवारों के घर पहुंचीं राखी और मिठाइयां

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



ठाकुर दलीप सिंह जी के आदेशों का पालन करते हुए पर उपकारी सेवा समिति कानपुर के सेवादार गरीब नहीं अति गरीबी का सामना कर रहे परिवारों के घर राखी , मिठाइयों के साथ उपहार स्वरूप नए वस्त्र ले कर पहुंचे तो अति गरीब बहन रूबी गुप्ता जिसके पती विकलांग हैं अपनी क्रियाकर्म भी स्वयं नहीं कर सकते दो बेटियां ही हैं श्रीमति रूबी गुप्ता भी भीख मांग गुजर बसर करती हैं इसी तरह जाने कितने ही परिवारों ने ठाकुर दलीप सिंह जी द्वारा रक्षा बंधन पर उपहार स्वरूप प्यार पा बरबस आसु निकल आए सभी परिवारों ने ठाकुर दलीप सिंह जी का धन्यवाद किया कि हम जैसे गरीबों की भी सुध लेने को गुरु नानक देव जी ने भेजा। समिति के मनमोहन सिंह, पी. के.श्रीवास्तव, रजविंदर कौर,मथुरा सिंह आदि ने राखी बांधी व बंधवाकर खुशियां बांटी।



## औषधि वाटिका के शुभारम्भ के साथ ही औषधि के पौधों का रोपण

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शहर में बीते दिन शुक्रवार को प्रातः 12 बजे कोआपरेटिव इस्टेट कार्यालय परिसर में नव-निर्मित 'श्री कृष्ण गोपाल औषधि वाटिका' का शुभारम्भ चेयरमैन विजय कपूर, रिटायर्ड जस्टिस सुधीर कुमार, अरूण कुमार, गोलोक बिहारी, विक्रमादित्य के कर-कमलों से किया गया। चेयरमैन विजय कपूर की पर्यावरण संरक्षण की उत्कट अभिलाषा ने अपने कोआपरेटिव इस्टेट परिसर में कानपुर की एकमात्र औषधि वाटिका की अवधारणा को साकार रूप दिया है। कोपेस्टेट शिक्षा सदन में शिक्षारत छात्रों ने तिरंगा झण्डा लहराते हुए, अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत किया। इस औषधि वाटिका के शुभारम्भ के उपरान्त अतिथियों ने औषधि के पौधों का रोपण किया। इस दौरान विजय कपूर ने बताया कि इस औषधि वाटिका में सभी औषधियों के पौधे लगाये गये हैं, जो हमारे दैनिक जीवन में बहुत उपयोगी हैं, जैसे चन्दन, कपूरी तुलसी, ब्राम्ही, तेजपत्ता, मीठी नीम, पिप्पली, अजवाइन, पान, अपराजिता, लेमन ग्रास, शतावर, निर्गुंडी, हड़जोड़, लौंग, रूद्राक्ष, सुदर्शन, सर्पगन्धा, भृंगराज, जंगली लहसुन हमारे लिए औषधि के रुप में अमृत साबित होते हैं। संगोष्ठी में कोआपरेटिव इंडस्ट्रियल इस्टेट के चेयरमैन श्री विजय कपूर के साथ, वाइस-चेयरमैन सुरेश पुरी, हरीश ईसरानी, आर.पी. सिंह, विशाल खण्डेलवाल, दिनेश कुशवाहा, बसन्त लाल विश्वकर्मा, हरविन्दर सिंह लार्ड, अमित साहनी, बलराम नरूला, अरूण भाटिया, एन. के. गुप्ता, अजय गुप्ता, अनिल मल्होत्रा (गप्पू भइया), सुशील मोहन टकरू, प्रवीन पुरी, राशिद जमाल, सुनील वैश्य, मनोज बंका, हरमीत सिंह (टीटू भइया), नवीन मल्होत्रा, राम जसनानी, अनूप कुशवाहा, नरेश पंजाबी, सुशील मोहन टकरू, गुरविन्दर सिंह, अरूण जैन, श्याम लाल मूलचंदानी, प्रेमराज, पम्मी खन्ना, अवधपाल सिंह, भीमसेन, श्याम बिजलानी, मनोज अग्रवाल एवं बहुत से उद्यमी सदस्य व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्नातक के क्षेत्रीय अध्यक्ष पद की पुन: मिली जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्नातक संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरिओम शर्मा द्वारा अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्नातक के क्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष तिवारी को पुनः कानपुर क्षेत्र का क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। यह मनोनयन राष्ट्रीय महामंत्री योगेश सिंह सेंगर एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय की संस्तुति पर पूर्व कार्यकाल मे संगठन एवं स्नातकों के हित में उनके द्वारा किए कार्यों के देखते हुए किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष तिवारी ने राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियो को धन्यवाद देते हुए कहा कि क्षेत्र में जल्द नई कार्यकारिणी गठित कर सबको साथ लेकर स्नातकों, बेरोजगारों के हित में उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार दिलाए जाने की मांग सरकार से करेंगे व छात्र-छात्राओं, शिक्षकों कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, मीडिया कर्मियों के मूलभूत सुविधाओं के मुद्दों को उठाकर पूरा कराने का प्रयास करेंगे।

मनोनयन पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष प्रभात मिश्रा, देवर्षि दुबे, रतिकांत पाल, बी.एल.गुलाबिया, माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन के शिशिर अस्थाना, अरविंद कुमार सहित अन्य लोगों ने उन्हें पुनः क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दो दिन से लापता युवक का नाले में मिला शव



**जन एक्सप्रेस/बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील के थाना शिवराजपुर के अंतर्गत मानपुर गांव के निकट नाले में गांव के ही एक युवक का शव मिला। युवक दो दिनों से घर से लापता था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्रामीणों ने शराब के नशे में नाले में गिरने की आशंका जाहिर की है गुरुवार को थाना क्षेत्र मानपुर गांव निवासी अमरनाथ वर्मा का 23 वर्षीय पुत्र अजीत उर्फ मंगू मंगलवार शाम से घर से लापता था और परिवारिक जन लगातार युवक की तलाश कर रहे थे। इसी बीच गुरुवार दोपहर गांव के निकट नाले में युवक का शव देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस की मौजूदगी में युवक का शव नाले से बाहर निकलवाया गया। घटना की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के भेजा। ग्रामीणों की माने तो मृतक युवक शराब का लती था और नशे की हालत में नाले में गिर जाने से युवक की मौत हो गई। वहीं पुलिस के अनुसार परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### प्रेस क्लब के चुनाव 16 को ब्रह्मानंद कॉलेज में

**अपर पुलिस आयुक्त द्वारा परिचय पत्र वितरण 9 को**

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** कानपुर प्रेस क्लब का चुनाव 16 सितंबर को माल रोड स्थित ब्रह्मानंद डिग्री कॉलेज में संपन्न होगा। यह जानकारी देते हुए चुनाव संचालन समिति द्वारा एक एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया है कि पत्रकारों की मतदाता सूची का प्रकाशन 2 सितंबर को किया जाएगा। तदुपरांत 2 व 3 सितंबर को नामांकन फार्म का वितरण व 5 सितंबर को नामांकन फार्म जमा किए जाएंगे। सभी फार्मो की जांच 16 सितंबर को तथा 7 सितंबर को नामांकन पत्रों की वापसी होगी। अग्रिम चुनाव व्यवस्था के संचालन की रणनीति का निधरित करने के लिए 8 सितंबर को प्रेस क्लब में प्रत्याशियों की बैठक बुलाई गई है। जिसमें सभी प्रतिभागियों को निर्वाचन संबंधित नियमों से अवगत भी कराया जाएगा मतदान व्यवस्था के संपादन हेतु प्रशासन से समंजन स्थापित करने के लिए आज पत्रकारों के एक शिस्ट मंडल ने अपर पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी से भेंट की। पारस्परिक विचार विमर्श के उपरांत यह सुनिश्चित किया गया कि आगामी 9 सितंबर को अपराह्न 12-00 बजे प्रेस क्लब में चुनावी व्यवस्था से जुड़े साथियों को परिचय पत्र वितरित करें। शिस्ट मंडल में सतींद्र वाजपेई, नितिन तिवारी, ज्ञानेंद्र मिश्रा मोहम्मद इरफान आदि शामिल रहे।

### चलती ट्रेन से उतरने पर महिला की मौत, पति घायल

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शुक्रवार को कल्याणपुर रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन से उतरने पर एक महिला की मौत हो गई और महिला का पति घायल हुआ है। घटना देख राहगीरों की भीड़ लगने लगी। इस दौरान जीआरपी पुलिस ने महिला के शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना देने के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर फर्रुखाबाद पैसेंजर ट्रेन पर रईस उर्फ गुड्डू निवासी फर्रुखाबाद अपनी पत्नी तबस्सुम बेगम के साथ उपचार कराने जाने के लिए ट्रेन पर बैठे थे। कल्याणपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन धीरे-धीरे गति से रुक रही थी। इसी दौरान अफरा तफरी में रईस अपनी पत्नी के साथ चलती ट्रेन से उतर रहा था अचानक से तबस्सुम बेगम का पैर फिसलने से ट्रेन की चपेट में आने के कारण उसकी ही दर्दनाक मौत हो गई पत्नी को बचाने के चलते रईस के भी गंभीर चोटें आई हैं । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और पति को उपचार के लिए।

### चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शहर में थाना बाबूपुरवा क्षेत्र स्थित ट्रांसपोर्ट भवन के गार्डेन में एक व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। स्थानीय लोगों ने जब गार्डेन के बीच लहूलुहान शव को देखा तो पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर पूंछतांछ करने की बात कह रही है। मिली जानकारी के अनुसार मुंशीपुरवा निवासी (40) संतोष कुमार ऊर्फ कलाकार पेंटर का काम करता था। उसके परिवार में पत्नी अंजली, बेटी गुनगुन, सानवी और बेटा लकी हैं। संतोष की नशेबाजी से परेशान होकर पत्नी और बच्चों ने उसे छोड़ दिया। पत्नी व बच्चे करीब चार साल से उससे अलग रह रहे थे। बताया जा रहा है कि नशे की लत से ही संतोष ने अपना मकान भी बेच दिया था। वह बाबूपुरवा थाने के सामने यूपी ट्रांसपोटर्स एसोसिएशन के भवन परिसर में चौकीदार अशोक और भाटे के साथ रहता था। शुक्रवार को उसका शव नग्नावस्था में गार्डेन की क्यारियों के बीच में मिला। यह देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और एडीसीपी दक्षिण अंकिता शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और छानबीन की।

## आईएमए की चुनावी प्रक्रिया शुरू 24 को मतदान

* सोशल मीडिया पूर्ण प्रतिबंध, सद्भाव को सर्वाधिक प्राथमिकता

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**




इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की कानपुर शाखा का वार्षिक चुनाव 24 सितंबर को यदि आवश्यकता पड़ी तो कराया जाएगा। प्रत्याशीगण न तो घर-घर वोट मांगेंगे और ना ही उनके समर्थक फोन से प्रचार कर सकेंगे। प्रत्याशी का सिर्फ एक बैनर ही लगेगा चुनाव से पूर्व जारी की गई नियमावली का उल्लंघन करने पर नामांकन भी निरस्त किया जाना संभव है। यह जानकारी देते हुए चुनाव संचालन समिति के चेयरमैन डॉक्टर अवध दुबे,सचिव डॉक्टर ए सी अग्रवाल, डॉक्टर आर पी एस भारद्वाज, डॉक्टर राकेश चंद्रा व डॉक्टर योगेश टंडन ने बताया कि संगठन की चुनावी प्रक्रिया की शुरुआत नामांकन पत्रों की बिक्री के साथ आरंभ हो चुकी है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर पंकज गुलाटी व सचिव डॉक्टर अमित सिंह गौर के अनुसार अध्यक्ष, महामंत्री, वित्त सचिव, वैज्ञानिक सचिव, संपत्ति सचिव, पुस्तकालय सचिव, सांस्कृतिक सचिव, क्रीड़ा सचिव, व चार उपाध्यक्ष के अलावा कार्यकारणी के 45 सदस्यों का चुनाव किया जाना है। जिन पदों पर चुनाव करने की आवश्यकता पड़ेगी। उन सीटों पर बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में मतदान कराया जाएगा। पूर्ण कल की भांति इस वर्ष भी एवं द्वारा कराए जाने वाले चुनाव में पारिवारिक सद्भाव का पूरा ध्यान रखा जाएगा। चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों की अंतिम सूची 12 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी। संचालन समिति के अनुसार सभी प्रत्याशी एसएमएस कर सकेंगे। सभी संदेशों की कड़ाई से जांच भी कराई जाएगी मतदान स्थल पर प्रत्याशी का अभिकर्ता नहीं रह सकेगा। संपूर्ण चुनावी कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। संपूर्ण चुनाव व्यवस्था का संचालन आई एम ए कार्यालय से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नित्य प्रातः 10:00 बजे से सायं कल 5:00 बजे तक किया जाएगा। मशीन द्वारा कराए गए चुनाव का परिणाम मतदान के समापन के अधिकतम 45 मिनट के बाद आ जाएगा। संचालन समिति ने सभी 2268 सदस्यों से पहले मतदान फिर जलपान की अपील भी की है। एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष व महामंत्री द्वारा चुनाव के दौरान सोशल मीडिया के प्रयोग पर पूरी तरह अंकुश लगाया गया है। आचार संहिता 23 अगस्त से लागू की जा चुकी है।सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से पूरी कार्यवाही रिकॉर्ड की जाएगी।

## सेवा बस्ती के बंधुओं के हाथों में बांधा रक्षा सूत्र

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



समाज के हर वर्ग के लोगों को जानने, समझने एवं उनके साथ जुड़ने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वर्ष पर्यंत 6 उत्सव मनाता है । इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दामोदर नगर,कानपुर दक्षिण द्वारा सेवा बस्ती सी ब्लॉक विश्व बैंक में सेवा बस्ती के बंधुओं को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लेते हुए रक्षा बंधन उत्सव संपन्न किया गया। इस अवसर पर डॉ. विवेक, सुशील, श्यामनारायण, आनद, रविकरण, सुरेन्द्र, संजय एवं अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## किसान वर्षा के समय नत्रजन धारी उर्वरकों का करें प्रयोग: डॉ. अजय कुमार सिंह

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनन्द कुमार सिंह द्वारा जारी निर्देश क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के प्रभारी एवं फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ.अजय कुमार सिंह ने इस मौसम में धान की फसल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मौसम में धान की फसल में कई रोग आते हैं जिनके कारण धान की फसल का उत्पादन प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि इस वातावरण के उतार-चढ़ाव के कारण धान की फसल में लीफ ब्लास्ट, कालर ब्लास्ट, नोड ब्लास्ट, नेक ब्लास्ट, शीत ब्लाइट एवं बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट जैसी गंभीर रोगों के आने की संभावना ज्यादा रहती है। उन्होंने बताया कि इन रोगों के आ जाने से पत्तियों, तनो, गांठों एवं धान के दानों में काला रंग पड़ जाता है जिससे पौधों का पूरा हरा भाग काला सा दिखने लगता है। और धान में दाने भी नहीं बन पाते है। उन्होंने रोगों के नियंत्रण के बारे मे बताते हुए कहा कि किसान वर्षा के समय नत्रजन धारी उर्वरकों का प्रयोग अधिक न कर पोटेशियम उर्वरक की मात्रा सामान्य मात्रा से थोड़ा अधिक बढ़ाकर प्रयोग करें तथा घने पौधों को बाहर निकाल दें। यदि रोग नियंत्रण में ना हो तो किसी भी कवकनाशी दवा जैसे कम्पैनियन मिक्सर या कंबोसेफ मिक्सर का 1.5 मिलीलीटर मात्रा 1 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव कर दें। रोग की अधिकता होने पर 8 से 10 दिनों के अंतराल पर छिड़काव करते रहें। उन्होंने किसानो को अपने धान की फसलों की निगरानी करते रहने व फसल पर रोग के लक्षण दिखाई पडने पर तुरंत दवा डालने की सलाह दी जिससे धान की फसल से स्वस्थ व गुणवत्ता युक्त उत्पादन किया जा सके।



## दिवंगत अधिवक्ता के परिजनों को एक करोड़ रूपया मुआवजा देने की मांग

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शुक्रवार को हापुड़ और गाजियाबाद कांड के विरोध में वकीलों ने अधिवक्ता मार्च निकाल अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने की मांग की है। इस दौरान आरोप लगाया कि पुलिस तानाशाह हो चुकी है और अपराधियों में पुलिस का खौफ तनिक भी नहीं है। अधिवक्ताओं के हित में संघर्ष जारी रहेगा। लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष पंडित रवीन्द्र शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्तागण बार एसोसिएशन गेट पर एकत्र हुए। वहां से अधिवक्ता सम्मान के खातिर, हम सब मिलकर साथ चलेंगे, अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करो लागू करो आदि नारे लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। रवीन्द्र शर्मा ने कहा कि हापुड़ में पुलिस का अधिवक्ताओं पर जानलेवा हमला न्यायव्यवस्था पर हमला है जिसमें तमाम अधिवक्ता और महिला अधिवक्ता घायल हुई। ये पुलिसिया बर्बरता का प्रमाण है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जगह अधिवक्ताओं के खिलाफ ही एफआईआर लिखा जाना अत्यंत निंदनीय है। हापुड़ कांड के दोषियों पर कार्रवाई न होने से अपराधियों के हौसले बुलंद हुए और उन्होंने गाजियाबाद में अधिवक्ता मनोज चौधरी की न्यायालय परिसर के चेंबर में घुसकर हत्या कर दी। मुख्यमंत्री द्वारा तत्काल हत्यारों के विरुद्ध त्वरित न्याय के आधार पर कठोरतम कार्रवाई करते हुए दिवंगत अधिवक्ता के परिजनों को एक करोड़ रूपया मुआवजा दिया जाये। जिलाधिकारी की प्रतिनिधि तनु प्रिया ने मुख्यंमंत्री को संबोधित प्रतिवेदन प्राप्त किया। इस दौरान बृज नारायण निषाद, पवन अवस्थी, रविन्द्र भूषण सिंह, मधुर साहू, सचिन अवस्थी, अविनाश कुशवाहा, संजीव कपूर आदि शामिल रहे।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में टाइफाइड व वायरल फीवर का कोहराम

* बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नहीं पहुंच रहे स्वास्थ्य विभाग की टीम

**जन एक्सप्रेस | सनी राव मोघे**



**कानपुर नगर।** कटरी क्षेत्र में बाढ़ के बाद चारों ओर गंदगी ही गंदगी है। जिलाधिकारी के लाभ प्रयासों के बाद भी ब्लॉक के सफाई कर्मचारी अभी तक क्षेत्र में सफाई करने नहीं पहुंचे हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में कहीं-कहीं अभी भी गंगा का पानी भरा हुआ है जिसकी वजह से खतरनाक बीमारियां उत्पन्न हो रही है। ख्यौरा कटरी के बाढ़ प्रभावित गांवों में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। बाढ़ के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम दो से तीन दिन ही गांव में गई है। ख्यौरा कटरी के पूर्व प्रधान अशोक कुमार निषाद व रवि कुमार निषाद ने बताया की वर्तमान समय में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सफाई कर्मचारी सफाई करने नहीं आ रहे हैं। जबकि जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों व ब्लाक के अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया था कि बाढ़ के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। दो-चार दिन तो बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के गांव में चुनाव डलवाया गया लेकिन कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव ना होने की वजह से वायरल फीवर के साथ-साथ टाइफाइड के मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। साथ ही साथ छोटे बच्चों में खुजली की बीमारी की भी भरमार है। समझने वाली बात यह है कि आखिर जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मरीजों का इलाज करने क्यों नहीं पहुंच रही है।

# शिक्षा चौपाल कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियां संपन्न

### शिक्षा से ही होता है बच्चों का भविष्य उज्जवल: ई ओ

जन एक्सप्रेस। अमेठी



कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला तिलोई अमेठी में शुक्रवार को शिक्षा चौपाल का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम किशन कश्यप खण्ड शिक्षा अधिकारी व राज किशोर सिंह जिलाध्यक्ष सीनियर बेसिक शिक्षक अमेठी की अध्यक्षता में हुआ। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजन-अर्चन किया गया। प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। विद्यालय के बच्चों को द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, भाव नृत्य, यौगिक गीत, पिरामिड, पर्यावरण संरक्षण पर एकांकी व जिम्नास्टिक्स कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। शिक्षा चौपाल में उपस्थित अभिभावकों से समस्त विभागीय परियोजनाओं, कायाकल्प, डीबीटी, व सामुदायिक सहभागिता पर विशेष चर्चा, परिचर्चा की गयी। शशि कुमारी सिंह नोडल शिक्षिका ने कार्यक्रम ने शिक्षा चौपाल के उद्देश्य व महत्व पर विस्तार से अवगत कराया। एआरपी बृजेश कुमार सिंह, माधवेन्द्र प्रताप सिंह व शोभा शरन ने भी अभिभावकों को विभागीय गतिविधियों व योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में सुनील सिंह- अध्यक्ष, रमाकांत मौर्य महामंत्री, डा.अवधेश शर्मा- संयुक्त मंत्री, महेंद्र प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष ने अपने विचार रखे। अमिता जायसवाल ने निपुण भारत पर स्व रचित गीत के माध्यम से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की मिशाल रक्षा बन्धन कार्यक्रम भी बच्चों के द्वारा सम्पन्न कराया गया। राखियों का निर्माण पल्लवी श्रीवास्तव, सरिता सिंह व प्राची श्रीवास्तव ने बच्चों के द्वारा कराया गया था। बच्चों के कार्यक्रम रजिया बानो व सुचित्रा सती की देखरेख में सम्पन्न हुआ। खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप ने शिक्षा चौपाल कार्यक्रम कराने के लिए प्रधानाध्यापक व समस्त स्टाफ की प्रशंसा किया। बच्चों के सुन्दर व अच्छे कार्यक्रम के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं की सराहना किया। पर्यावरण की शुद्धता से परिपूर्ण हरा-भरा विद्यालय परिसर व सुन्दर विद्यालय व बच्चों के अनुशासन व शिष्टता को भी सराहा। अभिभावकों से बताया उत्तर प्रदेश सरकार डी बी टी के माध्यम से आप सबके खाते में रूपये 1200 भेज रही है। जिसमें से दो जोड़ी यूनीफॉर्म, जूता, मोजा, स्वेटर, बैग व स्टेशनरी क्रय करना है, जिसे पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। आप सबको विद्यालय में सहयोग करते हुए, अपने व पड़ोस के बच्चों को शत प्रतिशत - नामांकन कराकर नियमित स्कूल भेजना है। शिक्षा से ही बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में वृक्षारोपण भी किया। प्रधान ताज बानो पत्नी मो. अशरफ की भी कायाकल्प से कराये गये कार्यों की सराहना किया।अन्त में शिक्षकों को रक्षा बन्धन की शुभकामनाएं व बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया। राज किशोर सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में बच्चों को नियमित उपस्थिति देने व अभिभावकों से विद्यालय को सामुदायिक सहभागिता देने की अपील की, और प्रेरणा गीत के माध्यम से बच्चों का उत्साह वर्धन किया। प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी ने कार्यक्रम में आये हुये समस्त अतिथियों का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

## एसपी ने ली परेड की सलामी...

# मेस, शस्त्रागार, क्वार्टर गार्ड समेत परिवहन शाखा का किया निरीक्षण

### यूपी 112 वाहनों का भी किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। अमेठी

शुक्रवार को अमेठी के रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी ने परेड की सलामी ली।इस दौरान एसपी द्वारा पुलिस लाइन में स्थित क्वार्टर गार्ड परिवहन शाखा स्टोर रूम,कैश कार्यालय मेस बैरक का निरीक्षण कर रख रखाव और साफ सफाई का निर्देश दिया गया। एसपी ने पुलिस लाइन में ही जिले की सभी यूपी 112 वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी शुक्रवार की सुबह अमेठी कस्बे के ककवा रोड पर स्थित रिजर्व पुलिस लाइन पहुँचे। जहाँ उन्होंने परेड की सलामी ली। इस दौरान एसपी द्वारा बैरक, मेस, क्वार्टर गार्ड, परिवहन शाखा, कैश कार्यालय और शस्त्रागार का भी निरीक्षण किया गया। और साफ सफाई रखने के निर्देश दिए गए। और जिले की सभी यूपी 112 गाड़ियों का भी निरीक्षण किया गया। उपकरणों को सुव्यवस्थित रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।परेड में एकरूपता और अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल व व्यायाम करवाया गया।एसपी ने पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने के लिए सम्बन्धित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी द्वारा मेस में पुलिसकर्मियों के लिए बनाए जा रहे भोजन को भी चेक किया। इस दौरान पुलिस लाइन में तैनात प्रतिसार निरीक्षक सीओ गौरीगंज मयंक द्विवेदी समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



## अधिवक्ता न्यायिक प्रक्रिया के महत्वपूर्ण अंगः जिलाधिकारी

# डीएम-एसपी ने बार एसोसिएशन के साथ की बैठक

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिवक्ताओं के साथ कानून व्यवस्था को लेकर बैठक किया। न्यायिक प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से यह बैठक महत्वपूर्ण रही। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा की अधिवक्ता न्यायिक प्रक्रिया के एक महत्वपूर्ण अंग हैं।

अधिवक्ताओं से अनुरोध करते हुए कहा कि न्यायिक प्रक्रिया अथवा उनके कार्य क्षेत्र में यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या आती है,तो वह प्रशासन को अवगत करायें। जिसका ससमय निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्याय के लिए आए हुए पीड़ित आमजन को न्याय दिलाने में अधिवक्ता अपनी सकारात्मक भूमिका निभाते हुए समय से न्याय दिलाने में सहयोग करें। जिससे न्यायालय में लंबित प्रकरण समय से निस्तारित हो सकें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंजलि सिंह, जिला बार एसोसिएशन एवं सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## हाईवे पर घटनाओं का सिलसिला बदस्तूर जारी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** लखनऊ से वापस प्रयागराज जा रहे कार सवार के सामने आवारा पशु सामने आस जाने से कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी जिससे कार में बैठे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये जिसमें से एक की हालत नाजुक बनी हुई है। हरचन्दपुर थाना क्षेत्र के गुलूपुर स्थित केटीएल के पास की यह घटना है। घटना के मौके पर पहुंचे चैकी इंचार्ज गुलूपुर ने सभी लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया। इसी क्रम में दूसरी घटना लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर भीषड़ हादसा हुआ, रक्षाबंधन का त्योहार मना कर घर वापस आ रहे बाईक सवार परिवार को रोडबेज बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, बस की टक्कर से बाईक में बैठी डेढ़ वर्ष के मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी वहीं मां बांप व एक मासूम बच्चा सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

## अमृत वाटिका एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भव्य प्रतीक बनेगी: शंकर गिरि

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

भाजपा प्रदेश मंत्री शंकर गिरि ने कहा मेरी माटी - मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश के माध्यम से हर घर व पंचायत से मिट्टी तथा हर नगरीय वार्ड से एक चुटकी चावल एकत्रित किया जाएगा। प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनाई जायेगी। इसके बाद अमृत कलश को ब्लॉक मुख्यालय फिर वहां से लखनऊ तत्पश्चात दिल्ली पहुंचाया जाएगा। इस मिट्टी से दिल्ली के नेशनल वार मेमोरियल के समीप 'अमृत वाटिका' का निर्माण किया जाएगा। ये 'अमृत वाटिका', एक भारत-श्रेष्ठ भारत का' भव्य प्रतीक बनेगी। भाजपा कार्यालय पर आयोजित जिला बैठक में प्रदेश मंत्री शंकर गिरि ने कहा जनपद स्तर पर भारतीय जनता पार्टी मेरा माटी - मेरा देश अभियान को धूमधाम से मनाएगी। सितम्बर व अक्टूबर में पंचायत,ब्लॉक एवं जिला स्तर पर कई कार्यक्रम होंगे। जिसमें जनभागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष डा.आरए वर्मा ने मेरी माटी - मेरा देश कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा 2-3 सितंबर को मण्डलों की बैठक ब्लाक मुख्यालय पर होगी। ग्राम सभाओं व नगरीय वार्डों की योजना बैठक 5-6 सितम्बर को होगी। ग्राम/वार्ड स्तर पर संयोजक एवं दो सहसंयोजक बनाए जाएंगे। 8 से 13 सितंबर के बीच ग्रामों/वार्डों के सभी कार्यक्रम संपन्न होंगे। 3 से 13 अक्टूबर के बीच ब्लॉक स्तर पर अमृत कलश को एकत्रित किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक में सामूहिक रूप से सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रम संपन्न होंगे।

# जिला कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



सहकारिता आंदोलन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने हेतु जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला को ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक बचत भवन सभागार में हुई। इस बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बी-पैक्स की आदर्श और बहुउद्देशीय एवं बहुआयामी स्तर को अपनाये जाने की प्रगति पर समीक्षा की गयी। बी-पैक्स बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समितियों के खोले जाने की योजनाएं है।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में नए बहुउद्देशी पैक्स, प्राथमिक डेयरी, मत्स्य पालन सहकारी समितियां गठित करने का लक्ष्य पूरा किया जाए। साथ ही जनपद में एफपीओ का गठन करके उन्हें मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि बि-पैक्स गैस एजेंसी, रिटेल पेट्रोल एवं डीजल आउटलेट इत्यादि खोलने के लिए अधिकृत है।

योजना का लाभ देने के लिए पैक्स को चयनित किया जाए। उन्होंने कहा कि साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जन औषधि केंद्र खोले जाएं और प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र प्रारंभ करके उसे प्रोत्साहित किया जाए। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत पंचायत स्तर पर हरित ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाए। इसके संबंध में एआर कोऑपरेटिव सुरेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि जनपद में बी-पैक्स की आदर्श उपविधियों को अपना लिया गया है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 37 बी- पैक्स के सापेक्ष 37 में हार्डवेयर उपलब्ध कराए जा चुका है तथा इंस्टॉलेशन भी कर लिया गया है। एआर कोऑपरेटिव ने जिलाधिकारी को बताया कि विकेन्द्रीकृत खाद्यान्न भंडारण योजना में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बी-पैक्स के चयन की प्रक्रिया चल रही है। क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा चयनित एफपीओ से समझौता कराया जा चुका है और गैस एजेंसी, रिटेल पेट्रोल एवं डीजल आउटलेट इत्यादि खोलने के प्रस्ताव पर बोर्ड से जवाब मांगा गया है। बी-पैक्स में जन औषधि मऊ, उमरन, गौरा, हरदो, शिवगढ़, मीठापुर बढ़या में खोले जाने का प्रस्ताव है। 160 पैक्स उर्वरक ऋण वितरण का कार्य किया जा रहा है। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत विकासखंड डलमऊ की घुरवारा बी-पैक्स एक किलोवाट का सोलर पैनल लगा है जिससे कंप्यूटर एवं अन्य उपकरण संचालित होते हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भारतीय सामग्री प्रबंधन समिति संस्थान की नई कार्यकारिणी टीम की गयी गठित

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** भारतीय सामग्री प्रबंधन समिति संस्थान का वार्षिक लेखा-जोखा बटोही सिविल लाईन, बरगद चैराहा में सम्पन्न हुआ, जिसमें संस्थान के आय-व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया गया जो सर्वसम्मत् से प्राप्त हुआ तथा 2023-25 के नयी कार्यकारिणी गठित निर्विरोध चुने गये, जिसमें निम्न पदाधिकारी शपथ लिये जिसमें चेयरमैन निपेन्द्र कुमार, उप चेयरमैन डा0 एस0 यू0 खान, नेशनल कान्सीलर सपन कुमार बन्दोपाध्याय व यू0 सी0 त्रिपाठी, सेकेटरी अविनाश चन्द्र, टेजरार अशोक कुमार सिंह, ऐक्जीक्यूटिव मेंबर एस0 सी0 शुक्ला, एस0 के0 त्रिवेदी व आशीष जायसवाल, कोआपट ऐक्जीक्यूटिव उमाशंकर यादव व रामकुमार शुक्ला रहें। चुनाव अधि0 कैलाशनाथ, चेयरमैन कानपुर ब्रान्च द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस आयोजन में रायबरेली के करीब 50-60 गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### ओवरब्रिज निर्माण में प्रयुक्त होने वाले 38 अदद् चोरी के गार्टर सहित 02 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत शुक्रवार को थाना मिलएरिया पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या-406/2023 धारा-379,411 भादवि से सम्बंधित अभियुक्तगण 1-बृजेश कुमार पुत्र रामकुमार, 2-सर्वेश कुमार निवासीगण ग्राम खोर पोस्ट हरदासपुर थाना मिलएरिया जनपद रायबरेली को ओवरब्रिज निर्माण में प्रयुक्त होने वाले चोरी के 38 अदद गार्टर व घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी वाहन संख्या-यूपी 33सीटी1620 के साथ के साथ थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर जायस रोड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया हैं। अभियुक्तों के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना गवर्निंग बॉडी की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की गवर्निंग बॉडी की बैठक बचत भवन सभागार में हुई। बैठक में इस योजना के अंतर्गत सभी एजेंडों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित लाभार्थियों से इस योजना के संबंध में उनके अनुभव जाने। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो लोग भी इस योजना से लाभ लेना चाहते हैं उन्हें आसानी से सभी कागजी कार्यवाही पूरी करके योजना से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ नए और पुराने दोनों लाभार्थियों को मिलना चाहिए।

**अदालती सूचना**

**सम्मन वास्ते करारवाद**
**उमू तनकीह तलब**
**आर्डर-5 कायदा-1 व 5**
**न्यायालय अपर सिविल जज**
**(जू0डि0), कक्ष सं0-48, लखनऊ**
मूलवाद सं0 : 2375/2021
तारीख पेशी- 26.09.2023
**दुर्गेश सिंह आदि**
**बनाम**
**जगन्नाथ प्रसाद आदि**

1- दुर्गेश सिंह उम्र बालिग पुत्र स्व0 जगत नारायण सिंह आदि निवासीगण-ग्राम-सरसवाँ पोस्ट-अर्जुनगंज थाना- अंसल ए0 पी0 आई0 सुल्तानपुर रोड तहसील-सरोजनी नगर जनपद - लखनऊ।
.....वादीगण
बनाम
1- जगन्नाथ प्रसाद उम्र बालिग पुत्र शीतला प्रसाद निवासी- अर्जुनगंज पोस्ट-अर्जुनगंज जनपद-लखनऊ।
.....प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपको नाम से एक नालिश बाबत **बैनामा शून्य घोषित करने एवं निरस्तीकरण की डिक्री जारी किये जाने हेतु** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख माह **26/09/2023 ई0 बवक्त 10 बजे** दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफ कार किया गया है और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हो बयान तहरीर दिनांक 26.09.2023 को दाखिल करें।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।
मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख 24.07.2023 ई0 को जारी किया जाय।
-मोहर अदालत

## दो चक्का वाहन चालकों को हेल्मेट पहना कर फिर कभी ऐसा ना करने की दिलाई कसम

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

नगर क्षेत्र की यातायात व्यवस्था पर जब भी बात होगी, तो पूर्व टीएसआई अनूप सिंह के बगैर बात अधूरी मानी जाएगी। भले ही अनूप सिंह को शाहगंज चौकी की जिम्मेदारी मिल गई है, परंतु अभी भी प्रभारी यातायात छोटेलाल उनसे और बेहतर कैसे व्यवस्था बनाई जाए इसके लिए टिप्स ले रहे है। चौकी प्रभारी शाहगंज के द्वारा सुझाए जा रहे फार्मूले का नगर की यातायात व्यवस्था में असर दिखाई दे रहा है। टीएसआई छोटेलाल ने बताया कि शहर के कुछ ऐसे प्वाइंट है, जहां ट्रैफिक व्यवस्था सुचार रुप से चलाने में लगातार खड़े रहकर काम करना होता है। इसलिए डीएम चौराहे से दिवानी होते हुए आगे का मार्ग अवरूद्ध ना हो इसके लिए सभी टीएसआई को मुस्तैद करते हुए यातायात व्यवस्था का सही संचालन के लिए निर्देशित किया गया है। टीएसआई छोटेलाल ने बताया की मैं स्वयं नगर के सभी चौराहे पर पहुंचकर व्यवस्थाएं देख रहा हूं, उन्होने बताया कि दो चक्का वाहन चालक यात्रा के दौरान हेल्मेट हांथों में या बाईक पर टांगकर चलते है।

# अमहट में बन रहा है विश्व का सबसे ऊँचा अलम

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

गंगा जमुनी तहजीब व अमन शन्ति का प्रतीक विश्व का सबसे ऊॅचा अलम सुलतानपुर के चर्चित ग्राम अमहट में बनाया जा रहा है, जिसकी चर्चा देश विदेश में की जाती है। इस अंदाज का पहला अलम जर्मन में बनाया गया था, जिसकी ऊॅचाई 45फिट थी, दूसरा पाकिस्तान के लाहौर में बनाया गया था जिसकी ऊॅचाई 50फिट थी, तीसरा अलम भारत मे उत्तर प्रदेश के जनपद सुलतानपुर के चर्चित ग्राम अमहट में पहली बार 2010में बनाया गया था जिसकी ऊॅचाई 60फिट थी।अब यह अलम हुसैनिया नौतामीर अमहट के सामने अंजुमन असगरिया अमहट की तरफ से 110फिट ऊॅचा अलम लोहे के मीनार पर बनाया जा रहा है, जो विश्व के सबसे ऊॅचे अलम के नाम से प्रसिध्द है जिसकी जियारत 2 सितम्बर को रात मे होगी। शब्बेदारी व 18बनी हाशिम के शबीह ताबूत के जुलूस के मौके पर करायी जायेगी जिसमें सुलतापुर के अलावा अन्य जनपदों के लोग भी भाग लेते हैं। याद रहे आज से1400 साल पहले करबला के मैदान में जब यजीद इंसानियत का कत्ले आम करके इंसानियत को मिटाना चाह रहा था तो मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम नेअपने अलम को बुलंद करके अपनी शहादत पेश करके अमन और शान्ति की अपील की थी और भारत देश में आने की तमन्ना की थी उसी याद में हम लोग भी अलम बुलंद करके सारी दुनिया से अमन शान्ति की अपील करते हैं यह जानकारी हैदर अब्बास खॉ अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिऐशन सुलतानपुर ने दी है।

# डीएम ने नव निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज का किया आकस्मिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



डीएम जसजीत कौर ने नव निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज दूबेपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एकेडमिक ब्लॉक, बॉयज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल, प्रधानाचार्य कक्ष, डाइनिंग ब्लॉक, मल्टीपरपज हॉल, ऑटोप्सी, बाउण्ड्रीवाल का निरीक्षण किया। डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में प्रगति लाते हुए समयान्तर्गत कार्य पूर्ण करें और साथ ही साथ बिजली पानी, कनेक्शन सहित अन्य कार्य में अभी से प्रगति लाते हुए कार्य ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में प्रगति लाते हुए शेष निर्माण कार्य जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराना सुनिश्चित करें। कार्यदायी संस्था के अधिशाषी अभियन्ता ने अवगत कराया कि मेडिकल कालेज के भवन का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। फिनीशिंग का कार्य प्रगति पर है। सितम्बर, 2023 के मध्य तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित कार्यदायी संस्था से जानकारी प्राप्त की गयी। कार्यदायी संस्था द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि अतिरिक्त श्रमिक लगाकर कार्य में प्रगति लायी जा रही है। उन्होंने बताया कि एकेडमिक ब्लॉक, बॉयज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल, और स्टाफ क्वार्टर का कार्य प्रगति पर है। राजकीय मेडिकल कालेज दूबेपुर की सम्पूर्ण भौतिक प्रगति लगभग 70.20 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को कार्य में प्रगति लाये जाने तथा कार्य को ससमय पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया।

## स्कूल की जमीन पर भूमामियाओं ने किया कब्जा, मुख्यमंत्री से शिकायत

जन एक्सप्रेस। बल्दीराय/सुल्तानपुर

जिले में अभी तक बंजर, ग्राम समाज आदि जैसी भूमि पर ही भूमाफिया कब्जा करते थे,पर बल्दीराय तहसील क्षेत्र के इसौली गांव स्थित नवीन राजकीय हाईस्कूल के सामने की जमीन पर भूमाफिया सहजादे उर्फ इमरान ने जबरन जुताई कर स्कूल का रास्ता अवरुद्ध कर कब्जा कर रखा है।जिससे स्कूल आने-जाने परेशानी हो रही है। स्कूल में हो रहा बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य को भी इन दबंगों द्वारा रोक दिया है। गांव के ही समसुज्मा ने सरकारी भूमि की गाटा संख्या 1492,1493 व 1510 पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है।मोहम्मद अलीम,मोहम्मद नईम व मोहम्मद कलीम द्वारा गाटा संख्या 445,446,650,679 व 962 पर अवैध कब्जा कर लिया है और उसमें लगे दर्जनों पेड़ो का काट कर उठा ले गये। जिसे कब्जा मुक्त करवाने के लिए पूर्व जिला पंचायत सदस्य शाकिर अब्बास ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है।

बल्दीराय थाना क्षेत्र के इसौली गांव स्थित नवीन राजकीय हाईस्कूल की जमीन पर गांव के दबंगों ने जोतकर कब्जा कर रखा है। इसकी पूर्व जिला पंचायत सदस्य शाकिर अब्बास ने मुख्यमंत्री से लिखित शिकायत की थी। इसके बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।इस संबंध में एसडीएम विदुषी सिंह ने कहा विद्यालय की जमीन पर जिन लोगों ने कब्जा कर रखा है। उन सभी से स्कूल की जमीन कब्जा मुक्त करा कार्रवाई की जाएगी।

G20
**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / टीआरडी / हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी-9-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-23 |
| 2 | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के वाराणसी में बची हुई वाशिंग लाइनों (3 लाइनों) का विद्युतीकरण के लिए 25 केवी सिंगल फेज ओएचई की डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | रू० 1,40,26,608.39 |
| 4 | बयाना राशि | रू० 2,20,100/- |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 25.09.2023 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद |
| 7 | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन |
| 8 | उत्तर रेलवे की बेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की बेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

9 पात्रता मापदण्डः निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करताः 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए, जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। 2 निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अन्तिम दिन तक), 'कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो' या 'कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो' या 'कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो'। एक समान कार्य की परिभाषा होगीः Similar work means design, supply, erection testing & commissioning of 50 Hz, single phase 25 kV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।

नोटः इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण बेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। सं०: टीआरडी -9-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-23 दिनांक 30.08.2023 2715/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

**18 जिलों में अटल आवासीय विद्यालय योजना शुरू: सीएम ने छात्रों को दिए एडमिशन किट**

# श्रमिक राष्ट्र का निर्माता: सीएम योगी



* विद्यालय से निकला छात्र स्ववलंबी आत्मनिर्भर बने

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में शुक्रवार को सीएम योगी ने 18 मंडल में चल रहे अटल आवासीय विद्यालय के छात्रों को एडमिशन किट बांटा। इनमें वह बच्चे थे। जिनके अभिभावकों की कोरोना के दौरान मौत हो गई थी। सीएम ने बच्चों से परिजनों के बारे में जानकारी ली।

### बाल सेवा योजना शुरू

सीएम योगी ने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय पहले चरण मे 18 कमिश्नरी में शुरू हो रहा है। कोरोना काल मे जिन बच्चों ने अभिभावक को खोया है। उनके लिए बाल सेवा योजना शुरू की। उन्हें भी इसमें प्रवेश दिया जाएगा।

### आदमी न बड़ा होता है न छोटा होता है

सीएम ने कहा कि अटल जी कहा करते थे, आदमी न बड़ा होता है न छोटा होता है, आदमी सिर्फ आदमी होता है। श्रमिक राष्ट्र का निर्माता है, अपनी मेहनत पसीने से राष्ट्र के निर्माण मे सहयोग देता है, लेकिन उसकी जिंदगी खाना बदोश होती है। आज यहां कल कही और होगा। उसके पीछे उसके बच्चे भी ऐसे ही सफर करते है। उनके बच्चों के लिए ये अटल आवासीय विद्यालय होगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय से निकला छात्र 6 साल बाद जब बाहर निकलेगा। वह एक स्ववलंबी आत्मनिर्भर होकर निकले। यही लक्ष्य है। हमको लकीर का फकीर नही बनना है। सबसे बड़ी समस्या है कि हर व्यक्ति दूसरे पर निर्भर हो जाता है। सरकार संस्थान तो निर्माण करवा देती है, सुविधा देती है,लेकिन उसका उपभोग करने वाले पानी की टोंटी बंद नही करते। सीएम ने कहा कि बिल्डिंग बहुत भव्य बनी हो, लेकिन उसकी देख-रेख,रख रखाव के लिए जिम्मेदारी होनी चाहिए। भवनों पर पेड़ उग आते है। ऐसे ही भवन खंडहर हो जाते है। आप अच्छा करेंगे तो लोगो के सामने उदाहरण स्थापित होगा। शैक्षिक कैलेंडर वर्ष के पहले जारी हो जाना चाहिए।

### 57 जिलों में खुलेगा आवासीय विद्यालय

सीएम ने कहा कि अगले चरण में 57 जिलों में आवासीय विद्यालय का निर्माण होगा। इसमें सामान्य बच्चों का भी प्रवेश किया जायेगा।आपका चयन निष्पक्ष शुचिता पूर्ण तरीके से हुआ है। इसी अपेक्षा के साथ आप को भी अपनी सेवा देनी होगी। अटल आवासीय विद्यालयों में एडमिशन सेशन के दौरान 1440 बच्चों को एडमिशन किट दिया गया। कुल 80 स्टूडेंट्स को एडमिशन देने के लिए हर स्कूल में दो सेक्शन होंगे। इस विद्यालय का मकसद वंचित और गरीब बच्चों को उनके समग्र विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना। जिससे की बोर्डिंग स्कूलों में बेहतर शिक्षा दी जा सके।

### छात्रों को लाइब्रेरी की ओर प्रेरित करना चाहिए

- कभी खेलकूद निबंध व अन्य प्रतियोगिताएं होनी चाहिए। तभी आप नया दे पाएंगे...देश समाज मे क्या घटित हो रहा है, व शासन की नई योजनाए क्या है,इसकी जानकारी होना आवश्यक होनी चाहिए। छात्रों को लाइब्रेरी की ओर प्रेरित करना चाहिए। आवासीय कैंपस में राष्ट्रीय धार्मिक पर्वो पर प्रधानाचार्य अध्यापक को बच्चों को एक भाषण देकर जानकारी देना चाहिए।
- उन्होंने कहा कि विद्यालय में अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन होना चाहिए। जब यह चीज एक साथ चलेगी तब आप कुछ नया कर पाएंगे। कुछ चल रहा है समाज के अंदर क्या चल रहा है शासन की क्रियाएं किस तरीके से क्रिया नियमित हो रही है। सब की जानकारी देना लाइब्रेरी के प्रति बच्चों को आग्रही बनाना।
- बच्चों को परंपरा के बारे में बताइए कोई भी धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन से पहले प्रधानाचार्य या फिर कोई शिक्षक 5 से 10 मिनट का एक भाषण तैयार करके व्यावहारिक चीज बच्चों को बताएं 15 अगस्त के दिन प्रोग्राम क्यों होता है यह बच्चों को बताएं। दीपावली पर पठान-पाठन का कार्य बंद रहेगा। लेकिन उसके पूर्व संध्या के बारे में बताया जाए।

**सीएम ने बी पैक्स सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ, योगी बोले**

## सरकार किसानों के लिए काम कर रही

**लखनऊ।** लखनऊ में शुक्रवार को सीएम योगी ने बी पैक्स सदस्यता महाअभियान 2023 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के लिए काम कर रही है। यह अभियान 30 सितंबर तक पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, राज्य मंत्री स्वतंत्रता सहकारिता जेपीएस राठौर भी मौजूद रहे।

### क्या है बी पैक्स सदस्यता

प्रदेश में साधन सहकारी समितियां को कंप्यूटरीकृत किया जा रहा है। इसका नाम भी बदलकर अब बी पैक्स कर दिया गया है। यह समितियां सिर्फ खाद और बीज तक ही सीमित नहीं रहेंगी। प्रदेश सरकार इसे बहुउद्देशीय बना रही है। प्रदेश भर की सभी विकास खंड की समितियों को सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है सदस्य बनने के लिए 221 रुपए देने होंगे। सदस्य बनने के बाद लोगों को उर्वरक, उन्नतशील बीज, कृषि मशीनरी, कीटनाशक, सदस्यों को तीन प्रतिशत ब्याज की दर पर फसली ऋण सहित अन्य कई लाभ दिए जाएंगे।

### बी पैक्स की सदस्यता से होने वाले लाभ

- प्रबंध समिति के निर्वाचन में मतदान का अधिकार प्रबंध समिति का सदस्य/ संचालक/ सभापति बनने का अवसर
- ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण एवं सेवा का अवसर 3 प्रतिशत ब्याज दर पर 3 लाख तक अल्पकालीन फसली
- ऋण उपलब्ध मत्स्य पालकों एवं पशु पालकों को भी 3 प्रतिशत ब्याज दर पर के.सी.सी. (कार्यशील पूंजी) उपलब्ध
- नैनो यूरिया, उर्वरक, उन्नत बीज / बीज उत्पादन, कृषि मशीनरी / यंत्रीकरण, कीटनाशक, माइक्रोन्यूट्रीनेन्ट्स एवं अन्य उत्पादन संबंधी सुविधाओं का लाभ कृषि पैदावार एवं उसके उत्पादों (जैसे- अनाज, फल, सब्जियां, पुष्प, डेयरी, मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन, मधुमक्खी पालन, रेशम उत्पादन, बागवानी उपज, भेड़-बकरी पालन आदि) के लिए तकनीकी एवं वित्तीय सहायता की उपलब्धता समिति में उत्तराधिकारी नामित करने का अधिकार

# कुंम्हरावां में ट्रक ड्राइवर की आंख फोड़ने वाला गिरफ्तार

* जिला कृषि अधिकारी से इटौंजा पुलिस पूछताछ कर, भेजा जेल
* इटौंजा एस.एच.ओ ने कहा कि कानून तोड़ने वाले पर कार्यवाहीं जरूर होगी, वह कोई भी हो

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी



**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट इटौंजा थाना महिगंवा चौकी इलाके के रमपुरवा गांव के पास खराब ट्रक को ओवरटेक करने पर जिला कृषि अधिकारी उत्तर प्रदेश सरकार लिखी स्कॉर्पियो पर सवार लोगों ने ट्रक ड्राइवर की आंख फोड़ दी थी। बुधवार को हुई इस घटना में स्कॉर्पियो चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य सवार भाग निकले। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गुरुवार की शाम को इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। वहीं लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के इटौंजा थाना की महिगवां चौकी इलाके में ट्रक चालक की आंख फोड़ने की मार्मिक घटना को लेकर इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने जिला कृषि अधिकारी वीर प्रताप सिंह यादव को हिरासत में ले लिया। वहीं गुरुवार शाम को हिरासत में लिए गए जिला कृषि अधिकारी वीर प्रताप सिंह यादव ने अपनी तैनाती महोबा जिले में बताया वहीं मौजूदा समय में कृषि निदेशालय लखनऊ में सम्बद्ध हैं। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि ट्रक ड्राइवर की आंख फोड़ने वाले शख्स पर इटौंजा पुलिस कठोर कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया हैं, कहा की कोई भी क्यों ना हो कानून तोड़ने वाले पर कार्यवाही जरूर होंगी आरोपी पर कानूनी कार्यवाहीं करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं। वहीं बुधवार को इटौंजा कुम्हरावां रोड पर रमपुरवा गांव के पास खराब पड़े ट्रक संख्या (पीबी 13 बीबी 2108) को ओवरटेक करने के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार लिखी स्कॉर्पियो गाड़ी संख्या (यूपी 32 एनडी 7168) सवार लोगों मुजफ्फरनगर निवासी ट्रक चालक सोनू की आंख में डंडा घुसेड़ दिया। जिसके चलते ट्रक चालक सोनू की आंख फूट गई। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने रोड पर स्कॉर्पियो सवार लोगों की दबंगई देखकर एकत्रित होने लगे। जिससे सड़क के दोनों तरफ जाम लग गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर स्कॉर्पियो सवार एक व्यक्ति को हिरासत में लिया था। बाकी अन्य लोग मौके से फरार हो गए थे। वहीं घायल ट्रक ड्राइवर सोनू की गंभीर अवस्था को देखते हुए इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया।

### रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने बढ़ चढ़कर लिया फ्री यात्रा का लाभ

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश में रक्षाबन्धन के पर्व पर इस वर्ष कुल 24 लाख 44 हजार 970 महिलाओं ने प्रदेश सरकार की फ्री यात्रा का लाभ उठाया, जबकि विगत वर्ष 22 लाख 32 हजार 322 महिलाओं ने फ्री यात्रा का लाभ लिया था। बहनों को फ्री यात्रा का लाभ देने से परिवहन निगम को इस वर्ष 18.98 करोड़ रूपये का वित्तीय व्यय आया है। प्रदेश सरकार की इस योजना का महिलाओं ने प्रशंसा की और मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। परिवहन मंत्री ने देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप रक्षाबन्धन के पावन पर्व पर प्रदेश की बहनों को दो दिन की सुरक्षित एवं फ्री यात्रा करायी गयी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की इस फ्री यात्रा का लाभ उठाते हुए गरीब बहनें भी अपने भाइयों की कलाइयों पर राखी बांध सकी।

### मंदबुद्धि लड़की केसरमऊ से पहुंच गई पंजाब, इटौंजा पुलिस ने पंजाब से लाकर परिजनों के सुपुर्द किया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत महोना चौकी क्षेत्र के केसरमऊ खुर्द वार्ड नंबर 1 निवासी संतोषी पुत्री कमलेश जोकि अपने घर से बिना किसी को बताएं 28 तारीख को पंजाब चली गई थी। वहीं मंदबुद्धि लड़की के परिजनों ने इसकी शिकायत महोना चौकी पर की थीं, वहीं महोना चौकी प्रभारी धर्मेंद्र जैन ने अपनी टीम के साथ लड़की को पता करने में लग गए। वहीं महोना चौकी प्रभारी ने शुक्रवार को लड़की संतोषी जिसकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी उसको महोना चौकी प्रभारी ने सकुशलता बरामद कर लिया। वहीं बरामद संतोषी उम्र 20 वर्ष को इटौंजा थाना पर इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में मंदबुद्धि लड़की संतोषी को उसकी मां सुनीता सुपुर्द कर दिया। इस कार्य से क्षेत्रीय लोगों द्वारा पुलिस की प्रशंसा की जा रही हैं।

# रैंप में गाड़ी चढ़ाने वाले ड्राइवर का कोर्ट में सरेंडर

**50 हजार मुचलके पर जमानत, चारबाग रेलवे स्टेशन का सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वीडियो**



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

चारबाग रेलवे स्टेशन पर रैम्प पर मंत्री धर्मपाल सिंह की कार को ले जाने वाले ड्राइवर को आरपीएफ ने शुक्रवार को रेलवे कोर्ट में पेश किया। जहां सुनवाई के बाद मुचलके पर ड्राइवर को जमानत दे दी गई। दरअसल, हाल ही में प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह को ट्रेन पकड़ने के लिए चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचना था। वहां पहुंचने पर बारिश हो रही थी। इसी बीच उनके ड्राइवर ने रेल मेल सेवा आरएमएस के पास बने एस्केलेटर के सामने वाले रैम्प पर मंत्री की कार चढ़ाकर खड़ी कर दी। मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल आरपीएफ प्रशासन ने आरपीएफ एक्ट की धारा 159 में मामला दर्ज किया। इस धारा के तहत अनाधिकृत रूप से रेलवे परिसर में कार को लाने-ले जाने का मुद्दा बना। वहीं शुक्रवार को आरोपी ड्राइवर को उत्तर रेलवे न्यायालय में पेश किया गया, जहां सुनवाई के दौरान ड्राइवर को पचास हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी गई।

**25 अगस्त का है मामला**

पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह को बारिश से बचाने के लिए चालक ने कार एस्केलेटर के पास बने रैम्प पर चढ़ा दी थी। मामला चारबाग रेलवे स्टेशन का था। मंत्री ट्रेन पकड़ने पहुंचे थे। बारिश हो रही थी। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद आरपीएफ ने अज्ञात ड्राइवर पर मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# आयकर विभाग के डिप्टी डायरेक्टर को कार्यालय में घुसकर दी धमकी, केस दर्ज

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आयकर विभाग के डिप्टी डायरेक्टर आलोक कुमार सिंह को कार्यालय में घुसकर निलंबित प्रशासनिक अधिकारी शिवशरण श्रीवास्तव ने धमकी दी। इस मामले में डिप्टी डायरेक्टर ने हजरतगंज थाने में धमकी व सरकारी काम में बाधा डालने का केस दर्ज कराया है। आरोपी आयकर विभाग के कैंटीन में नौकरी के नाम पर इंटरव्यू और जाली नियुक्ति पत्र बांटने के मामले में निलंबित किया गया है। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जमानत पर छूटने के बाद कार्यालय में पहुंचा था। आयकर भवन में तैनात डिप्टी डायरेक्टर आलोक कुमार सिंह के मुताबिक लखनऊ विकास प्राधिकरण में तैनात शशि भूषण पाठक के खिलाफ एक जांच चल रही है। जिन्हें नोटिस भेज कर बयान के लिए बुलाया गया था। 28 अगस्त को शशि भूषण पाठक के साथ एसएस श्रीवास्तव भी दफ्तर आ पहुंचा। जिसने डिप्टी डायरेक्टर से फाइल दिखाने के लिए कहा। मना करने पर एसएस श्रीवास्तव गाली गलौज करने लगा। कई बार उसे टोका गया, लेकिन वह हरकतों से बाज नहीं आया। हंगामा बढ़ने पर सुरक्षा गार्ड की मदद से आरोपी को डिप्टी डायरेक्टर के कार्यालय से बाहर निकाला जा सका। जाते समय आलोक सिंह को उसने धमकी दी।

**जाली नियुक्ति पत्र बांटने व लाखों रुपये की ठगी में हुआ था निलंबित**

आयकर विभाग की कैंटीन में बैठकर निरीक्षक पद के लिए इंटरव्यू लेने व जाली नियुक्ति पत्र दिलाने के नाम पर ठगी के आरोप में प्रशासनिक अधिकारी शिवशरण श्रीवास्तव को हजरतगंज पुलिस ने 30 मार्च को गिरफ्तार किया था। इसके बाद विभागीय कार्रवाई करते हुए शिवशरण को निलंबित कर दिया गया था। इस फर्जीवाड़े का खुलासा 22 नवंबर को पुलिस ने शिव शरण श्रीवास्तव की करीबी प्रियंका मिश्रा को गिरफ्तार कर किया था। प्रियंका के पास से मिले कॉल डिटेल व अन्य सबूतों के आधार पर एसएस श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बाद भी आरोपी आए दिन आयकर भवन पहुंच कर लोगों पर दबाव बनाता है।

### तीन आईएएस अधिकारियों के तबादले, हेमंत राव बने राजस्व परिषद के अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

* नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग की जिम्मेदारी दी गई है

यूपी में तीन आईएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। सुभाष चन्द्र शर्मा को प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण बनाया गया है। वह साल 1996 बैच के हैं। इसी प्रकार नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वह 1992 बैच के ऑफिसर हैं। इसके अलावा राज्य सरकार ने 1987 बैच के आईएएस अधिकारी हेमंत राव को राजस्व परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया है। परिषद के अध्यक्ष संजीव मित्तल 30 अगस्त को सेवानिवृत्त हो गए थे। डीजीपी मुख्यालय ने 100 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस को निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत करने का आदेश जारी कर दिया है। वहीं, 188 उपनिरीक्षकों को अलग-अलग मामलों में दिए गए लघु एवं दीर्घ दंड और सत्यनिष्ठा अप्रमाणित होने की वजह से प्रोन्नति के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया है। राजधानी में तैनात जिल उपनिरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत किया गया है, उनमें संतोष कुमार गौड़, मोहम्मद जावेद, धर्मेंद्र सिंह, कृष्णचंद्र मिश्रा, मनोज कुमार व शहीद अहमद शामिल हैं।

# बाढ़ क्षेत्र के गांव में रहने वाले किसान परेशान, अभी तक नहीं मिला मुआवजा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ की बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत तराई इलाकों में पढ़ने वाले गांवों में गोमती नदी बाढ़ का पानी आने से इन चार-पांच गांवों के किसान एवं ग्रामीण परेशान एवं निराश हैं। बता दे कि गोमती नदी में बाहर के कटान का पानी आने से अकड़रिया खुर्द, कलां, लासा, हरदा कॉलोनी, बहादुरपुर, सुल्तानपुर, दुघरा इन गांवों के किसान एवं ग्रामीण बहुत परेशान है। इन किसानों के खेतों में पानी भर जाने से धान व अन्य फैसले डूब कर बर्बाद हो गईं हैं। वहीं किसान जीवन यापन के लिए जद्दोजहद में लगे हुए हैं। कुछ दिन पूर्व विधायक योगेश शुक्ला ने एसडीएम के साथ इन गांवों का निरीक्षण किया था विधायक के सामने एक किसान ने कहा कि विधायक जी पूर्व में आई बाढ़ का मुआवजा अभी तक नहीं मिला है तो इस बाढ़ का मुआवजा कैसे मिल जाएगा। वहीं बीकेटी तहसील के जिम्मेदार लेखपाल कानून को अभी तक इन पांचों गांवों में पड़ने वाले किसानों की फसलों का आकलन तक नहीं कर पाए हैं, जिससे कि किसान परेशान एवं निराश है बीकेटी एसडीएम ने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है लेकिन इस क्षेत्र में अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति करते नजर आ रहे हैं जमीन पर कोई काम नहीं हो रहा है, वहीं बहादुरपुर सुल्तानपुर गांव के ग्रामीण नाव से आ जा रहे हैं सड़के पानी में डूब कर बंद हो गई है। वहीं इन पांच गांवों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है सचिव एवं प्रधान की लापरवाही से इन गांव में बीमारियां फैल रही है ज़्यादातर गांवों में ग्रामीण बुखार, जुखाम, खांसी से परेशान है और डॉक्टर की टीम गांवों में जाती तो है लेकिन सही दवाई व सही इलाज ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा हैं। वहीं लेखपाल इन गांवों में आकर अपने ख़ासकरो से काम करवा कर चले जाते हैं जिससे कि लोगों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों को बाढ़ में अपने घर का राशन पानी लाने में पसीने छूट रहे हैं खेत के सहारे ही कई परिवार जिंदा है खेत डूब जाने के बाद लोग भुखमरी की कगार पर खड़े है शासन प्रशासन आखिर इन ग्रामीणों का कब ध्यान देगा।

# लड़की चिल्लाती रही, दरिंदे दुपट्टा पकड़कर घसीटते रहे, पुलिस ने 35 घंटे बाद आरोपी को पकड़ा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ में रक्षा बंधन पर ट्यूशन पढ़ाकर स्कूटी से लौट रही टीचर को रास्ते में 3 युवकों ने किडनैप कर लिया। स्कूटी से गिराकर घसीटते हुए सुनसान जगह ले गए। लड़की चिल्लाती रही, वह छोड़ने के लिए गिड़गिड़ाती रही। लेकिन दरिंदों का दिल नहीं पसीजा। वह उसे घसीटते रहे। इसके बाद रेप करने की कोशिश की। विरोध करने पर दोनों हाथ, पीठ और सिर पर चाकू से वार किए। हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। फिलहाल, युवती का ट्रॉमा में भर्ती है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी युवक ट्यूशन टीचर से एकतरफा प्यार करता था। कई दिनों से टीचर को परेशान कर रहा था। आरोपी घरों में पुताई का काम करता है। वह नशे का आदी है। टीचर ने भी डॉक्टर से बताया कि आरोपी उसे कई दिनों से परेशान कर रहे थे। वहीं, पुलिस ने 35 घंटे बाद एक आरोपी पंकज रावत को गिरफ्तार कर लिया है।

**स्कूटी पंचर कर दी, दुपट्टा पकड़कर घसीटा**

आरोपियों ने युवती को स्कूटी से गिरा दिया और उसकी स्कूटी पंचर कर दी। इसके बाद युवती का दुपट्टा पकड़कर उसको घसीटते हुए सुनसान में ले गए। जहां युवती से रेप करने की कोशिश करने लगे। मगर, युवती चिल्लाने लगी। इसके बाद पंकज ने चाकू से उस पर हमला कर दिया। हमले में युवती के सिर, पीठ, हाथ पर घाव लगे। इसी बीच आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। भीड़ को आता देख आरोपी वहां से फरार हो गए। युवती ने लोगों को अपने बारे में जानकारी दी। इसके बाद लोगों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। फिर परिजनों ने युवती को इलाज के लिए कमांड अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका ट्रॉमा में इलाज चल रहा है। इधर, आरोपी पंकज ने वारदात को अंजाम देने के बाद मोबाइल बंद कर फरार हो गया।

**युवती के शरीर पर चाकू के पांच निशान: डीसीपी**

डीसीपी पूर्वी हृदेश कुमार के मुताबिक, युवती की मेडिकल रिपोर्ट में पांच चाकू के वार और चोट के निशान मिले हैं। जिसमें सिर, दोनों हाथ पर एक-एक और पीठ पर दो चाकू के वार किए है। युवती ने डॉक्टर को एक युवक के ही हमले की बात कही है। पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज आरोपी पंकज को गिरफ्तार कर लिया है ।आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### घर के पास वारदात को दिया अंजाम

निलमथा स्थित एक कालोनी में पूर्व सैन्यकर्मी की 20 साल की बेटी अपने परिवार संग रहती है। युवती बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती है। रोज की तरह बुधवार शाम करीब 7 बजे ट्यूशन पढ़ाने के बाद स्कूटी से वापस घर लौट रही थी। इस बीच कॉलोनी में रहने वाले पंकज रावत और उसके दो साथियों ने उसको रोक लिया। युवती के विरोध करने पर स्कूटी से गिरा दिया।

### इलाके में आक्रोश, लोगों ने पैदल मार्च निकाला

युवती के साथ हुई इस घटना से नाराज कॉलोनी के लोगों ने गुरुवार शाम पैदल मार्च निकाला। लोगों ने मांग है कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। जिससे दोबारा कोई ऐसी घटना को अंजाम देने की कोशिश न कर सके। साथ ही इलाके की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# प्लास्टिक कचरा के प्रति जागृत हो समाज

**सरकार का यह कदम सभी राज्य और जनता के लिए एक पाथेय है। प्लास्टिक कचरे के बारे में यह सबसे बड़ा सच है कि यह वास्तव में आयातित कचरा है। हमारे देश में बहुत पहले से कागज और कपड़े के बैग ही प्रचलन में रहते थे, लेकिन विदेशियों की नकल करने के कारण हम भी प्लास्टिक का उपयोग करने की ओर प्रवृत होते चले गए। यही प्रवृति आज हमारे देश की सबसे विकराल समस्या बनकर उभर रही है। हमने एक कहावत भी सुनी है कि अपना काम बनता भाड़ में जाए जनता, यह सोच किसी प्रकार से भारतीय संस्कृति का संवाहक नहीं हो सकता।**

*वर्तमान में प्लास्टिक कचरा बढ़ने से जिस प्रकार से प्राकृतिक हवाओं में प्रदूषण बढ़ रहा है, वह मानव जीवन के लिए तो अहितकर है ही, साथ ही हमारे स्वच्छ पर्यावरण के लिए भी विपरीत स्थितियां पैदा कर रहा है। हालांकि इसके लिए समय-समय पर सरकार और सरकारी सहयोग लेकर चलने वाली गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा जागरण अभियान भी चलाए जा रहे हैं, परंतु परिणाम उस गति से मिलता दिखाई नहीं देता। ऐसे में प्रश्न यह आता है कि गैर सरकारी संस्थाओं की यह मुहिम अपेक्षित परिणाम क्यों नहीं दे पा रही है। जबकि कागजी प्रमाण इसकी सफलता बता रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि भारत में कागजों में काम होने की बीमारी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में कहा जा सकता है कि प्लास्टिक मुक्ति का अभियान गैर सरकारी संस्थाओं ने बलि चढ़ा दिया। अगर प्लास्टिक प्रदूषण बढ़ने की यही गति बरकरार रही तो एक दिन हमें शुद्ध हवा से वंचित होना पड़ सकता है। एक बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्लास्टिक प्रदूषण की भयावहता का संकेत करते हुए देश से आह्वान किया है कि इसकी रोकथाम के लिए समाज को आगे आना होगा। प्रधानमंत्री की चिंता वास्तव में समाज की भलाई के लिए है। हम प्रधानमंत्री के बयान की गंभीरता को समझें। नहीं तो आने वाला समय बहुत खतरनाक साबित हो सकता है। कोई भी सरकारी योजना तभी सफल हो सकती है जब उसमें जनता की सकारात्मक भागीदारी होती है। कहा जाता है कि जिस देश की जनता अपने देश के प्रति जागरूक रहती है, वह देश और समाज लगातार प्रगति पथ पर गमन करता है। आम समाज सरकार की योजनाओं का ही ठीक तरीके से पालन कर ले, तो भी एक सुखद परिवर्तन का वातावरण बनने लगेगा। जो मानव समाज के लिए भी हितकर होगा। हम जानते हैं कि वर्तमान में प्लास्टिक के कारण हो रहे वायु प्रदूषण के चलते हमारे शरीर में कई प्रकार के विषैले कीटाणु प्रवेश कर रहे हैं, जो हमारे स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल रहे हैं और नई-नई बीमारियां जन्म ले रही हैं। यह भी एक बड़ा सच है कि भारत में कई बीमारियां केवल गंदगी के कारण हो रही हैं, चाहे वह प्लास्टिक कचरे से उत्पन्न गंदगी हो या फिर इसके कारण जाम नालियों के गंदे पानी से प्रदूषण से पैदा होने वाली गंदगी हो। हम यह भी जानते हैं कि प्लास्टिक की पॉलीथिन में बहुत से लोग घर का कचरा भरकर बाहर फेंक रहे हैं, जिसे हमारी गौमाता खाती है और हम जाने-अनजाने में गौहत्या का पाप कर रहे हैं। इसके साथ ही बहुत बड़ा सच यह भी है कि प्लास्टिक पॉलीथिन और खाद्य सामग्री में उपयोग आने वाले प्लास्टिक के सामान रासायनिक पदार्थों के इस्तेमाल के कारण हमें जहर भरे खाना खाने के लिए विवश कर रहे हैं। इसके कारण हमारा स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा है। हालांकि हमारे देश में स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन क्या हम जानते हैं कि प्लास्टिक कचरा स्वच्छ भारत अभियान की दिशा में बहुत बड़ा अवरोधक बनकर सामने आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना अपने भारत देश को साफ सुथरा रखने का एक अभिनव प्रयास है। प्लास्टिक कचरे से मुक्ति पाने के लिए केन्द्र सरकार ने एक सराहनीय कदम उठाया है। यहां तक कि कई विवाह समारोह और अन्य कार्यक्रमों में भी अब प्लास्टिक से निर्मित सामग्री और खाद्य पदार्थों के लिए उपयोग में लाई जाने वाली डिस्पोजल वस्तुओं पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**नीरज जैसे खिलाड़ी हमारे यहां कम नहीं हैं। खिलाड़ियों को समुचित माहौल, प्रशिक्षण और सुविधाएं मिलें, तो वे पदकों का ढेर लगा सकते हैं, नये कीर्तिमान एवं रिकार्ड बना सकते हैं। रिकार्ड सदैव टूटने के लिए होते हैं और टूटना ही प्रगति का प्रतीक है। नीरज शिखर पर हैं तो उसको छूने के प्रयास रुके नहीं। ऊंचा उठने के लिए असीम विस्तार है। हमारे खेलों में जब कोई खिलाड़ी अपनी काबिलियत के दम पर शिरकत करता है तो वह न हिन्दू होता है और न मुसलमान बल्कि हिन्दुस्तानी या भारतीय नागरिक होता है। भारत की एकता की ताकत दिखाने के लिए भी हमारे खेल और खिलाड़ी भी एक नमूना हैं। अतः मजहब या धर्म का वजूद हमारे लिए पक्के तौर पर निजी मामला ही है।**

# नीरज चोपड़ा ने भारत की खेल प्रतिभा का दुनियाभर में लोहा मनवा दिया है



-ललित गर्ग

**जब भी कोई नीरज भाला उठाता है तो अनूठी दूरी तय करता है, या कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो दो सौ अस्सी करोड़ हाथ तन जाते हैं, एक सौ चालीस करोड़ों के मन में एक संकल्प, एक एकाग्रता का भाव जाग उठता है और कई नीरज पैदा होते हैं। अपने देश में हर बल्ला उठाने वाला अपने को गावस्कर-सचिन समझता है, हर बॉल पकड़ने वाला अपने को कपिल समझता है।**

देश को लगातार मिल रही खुशीभरी खबरों एवं कीर्तिमानों के बीच एक और कीर्तिमान नीरज चोपड़ा ने जड़ दिया। चार दशक में पहली बार विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में किसी भारतीय का देश की झोली में एक दुर्लभ स्वर्ण पदक डालना वाकई नया इतिहास रचने से कम नहीं है। नीरज चोपड़ा का जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतना सूखे में बरसात की बूंदों के समान ही माना जाएगा। इस रोशनी के एक टुकड़े ने देशवासियों को प्रसन्नता का प्रकाश दे दिया है, संदेश दिया है कि देश का एक भी व्यक्ति अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वह शिखर पर पहुंच सकता है। विश्व को बौना बना सकता है। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकता है। इस ऐतिहासिक एवं यादगार उपलब्धि की खबर जब अखबारों में छपी तो सबको लगा कि शब्द उन पृष्ठों से बाहर निकलकर नाच रहे हैं। नीरज की एक खिलाड़ी होने की यात्रा अनेक संघर्षों, झंझावातों एवं चुनौतियों से होकर गुजरी है। चंद बरस पहले वह बढ़ते वजन से परेशान एक युवा थे। 13 साल की उमर में उनका वजन 80 किलोग्राम हो गया था जिसकी वजह से उनकी उम्र के दूसरे बच्चे उन्हें चिढ़ाते थे। वहां से शुरू करके नीरज ने न सिर्फ अपने शरीर को साधा बल्कि अपने मन को अनुशासित कर इस तरह से केंद्रित किया कि लगातार आगे बढ़ते रहे, कीर्तिमान गढ़ते रहे। लेकिन उनके पांव जमीन पर हैं और तभी वह भाला फेंकते हैं तो दूर तक जाता है और एक स्वर्णित इतिहास रचता है। तभी अब तक कोई भी एथलीट देश को जो गौरव नहीं दिला पाया था, वह नीरज ने दिलाया है। लेकिन बात सिर्फ इस एक गोल्ड की नहीं है। उनकी इस उपलब्धि के साथ ऐसी कई बातें जुड़ी हैं जो उन्हें खास बनाती हैं। उनको खास बनाने में जहां उनकी लगन, परिश्रम, निष्ठा एवं खेलभावना रही, वहीं साल 2018 में एशियाई खेल और फिर कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड, 2020 में तोक्यो ओलिंपिक्स में गोल्ड, 2022 में वर्ल्ड चैम्पियनशिप में सिल्वर, 2022 में ही डायमंड लीग में गोल्ड और 2023 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड लाने का उनका करिश्मा तो बहुत कुछ कहता ही है, सबसे बड़ी बात यह है



**नीरज चोपड़ा से कुछ पीछे पिछली बार भी पाकिस्तान का खिलाड़ी अरशद नदीम रहा था और इस बार भी यह खिलाड़ी रजत पदक जीतने में सफल रहा। नीरज एवं अरशद की दोस्ती पर कटाक्ष करने वाले खेलों को भी साम्प्रदायिक रंग देने की कुचेष्टा करते हैं।**

कि इस दौरान वह अपने प्रदर्शन में लगातार निखार लाते रहे। उन्होंने भारतीय खेलों को भी दुनिया में शीर्ष पर पहुंचाया है। इस उपलब्धि भरी सुहानी फिजां में सबसे अहम सवाल यह है कि दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश खेलों में वह मुकाम हासिल क्यों नहीं कर पाया जिसका वह हकदार है? क्या हमारे यहां खेल का माहौल नहीं है या फिर सुविधाओं के अभाव में खिलाड़ी आगे नहीं बढ़ पाते। या खेल भी राजनीति के शिकार हैं? ये सवाल इसलिए उठते हैं क्योंकि विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक पदक पाने वाले देशों की सूची में भारत बहुत पीछे है। महज पांच करोड़ की आबादी वाला देश केन्या 65 स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं एक करोड़ की आबादी वाला देश क्यूबा विश्व चैंपियनशिप में 22 स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल चुका है। ओलम्पिक खेलों की बात की जाए तो वहां भी भारत का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा है। ओलम्पिक खेलों के 127 साल के इतिहास में हॉकी के अलावा हमें अब तक दो स्वर्ण पदक ही मिले हैं। इनमें एक नीरज चोपड़ा व दूसरा अभिनव बिन्द्रा के नाम ही है। ऐसा नहीं है कि आजादी के बाद देश ने विकास की रफ्तार नहीं पकड़ी हो। हर क्षेत्र में भारत ने प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुआ है। विज्ञान हो या अंतरिक्ष, देश ने दुनिया में अलग पहचान बनाई है। इस समय हम दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गए हैं। छह दिन पहले ही चांद पर तिरंगा लहराया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण विश्व में भारत की बात को महत्त्व दिया जाता है। इन तमाम उपलब्धियों के बीच सवाल यही उठता है कि हम खेलों में पीछे क्यों हैं? क्या इसके लिए खेल संघ जिम्मेदार हैं? खेल संघों पर वर्षों से कब्जा जमाए बैठे राजनेता और नौकरशाह खेल की विकास यात्रा में बाधक तो नहीं बन रहे? ऐसे समय जब चांद के दक्षिण ध्रुव के पास चंद्रयान उतार कर भारतीय वैज्ञानिक स्पेस एक्सप्लोरेशन के क्षेत्र में अपना झंडा बुलंद कर चुके हैं और शतरंज में प्रग्नानंदा जैसे यंग टैलंट नई उम्मीदें दिखा रहे हैं, नीरज चोपड़ा की यह उपलब्धि न केवल देशवासियों के मनोबल को और ऊंचा करती है बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी निरंतर बेहतर करने का विश्वास और प्रेरणा देती है और आजादी के अमृतकाल को अमृतमय करने का हौसला देती है। नीरज ने 88.17 मीटर की दूरी पर भाला फेंक कर कीर्तिमान स्थापित किया और साबित कर दिया कि भारत की मिट्टी में जन्मे खेलों को यदि खुद भारतवासी ही इज्जत की नजर से देखें तो यह देश कमाल कर सकता है। यदि सच पूछा जाये तो नीरज चोपड़ा भारतीय मूल के खेलों के 'महानायक' बन चुके हैं। नीरज चोपड़ा का योगदान इसलिए बड़ा एवं महान है कि उन्होंने ग्रामीण एवं देशी खेल को विश्व प्रतिष्ठा प्रदान की है। भले ही आर्थिक एवं चकाचौंध वाली सोच के कारण भारत में क्रिकेट का खेल अधिक लोकप्रिय हो, लेकिन खेल की वास्तविक भावना उसमें कहां रही? उसके मुकाबले भाला फेंक जैसे खेल के प्रति अपना जीवन समर्पित करके नीरज ने भारत की नई पीढ़ी को नई दिशा एवं नया मुकाम देने का काम किया और सन्देश दिया कि भारतीय यदि चाहें तो ग्रामीण खेल कहे जाने वाली स्पर्धाओं को भी विश्व पटल तक पहुंचा सकते हैं।

### एक्सप्रेस कविता

*वक्त में जो काम आए वह सच्चा मित्र होता है। साथ साथ जो कंधे से कंधा मिलाकर पसीना बहाए, वह अच्छा मित्र होता है। मित्र और शत्रु की पहचान बुरे वक्त में ही होती है। भारत और रूस की मित्रता पूरी दुनिया जानती है। भारत और रूस को परंपरागत मित्र मानती है। रूस ने किया निवेदन भारत को देना होगा अखंड शांति का प्रतिवेदन। यदि रूस देश भारत के काम आया युद्ध के संकट में कभी, तो भारत का भी फर्ज बनता है की भारत यूक्रेन विश्व युद्ध की आशंका में भारत रूस का मनोबल ऊंचा रखने सदैव साथ दे झंडा ऊंचा रखने, इस युद्ध की घड़ी में यूक्रेन और रूस के बीच मध्यस्थता कर विश्व शांति का एक पुनीत संदेश प्रदान करें, और वैश्विक स्तर पर अपना कद ऊंचा और ऊंचा रखें।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*यदि हम अपनी ताकत को किसी दूसरे की भलाई के लिए प्रयोग नहीं कर सकते तो एक दिन हमारी यह ताकत हमारे लिए एक बड़ा पहाड़ बन सकती है।*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 20:49 तक |
| नक्षत्रः | उत्तराभाद्रपद 12:30 |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | शूल, 09:22 |
| सूर्योदयः | 06:00 |
| सूर्यास्तः | 18:40 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 13:56-15:32 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:56-12:46 |

## जन एक्सप्रेस

### नहीं वो पैसा आया !

*आकर हमने लालच में भी ।*
*था खाता खुलवाया ।।*
*इंतज़ार है अब तक ।*
*नहीं वो पैसा आया ।।*
*अलग-अलग नया नया ।*
*आता रोज बयान ।।*
*कुछ वर्षों से फिर भी ।*
*ना मिला सम्मान ।।*
*दे रहे हैं लालच ।*
*हमको भी बुलाओ ।।*
*मनमाफिक जल्द से ।*
*अब तो वो फल पाओ ।।*
*ज़ोर लगाया पूरा ।*
*हो जाए उद्धार ।।*
*गर्त में हम हैं गिरे ।*
*इस पर करें विचार ।।*




- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# गर्दन और पीठ के दर्द से राहत पाने के लिए करें योगासन, जल्द मिलेगा आराम

**लंबे** समय तक एक ही पोस्चर में बैठे रहने से गर्दन और पीठ में दर्द होने लगता है। अगर आप काम करने के दौरान अपनी गर्दन झुकाए रखते हैं, तो इससे गर्दन के साथ-साथ पीठ और रीढ़ में भी दर्द होने लगता है। वहीं कई बार गलत पोस्चर में बैठने या सोने के कारण भी गर्दन और पीठ में दर्द शुरू हो जाता है। अगर इस समस्या पर ध्यान न दिया जाए, तो इससे ठीक से बैठ पाना भी मुश्किल हो सकता है। ऐसे में आप अगर कुछ योगासन का अभ्यास करें, तो इससे आपको जल्द राहत मिल सकती है। तो चलिए इस लेख के माध्यम से जानें पीठ और गर्दन के दर्द से राहत पाने के लिए कुछ योगासन।



**ताड़ासनः** ताड़ासन करने से कमर की सारी मसल्स स्ट्रेच होती हैं, जिससे गर्दन और पीठ दर्द में आराम मिल सकता है। इस आसन के अभ्यास से पोस्चर बेहतर होता है और शरीर में संतुलन बना रहता है। इसके नियमित अभ्यास से मानसिक जागरूकता भी बनी रहती है और लंबाई बढ़ने में भी मदद मिलती है।

**ताड़ासन करने का तरीकाः** ताड़ासन करने के लिए किसी समतल जगह पर सीधे खड़े हो जाएं। इस दौरान आपके साथ कमर की सीध पर होने चाहिए और आपके पैर आपस में जुड़े होने चाहिए। अब हाथ जोड़ने की मुद्रा में खड़े हो जाएं और धीरे-धीरे अपने हाथों को ऊपर ले जाएं। अब अपनी एड़ियों पर उठने की कोशिश करें और शरीर का भार अपने निचले हिस्से पर डालें। इस पोस्चर में कुछ देर रुकने की कोशिश करें। अब साधारण मुद्रा में आ जाएं और थोड़ा रिलैक्स करें। कुछ देर बार दुबारा इस आसन का अभ्यास करें।

**सेतु बंधासनः** सेतु बंधासन करने से रीढ़ की हड्डी मजबूत होती है। इसके अभ्यास से गर्दन, पीठ और रीढ़ में खिंचाव आता है। यह आसान मस्तिष्क को शांत रखने में मदद करता है। साथ ही गर्दन और कमर के दर्द से जल्द राहत भी देता है।

**सेतु बंधासन करने का तरीकाः** सबसे पहले योगा मैट पर पीठ के बल लेट जाएं। इस दौरान आपके हाथ धड़ के साथ ही होने चाहिए। अब अपनी टांगो को मोड़ते हुए अपने पैरों को कुल्हों के करीब ले आएं। अपने हाथों पर वजन डालते हुए कुल्हों को धीरे-धीरे ऊपर उठानें की कोशिश करें। ऐसा करने के दौरान सांस भरें। पैरों को जमीन पर टिकाते हुए पीठ जितनी मोड़ी जाएं, उतनी मोड़ने की कोशिश करें। इस मुद्रा में कुछ देर रुकने की कोशिश करें। अब वापिस पहले वाली मुद्रा में वापिस आ जाएं और रिलैक्स करें।

**भुजंगासनः** भुजंगासन करने से गर्दन, पीठ, रीढ़ की हड्डी में खिंचाव आता है। इसके अभ्यास से दर्द और अकड़न से राहत मिलती है। यह आसान तनाव और थकावट से भी राहत देता है।

**भुजंगासन करने का तरीकाः** सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं। अब अपनी दोनों हथेलियों को जमीन के पास रखें। इस दौरान अपने टखनों को एक-दूसरें के पास ही रखें। अब अपने दोनों हाथों को कंधे के करीब ले आएं। साथ ही अपनी हथेलियों को फर्श की तरफ रखें। अब शरीर के ऊपरी हिस्से को पीठ की तरफ खींचे। इस दौरान आपके शरीर का ऊपरी हिस्सा जमीन की ओर होना चाहिए। इस मुद्रा में कुछ देर रुके अब साधारण पोस्चर में आ जाएं।

### एक्सप्रेस विशेष

# प्रधानमंत्री का व्यापक दृष्टिकोण भारत का स्वर्ण युग



पीयूष गोयल

**जब ऐसी पार्टी ने गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया, तो उसे नियमित रूप से लाखों करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन से जुड़े भ्रष्टाचार के घोटालों का सामना करना पड़ा। इस गठबंधन के प्रधानमंत्री ने एक बार कहा था कि यह गठबंधन की राजनीति की विवशता है।**

**सरकार ने प्रभावी कानून प्रवर्तन, प्रौद्योगिकी के उपयोग और पुराने कानूनों जिनका दुरुपयोग लोगों को परेशान करने और रिश्वत वसूलने के लिए किया जाता था को समाप्त करने के साथ भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए कई पहलें की हैं। अतीत में तुष्टीकरण की नीतियों के विपरीत, जिनसे सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा है, हर सरकारी पहल में सभी नागरिकों को समान समझा जाए।**

**लाल** किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की प्रगति और समृद्धि से जुड़े लंबे समय तक चलने वाले स्वर्ण युग के संबंध में अपने व्यापक दृष्टिकोण को अभिव्यक्ति दी, क्योंकि माँ भारती हजारों वर्षों की गुलामी, अधीनता और दरिद्रता के बाद, आत्मविश्वास के साथ फिर से गौरव प्राप्त कर रही है। नरेन्द्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं, जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ है। प्रधानमंत्री देश के भविष्य के प्रति बहुत आशान्वित हैं। उनका आत्मविश्वास पिछले नौ साल में प्रगति के लिए किए गए अथक परिश्रम के बाद हुई ठोस प्रगति पर आधारित है। 140 करोड़ देशवासियों के धर्म, क्षेत्र, लिंग, जाति, उम्र या जातीय पहचान के आधार पर बिना कोई भेदभाव किए ये प्रयास किए गए हैं। मोदी सरकार की प्रत्येक नीति उनके सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के मंत्र को दर्शाती है, जो विशेष रूप से गरीबों और वंचितों को लाभान्वित कर रही है। इससे भारत को नौ वर्षों में दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवें पायदान तक पहुंचने में मदद मिली है। भारतीय अर्थव्यवस्था, पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। इस प्रगति को ठोस आर्थिक नीतियों, भ्रष्टाचार पर अंकुश, सरकारी खर्च में होने वाली चोरी को रोकने, शासन में दक्षता और पारदर्शिता की वृद्धि तथा उदार कल्याणकारी योजनाओं से गति मिली है। बदलाव के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में है- भारत में महिलाओं के नेतृत्व में होने वाला विकास। जैसा कि पीएम ने कहा, भारत में किसी भी अन्य देश की तुलना में महिला पायलटों की संख्या अधिक है और वे चंद्रयान मिशन जैसे उच्च तकनीक कार्यक्रमों में भी सबसे आगे हैं। यह गर्व की बात है कि लड़कों की तुलना में ज्यादा लड़कियां विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) विषय का चयन कर रही हैं। पीएम का लक्ष्य गांवों में 2 करोड़ लखपति-दीदी बनाना और ड्रोन के संचालन एवं मरम्मत के कार्य में महिलाओं को शामिल करना है। बदलाव की इस यात्रा में मोदी सरकार गरीबों को रोटी, कपड़ा और मकान के जीवन पर्यंत चलने वाले संघर्ष से मुक्ति दिला रही है। सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, लगभग 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न, राशन कार्डों की देशव्यापी वैधता, महिलाओं की गरिमा की रक्षा करने वाले शौचालय, प्रत्येक गांव में बिजली आपूर्ति, रसोई गैस, अच्छी सड़कें, स्वास्थ्य बीमा और किफायती इंटरनेट सेवा की सुविधाएं प्रदान की हैं। आवास उपलब्ध कराने और पाइप से पेयजल की आपूर्ति करने की योजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। मोदी सरकार ने अन्य देशों की तुलना में या पिछली सरकारों की तुलना में मुद्रास्फीति को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया है, लेकिन जैसा कि पीएम ने कहा, इन प्रयासों के बावजूद सरकार आत्मसंतुष्ट नहीं है। देशवासियों पर महंगाई का बोझ कम करने के लिए सरकार विभिन्न कदम उठाएगी। प्रधानमंत्री की लोगों का ध्यान रखने वाली और उनके प्रति संवेदनशील नीतियों के कारण पिछले पांच वर्षों में (2021 तक) 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकलने में सफल रहे हैं और वे मध्यम वर्ग की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। एक सहस्राब्दी तक दुःख झेलने के बाद, नया भारत आशा, आकांक्षा और महत्वाकांक्षा के केन्द्र के रूप में उभर रहा है। देश को बढ़ती युवा शक्ति, महिला शक्ति, मेहनती श्रमिकों और किसानों, प्रतिभाशाली कारीगरों और बुनकरों तथा एक समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की संपदा प्राप्त है, जिनके कारण हम दुनिया भर में अपनी पहचान बना रहे हैं। भारत का आकांक्षी युवा, मांग और उद्यमशीलता की ऊर्जा पैदा कर रहा है। मोदी सरकार आम लोगों को आवास, स्वास्थ्य देखभाल और खाद्यान्न प्रदान करने और करोड़ों लोगों को निर्धनता की बेड़ियों से बाहर निकलने में सफल रही है, विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़ रही है। इससे हमारे लघु व्यवसायों और व्यापारियों के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। यह प्रतिभाशाली युवा पुरुषों और महिलाओं को स्टार्ट-अप बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, जो रोजगार की इच्छा रखने वालों को रोजगार प्रदाताओं में परिवर्तित कर रहा है। मोदी सरकार की मुद्रा ऋण योजना के अंतर्गत 8 करोड़ नए उद्यमियों को 23 लाख करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। इनमें से 70 प्रतिशत महिला उद्यमी हैं और 51 प्रतिशत लाभार्थी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। 140 करोड़ लोगों की शक्ति और आकांक्षाओं पर आधारित भारत का रूपांतरण आज विश्व को दिखाई पड़ रहा है।

# झोलाछाप डॉक्टरों और मेडिकल स्टोर संचालकों के हौसले बुलन्द, कर रहे मनमानी

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी



**मोहम्मदी-खीरी।** लगातार अखबारो एवं सोशल मीडिया पर छाए झोलाछाप डाक्टरों और ऐसे मेडिकल स्टोर संचालक जो अपने बिना किसी डिग्री के दूसरे के नाम पर मेडिकल लाईसेन्स लेने के बाद स्वयं मेडिकल का संचालन कर रहे है और अपने मेडिकल स्टोर पर ही मरीजो को भर्ती कर इंजेक्शन एवं बोतल लगाने का कार्य कर रहे है। शासन-प्रशासन द्वारा शिकायतो के बाद भी उन पर कोई कार्यवाही न किये जाने के चलते इन झोलाछाप डाक्टरो और मेडिकल स्टोर संचालको के हौसले खासे बुलन्द है। यह मेडिकल संचालक इतने दबंग है कि अगर कोई सम्मानित व्यक्ति इनके मेडिकल पर पहुंच कर कोई जानकारी मांग ले तो यह मेडिकल संचालक उसके साथ गाली-गलौज तक करने से पीछे नहीं हटते। पूरे तहसील क्षेत्र में सैकड़ो झोलाछाप डाक्टर व मेडिकल बेखौफ चल रहे है। कल ऐसे ही एक झोलाछाप डाक्टर जो तहसील क्षेत्र के ग्राम गोकन पिपरी में अपना क्लीनिक चला रहा है के द्वारा गलत इंजेक्शन लगा देने से नरहारा निवासी फातिमा पत्नी आशिक की एक घण्टे के उपरान्त मौत हो गयी। फातिमा के पति ने उक्त झोलाछाप डाक्टर पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह तीन बजे लोगो के कहने पर गोकन पिपरी स्थित झोलाछाप डाक्टर के यहां गया और अपनी पत्नी को उक्त डाक्टर को दिखाया और कहा कि अगर आपसे ठीक हो सके तब देखना नहीं तो बता दो हम कही और दिखा लेगे। डाक्टर द्वारा फातिमा के एक इंजेक्शन लगाया गया। इंजेक्शन लगाने के आशिक फातिमा को लेकर घर आ गया और घर पर एक घण्टे के उपरान्त फातिमा की मृत्यु हो गयी। अगर इन झोलाछाप व अवैध मेडिकल संचालको पर जिम्मेदारो द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी तो यह रोज किसी न किसी की जान लेते रहेगे।


# वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश चंद्र वर्मा का हुआ निधन

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर-खीरी।** कहते हैं जीवन में कुछ नहीं रह जाता इंसान जाने के बाद अपने अच्छे कार्यों की छाप छोड़ जाता है यह बात बिल्कुल सच है।जनपद के जाने-माने अधिवक्ता नरेश चंद्र वर्मा का निधन हो गया है जिनकी मौत की खबर सुनकर मैं बिल्कुल स्तंभ हो गई हूं क्योंकि माननीय परम पूज्य मेरे बाबा तुल्य नरेश चंद्र वर्मा हमारे बीच नहीं रहे मैं बिल्कुल अनाथ सी हो गई हूं। अगर यह कहूं तो गलत नहीं होगा क्योंकि उनकी मौत की खबर सुनते ही मेरे आंखों से आंसू नहीं रुक रहे हैं क्योंकि इन्होंने मेरे जीवन में कुछ ऐसे सुझाव दिए और हर पल मेरे साथ रहे मेरे सारे केस नरेश चंद्र वर्मा ने निशुल्क लड़े जब मैं केस के सिलसिले में कचहरी या उनके आवास पर जाती थी और केसों में खर्च हुए पावर के पैसे दे देंने की बात करती थी तो मैं खूब डाटी भी जाती थी और चलते टाइम कुछ पैसे भी देते थे कि पैदल नहीं रिक्शे से जाना और काफी समझा बुझाकर और हंसाकर भेजते थे मुझे मेरे बुरे दिनों पर जब आवश्यकता पड़ी नरेश चंद्र वर्मा ने मुझे पैसा भी दिया आज मैं बिल्कुल अकेली महसूस कर रही हूं मुझे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आज मेरे जीवन में कुछ भी नहीं रह गया है मैं बिल्कुल अकेली हो गई हूं गौरतलब है।लखीमपुर जनपद के लोकप्रिय एडवोकेट कोमल स्वभाव और पीड़ित का दर्द बाखूबी समझने वाले हृदय से प्रिय हमारे सर नरेश चंद्र वर्मा हम सब से मुंह मोड़ भगवान को प्यारे हो गए शुक्रवार को दिन में तीन बजे ली अंतिम सांस सर की मौत की खबर सुन मैं बिल्कुल स्तम्भ रह गई सर ने मुझे सदैव अच्छा मार्गदर्शन दिया और आज मैं जो भी हूं सर की वजह से बहुत बड़ी छति हुई मेरे जीवन में मैं आज अपने आपको बिल्कुल तन्हा महसूस कर रही हूं बताते चलें 1977 में लखीमपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे ,पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक,वरिष्ठ अधिवक्ता,जिला अधिवक्ता संघ की एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष नरेश चंद्र वर्मा (82) का निधन खबर के माध्यम से यह सर को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि।

# कच्चे धागों में गूंथे गए प्यार भरे पक्के संकल्प





जन एक्सप्रेस । रियासत अली सिद्दीकी

**रामकोट/सीतापुर।** भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के पवित्र प्रेम और रिश्तों की प्रगाढ़ता का अनूठा पर्व रक्षा बंधन बृहस्पतिवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को रेशम के कच्चे धागों में घर-घर में सच्चे संकल्प गूंथे गए। बहनों ने भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधी, रक्षा का वचन लिया, मिठाइयां खिलाईं और उपहार पाकर गदगद हुईं। सुबह से ही भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक इस अनूठे पर्व रक्षाबंधन का हर्षोल्लास हर चेहरे पर झलक रहा था। तड़के से ही पर्व की हलचल घरों व गली चौबारों में महसूस की जाने लगी थी। बहनों ने स्नान व पूजन करने के बाद राखी की थाल सजाई। भाइयों के माथे पर रोली-चंदन, अक्षत का टीका किया और कलाई पर सुरक्षा की गुहार और वचन में लिपटी राखी सजा दी। भाइयों ने संकल्प निभाने के वादे के साथ उपहार भी भेंट किए। पर्व को लेकर बच्चों में खूब उत्साह रहा। रंग-बिरंगे परिधान पहने व उपहार पाकर वे निहाल हो रहे थे। गांव हों या शहर, हर घर, गली, चौबारे में राखी की धूम चहक रही थी। जो बहनें दूर थीं, वे भी अपनी ससुराल से अपने भाइयों के पास पहुंचीं और उन्हें राखी बांध रक्षा का वचन लिया। रक्षाबंधन को लेकर बाजार में विशेष चहल पहल देखी गई। बाजार में जगह जगह रखी और मिठाइयों की दुकानें सजी थीं। बहने दुकानों में राखी खरीदती नजर आई। राखी बाजार में इस वर्ष अधिकांशतः देसी राखी ही बिक्री होती दिखी। अधिकांश लोग सितारा और नग वाली राखी खरीदते देखे गए। इस बार में पूर्व की भांति चाइनीज राखी बाजार से गायब दिखी।

**हर ओर दिखा जाम का झाम**

अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए दूर-दराज ससुराल से भी बहनें मायके पहुंची थीं। कहीं भाइयों ने भी उनकी ससुराल जाकर राखी बंधवाई। इससे सड़कों पर भी खूब चहल-पहल रही। शहर से लगायत ग्रामीण अंचल तक की सड़कों पर पूरे दिन जाम का झाम रहा। वाहनों में जाती भीड़ पर्व की व्यस्तता का प्रमाण दे रही थी।





# 17 वां कांवडिया स्वागत समारोह व हेल्पलाइन का कन्या भोज कर कार्यक्रम हुआ संपन्न

**✻ समापन के दौरान 101 कन्याओं को कन्या भोज कराया गया**

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी



**मोहम्मदी खीरी।** कांवरिया स्वागत समारोह एवं कांवरिया हेल्पलाइन कार्यक्रम का समापन कन्या भोज करवा कर किया गया।17 कांवरिया स्वागत समारोह कांवरिया हेल्पलाइन के आयोजक समाजसेवी शिवम राठौर ने बताया साठ दिवसीय कार्यक्रम में इस बार हर बार का रिकॉर्ड मेले का टूटा है भंडारे में लाखों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया है।सफलता पूर्वक भंडारे का पूरा श्रेय बाबा को समर्पित कर रहा हूं।सफल आयोजन संपन्न होने पर 101 कन्याओं को कन्या भोज कराकर कार्यक्रम का समापन के दौरान कन्याओं पर पुष्प वर्षा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई।गोला मोहम्मदी मार्ग पर कांवरियों के किसी भी प्रकार की समस्याओं को लेकर सुविधा के लिए 10 किलोमीटर की परिधि में फ्लेक्स लगाए गए थे। कांवरिया हेल्पलाइन के द्वारा कांवरियों द्वारा लगाए गए फ्लेक्स पर सूचना मिलने पर तत्काल प्रभाव से उनको सुविधा उपलब्ध कराई गई जिसमें 11 ट्रैक्टर 23 गाड़ियों के पंचर 20 मोटरसाइकिलों की मरम्मत 6 जनरेटर की मरम्मत तीन साइकिल मरम्मत सैकड़ो कांवरियों को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया, पंडित चंद्रभाल मिश्र, संजीव मेहरोत्रा, ठाकुर दिनेश सक्सेना, प्रदीप वर्मा पप्पू, मनोज गुप्ता, गोविंद गुप्ता, रजनी सैनी, सुशील वर्मा, सभासद राम सिंह, उर्मिला देवी, बिजेंदर,उदय प्रताप, लक्ष्मी कुशवाहा, आशीष, मोनू, करन राठौर, पुनीत बाजपेई, नीरज राठौर, अनूप, शिवम सिंह, अमन राठौर, नंदू राठौर, नन्हे, आनंद, संदीप मिश्रा, अर्जुन राठौर, अश्विनी कश्यप, बबलू, अश्वनी राजपूत, राजीव,ओम प्रकाश, शिव पूजन राठौर, विपुल भारद्वाज, गौरव, नीरज सक्सेना, सागर राठौर, अंकित गौतम, योगी, धर्मेंद्र कश्यप, जितेंद्र, काजू कारीगर, अंकित सिंह, धनीराम, मुदित, हरिराम सैनी, ऋषभ सैनी, गोपाल मिश्रा, प्रमोद, सहित कार्यक्रम के सहयोगी मौजूद रहे।

# मां संकटा देवी धाम में श्रवण मास पूर्णिमा के मौके पर भव्य महाआरती का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



मां संकटा देवी धाम में श्रवण मास की पूर्णिमा के मौके पर गुरुवार को भव्य महाआरती का आयोजन हुआ। आरती का शुभारंभ मंदिर के पुजारी पुरूषोत्तम शुक्ल, समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी द्वारा किया गया। महाआरती में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। श्रावण मास की पूर्णिमा के मौके पर मंदिर परिसर में स्थित शिव मंदिर की विशेष सजावट की गई। मां संकटा देवी धाम में श्रावण मास की पूर्णिमा के मौके पर संगीतमयी महाआरती का शुभारंभ गणेश वंदना, अंबे तू है जगदंबे काली, ओम जय शिव ओंकारा सहित कई अन्य स्तुतियों से किया गया। आरती को प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, कृतार्थ मिश्र, रिषभ अवस्थी, विशाल गुप्त सहित अन्य लोगों ने स्वर दिया। धाम का भव्य श्रृंगार मंदिर समिति द्वारा किया गया। महाआरती में भाग लेने के लिये बाबा के भक्त शाम साढे छह बजे से जुटना शुरू हुये। गुरुवार को साढे सात बजे से प्रारम्भ हुयी महाआरती में राजकुमार वर्मा, किरन वाजपेयी, सोनी जायसवाल, राजकुमार पांडेय, लेख गुप्ता, मोहिनी मिश्रा, अल्पना त्रिपाठी, आरजे वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुभक्त मौजूद रहे।

# आमने सामने दो बाइकें भिड़ी बाइक सवार गंभीर रूप से घायल



जन एक्सप्रेस । भीरा-खीरी

भानपुर-बरमबाबा राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह करीब 11बजे भानपुर गांव के समीप स्थित राधास्वामी आश्रम के सामने दो बाईकों में भीषण टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको उपचार हेतु बिजुआ सीएचसी ले जाया गया। जहां पर घायलों स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बताते चलें मामला भानपुर बरमबाबा राजमार्ग के मध्य स्थित राधास्वामी आश्रम के पास का है जहां पर मगतराम पुत्र रामऔतार (30) वर्ष निवासी भानपुर खुर्द जो अपने रिश्तेदार को छोड़ने भीरा गया था और वापस आते समय करीब 11 बजे सुबह भानपुर की ओर से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उसका एक पैर फ्रैक्चर हो गया वहीं सामने से आ रहे थाना फरधान क्षेत्र के निवासी राजकुमार का एक हांथ फ्रैक्चर हो गया और दोनों की बाइक के अगले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। मौके पर पहुंची भीरा पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से बिजुआ सीएचसी ले जाया गया जहां पर घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# चलती बाइक पर तेंदुए ने अचानक किया हमला, युवक हुआ घायल

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** वन रेंज गोला क्षेत्र में जमुनाबाद फार्म के निकट शारदा ब्रांच नहर की पटरी पर जा रहे बाइक सवार पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। हमले में घायल युवक को गोला सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।शुक्रवार दोपहर बक्खारी गांव निवासी 34 वर्षीय प्रमोद कुमार बाइक से नहर के निकट तालाब में मछली पकड़ रहे अपने एक रिश्तेदार को खाना देने जा रहा था। जैसे ही वह बाइक से जमुनाबाद फार्म के किनारे बड़ी नहर की पटरी पर झाल के पास पहुंचा, तभी झाड़ियों में छिपे बैठे तेंदुए ने उसे पर छलांग लगा दी।

### तेंदुए ने दबोच ली थी गर्दन

तेंदुआ उसकी गर्दन से पकड़कर झाड़ियां की ओर खींचने लगा। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार लोग शोर मचाने लगे। इससे तेंदुआ प्रमोद को छोड़कर झाड़ियों में घुस गया। लोगों ने घायल प्रमोद को 108 एंबुलेंस से गोला सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना पर वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और जानकारी हासिल की। उन्होंने ग्रामीणों से खेतों में टोली बनाकर जाने को कहा है।
रेंजर संजीव कुमार तिवारी ने बताया कि ग्रामीण पर तेंदुआ ने हमला किया है। निगरानी में टीम को लगा दिया गया है। इधर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रमोद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**अदालती सूचना**
**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**
**न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) मलिहाबाद, लखनऊ**
प्रकीर्ण वाद सं0 : 680/2023
तारीख पेशी- 25.09.2023
**प्रशान्त सिंह**
**बनाम**
**जाय0 स्व0 जगबीर सिंह**

प्रशान्त सिंह, आयु लगभग 38 वर्ष पुत्र स्व0 जगबीर सिंह निवासी- म0न0- सी-1/50 विपुल खण्ड, गोमती नगर, तहसील व जिला लखनऊ।

.....प्रार्थी/आवेदक

**बनाम**

1. जायदाद स्व0 जगबीर सिंह पुत्र स्व0 बलबीर सिंह निवासी- 4/110, निकट के के पैलेस, विकास नगर, लखनऊ, उ.प्र- 226022, 2. श्रीमती कविता सिंह, आयु लगभग 42 वर्ष पुत्री स्व0 जगबीर सिंह, विपक्षीगण पत्नी श्री विवेक सिंह निवासिनी - 6/645, विकास नगर, लखनऊ।

......विपक्षीगण

चूंकि उपरोक्त नामांकित प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि **धारा 372 भा0 उ0 अधिनियम** अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए **25.09.2023** के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षी रून सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक **09.08.2023** के दिवस को दिखाई गयी।

-मोहर अदालत

# हापुड़ अधिवक्ता कांड के सम्बंध में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**महमूदाबाद।** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की मामले में पुलिस द्वारा जांच के लिए बनाई गई कमेटी के विरोध में अधिवक्ता संघ के आवाहन पर शुक्रवार को महमूदाबाद लायर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। ज्ञापन में निष्पक्ष जांच के लिए कमेटी में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जज व बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को सामिल किए जाने की मांग की गई है।

शुक्रवार की दोपहर लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद वर्मा व महामंत्री वेद प्रकाश शर्मा की अगुवाई में अधिवक्ता अखिलेश वर्मा, पुरुषोत्तम शुक्ल, राकेश कुमार, गौरव श्रीवास्तव, शीवेंद्र सिंह, राज किशोर मौर्य सहित करीब दो दर्जन अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम शिखा शुक्ला को सौंपा। ज्ञापन में हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के बाद पुलिस द्वारा मंडलायुक्त मेरठ की अध्यक्षता में आईजी मेरठ पुलिस, डीआईजी मुरादाबाद को सामिल करते हुए जांच कमेटी बनाई गई है। अधिवक्तााओं ने जांच कमेटी पर भरोसा न होने की बात कहते हुए कमेटी में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जज व बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को सामिल किए जाने की मांग की है।

## डीएम ने किया वेयरहाउस का निरीक्षण, देखा एक्सेप्टेंस टेस्ट प्रोसीजर

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

लोकसभा चुनाव अगले साल होने हैं, लेकिन अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गयी है। खीरी जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड, पंचकुला हरियाणा से प्राप्त 3600 वीवीपैट की एक्सेप्टेंस टेस्ट प्रोसीजर अर्थात एटीपी 24 अगस्त से चल रही है, उक्त कार्य को भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड, से आये इंजीनियरों के माध्यम से कराया जा रहा है। इस कार्यो के पर्यवेक्षण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ शुक्रवार को वेयरहाउस का निरीक्षण किया और उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक वीवी पैट की जॉच भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड, के इंजीनियरों के माध्यम से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, यह कार्य 02 सितंबर तक पूर्ण होने की सम्भावना है।उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र, लखनऊ द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 11 सितंबर 2023 से आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रयोगार्थ जनपद उपलब्ध ईवीएम एवं वीवी पैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य भी भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड, के इंजीनियरों की टीम द्वारा कराया जायेगा। इस हेतु अपर उप जिलाधिकारी राजीव निगम को नोडल अधिकारी नामित किया गया है,जिनके पर्यवेक्षण में जनपद में उपलब्ध ईवीएम -वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

## उमरिया गावँ की शीतल ने पीसीएस-जे की परीक्षा में लहराया परचम

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) परीक्षा में महोली के उमरिया गांव की शीतल सिंह ने परचम लहराया है। शीतल को 47वां स्थान मिला है। पहले ही प्रयास में उन्हें यह सफलता मिली है। शीतल ने बताया कि वह 2019 में ग्रेजुएशन के बाद से ही तैयारी कर रही थीं। 2014 में क्लैट पास कर डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में शीतल सिंह। -संवाद प्रवेश लिया। यहां से बीए एलएलबी की परीक्षा पास की। इसके बाद पीसीएस-जे की तैयारी में जुट गई। इससे पूर्व हरियाणा की ज्यूडिशरी सर्विस की मुख्य परीक्षा दी थी, हालांकि उसमें इंटरव्यू तक नहीं पहुंच पाई थीं। वह सफलता का श्रेय मां सरिता सिंह व पिता महेंद्र सिंह तोमर को देती हैं। मां गृहिणी व पिता बिहार स्थित विष्णु शुगर मिल गोपालगंज में प्रोडक्शन हेड हैं। मामा संजीव सिंह अपर जिला जज अलीगढ़ के पद तैनात है बड़े ताऊ अर्जुन सिंह, करन सिंह बड़े दादा कुलदीप सिंह अभिमन्यु सिंह और पूरे गांव में खुशी की लहर सबने बधाई दी।

## परगना मगदापुर को गोला से काटकर मोहम्मदी तहसील में जोड़े जाने का हुआ विरोध

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** शुक्रवार को सेंट्रल बार एसोसिएशन गोला की बैठक में गोला तहसील से परगना मगदापुर को अलग कर मोहम्मदी तहसील से जोड़े जाने के संबंध में गंभीर चिंतन करते हुए बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विरोध व्यक्त किया। इस मामले में गोला विधायक अमन अरविन्द गिरि को अवगत कराया कि मगदापुर परगना को गोला तहसील से अलग कर मोहम्मदी तहसील में जोड़ा जा रहा है जो कि अनुचित है।बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विधायक से बैठक में ज्ञापन देते हुए आग्रह किया कि मगदापुर को गोला तहसील में ही रखा जाए।यही गोला तहसील के वकीलों के हित में है। सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभा में विधायक को यह भी संज्ञान दिलाया कि पूर्व में भी ऐसा करने का प्रयास किया गया था किंतु तत्कालीन विधायक अरविन्द गिरि के प्रयासों से मगदापुर गोला तहसील में ही रहा।एसोसिएशन पदाधिकारियों ने उक्त विषय हेतु अमन अरविन्द गिरि को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि वे आशा करते है कि गोला विधायक अपने प्रयासों से मगदापुर को मोहम्मदी तहसील में जुड़ने से रोक लगवाने के सार्थक प्रयास करेंगे।उक्त बैठक में सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, महामंत्री संजय वर्मा, संरक्षक राजेश गिरि, रामकुमार गौतम, अधिवक्ता नरेंद्र शुक्ल, सुरेश शर्मा, आशीष मिश्र, रुआं दीक्षित, संत कुमार भारती, संदीप अवस्थी सहित भारी संख्या में तहसील गोला के वकील उपस्थित रहे।

# चोरों ने एक रात में चटकाए तीन घरों के ताले, लाखों के आभूषण किए पार



**जन एक्सप्रेस । उरई**

एक बार फिर सक्रिय हुए चोर ग्रोह के सदस्यों ने उप निरीक्षक व कांस्टेबल समेत तीन घरों को निशाना बना लिया। जो एक रात में तीनों घरों के ताले चटकाकर सोने चांदी की कीमती आभूषणों के अलावा लाखों रुपए की नगदी समेटकर रफूचक्कर हो गए।

शहर कोतवाली क्षेत्र के चुर्खी बाईपास नया पटेल नगर निवासी उपनिरीक्षक मनमोहन रत्नाकर माती में पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात हैं, और घर पर परिजन रहते हैं। बताया गया है कि पत्नी शशि रत्नाकर रक्षांबधन को लेकर अपने मायके खजुराहों गई हुई थी। तभी गुरुवार की रात चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर का ताला चटका दिया। जहां पर चोरों ने कमरे में रखी अलमारी बक्से तोड़कर उसमें रखे एक सोने का हार, बाजूबंद, तीन अंगूठी, व ढाई किलो चांदी के आभूषण व 75 हजार नगदी चोरी कर ली और मौके से रफूचक्कर हो गए। शुक्रवार की सुबह जब वह घर पहुंचे तो बिखरा अन्दर बिखरा पड़ा सामान व टूटे ताले देखे उनके होश उड़ गए।

अलमारी बक्सों से गायब नगदी जेवर, देखकर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनके यहां लगभग आठ लाख की चोरी हुई है। वहीं चोरों ने उसने घर के पास ही रहने वाली महिला सिपाही शिल्पी पाल के घर को भी निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। शिल्पी ने बताया कि वह महोबा जिले में एसपी कार्यालय में तैनात है। घर पर पति सहित परिवार के लोग रहते हैं। गुरुवार को पति घर में ताला डालकर महोबा चले गए थे। तभी देर रात बंद घर से चोरों ने ताला तोड़कर कमरे में रखी अलमारी तोड़कर उसमें रखी सोने की तीन अंगूठी, कान की बाली, पायल लगभग बीस हजार की नगदी पार कर दिए। सुबह ताला टूटा देख पड़ोसियों ने चोरी हो जाने की जानकारी दी। इसके साथ ही चोरों ने करसान रोड कादरी कालोनी के पास रहने वाले मोबाइल मिस्त्री रमजान मंसूरी के सूने घर से अलमारी में रखी दो लाख तीस हजार की नगदी पार कर दी। उन्होंने बताया कि रक्षाबंघन को लेकर वह अपने भाई के घर चला गया था।

## कजली महोत्सव में माड़ौ की लड़ाई का मंचन देख दर्शक हुए भाव विभोर

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

कजली महोत्सव मे महोबा विकास एवं संरक्षण समिति के मंच पर पं0 रामसेवक तिवारी एवं संगीताचार्य पं0 जगप्रसाद तिवारी के निर्देशन पर माड़ौगढ़ की लड़ाई का मंचन किया गया, जो रात्रि 10 बजे से 12 बजे तक चला। आल्हा, ऊदल अपने पिता का बदला लेने के लिए माण्डवगढ़ पर चढ़ाई करने वहॉ के राजा करिया का वध करके लाखापातुर, गजपश्चावत हाथी, पपीहा घोड़ा, नवलखाहार जो राजा करियां महोबा दशहरपुरवा से लूट ले गया था। आल्हा ऊदल ताला सैय्यद अपनी वीरता से पुनः माण्डवगढ़ से इन सभी को वापिस ले आते है और विजय उत्सव मनाते है। इस प्रकार माड़ौ की लड़ाई मंचन का जीवंत अभिनय देखकर हजारों की संख्या मे दर्शक देररात तक डटे रहे। इस अवसर पर सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल पूर्व सांसद विजय बहादुर सिंह, कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष जे0पी0 अनुरागी, न0पा0प0 अध्यक्ष डॉ0 संतोष चौरसिया, जिलाधिकारी मनोज कुमार, एसडीएम जीतेन्द्र सिंह, सीओ सदर, रामप्रवेश राय, मेला प्रभारी सीएल साहू सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। नाटक का संगीत संयोजन संगीताचार्य पं0 जगप्रसाद तिवारी ने किया। प्रधान संगठन चित्रकूट मण्डल अध्यक्ष पं0 रामसेवक तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

## हर हर महादेव के जयघोष के साथ जारी रहा भण्डारा

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** गुरू गोरखनाथ की तपोस्थली गुखार पर्वत की तलहटी मे स्थापित पुरातात्विक महत्व से परिपूर्ण शिवताण्डव मंदिर परिसर मे आयोजित भण्डारे के दूसरे दिन सैकड़ो श्रद्धालु भक्तो ने प्रसाद का आनन्द उठाया। गौरतलब हो कि गुखार पर्वत की तलहटी मे पूर्व मे स्थानीय प्रशासन द्वारा कजली मेले के दूसरे दिन भव्य मेले का आयोजन कराया जाता रहा है जिसे स्थानीय लोग गुदरी का मेला भी पुकारते थे परन्तु बदले परिवेश मे जिला प्रशासन द्वारा गुखार पहाड़ के निकट आयोजित होने वाले मेले को मात्र दंगल तक ही सीमित कर दिया है। यहा स्थानीय प्रशासन द्वारा न तो मेले जैसी कोई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है और न ही लोगो के मनोरंजन एंव आकर्षण का कोई इंतजाम किया जाता है। स्थानीय निवासियो मे जिला प्रशासन द्वारा गुदरी के मेले को हासिये पर डाल देने से काफी रोश व्याप्त है। वही दूसरी ओर स्थानीय वरिष्ठ पत्रकार भगवानदीन यादव द्वारा गुदरी की याद ताजा बनी रही इसलिए विगत 10 वर्षो से शिवताण्डव मंदिर परिसर मे तीन दिवसीय भण्डारे का आयोजन कराया जा रहा है जिससे इस स्थान पर लोगो का आना जाना लगा रहे। न केवल उनका यह प्रयास ऐतिहास को बचाये रखने की एक महात्वकांक्षी मुहिम है बल्कि साधु सन्यासियो सहित स्थानीय लोगो को भण्डारे के नाम पर ज्यादा से ज्यादा संख्या मे गुखार पहाड़ से जोड़े रखने का अनुपम प्रयास है उनके इस प्रयास मे, हनुमान महाराज, पंकज परिहार, विजय प्रताप सिंह, रामकुमार बुधौलिया, मुकेश यादव, विनोद, चतुर सेन, नरेश, पुष्पेन्द्र, अरविन्द्र आदि सराहनीय भूमिका का निर्वाहन कर रहे हैं।

## पुलिस लाइन परेड में एसपी ने परखी जवानों की फिटनेस

**जन एक्सप्रेस । उरई**



पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में शुक्रवार के परेड की सलामी ली। इसके बाद फील्ड यूनिट टीम द्वारा अधि./कम.र्गण को आपराधिक घटनाओं में वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन, क्राइम सीन को सुरक्षित करने आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली। परेड में पुलिस अधीक्षक ने रंगरुटों के साथ दौड़ लगाकर उनकी फिटनेस परखी। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों व रंगरुटों को उत्तम स्वास्थ्य के टिप्स भी दिए। इस दौरान एसपी ने थाना पुलिस, डाग स्क्वायड, फील्ड यूनिट आदि का भी निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया और देखरेख व कुशल संचालन का निर्देश दिया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों से शस्त्र संचालन व शास्त्र का अभ्यास कराया। साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को कर्तव्यों का सही प्रकार से निर्वहन करने व जनता के साथ सद्व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया गया। क्वाटर गार्ड के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने गार्ड की सलामी ली और शस्त्रागार, भोजनालय, बैरक, पुलिस लाइन परिसर, महिला थाने का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके बाद आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक पारस नाथ चौधरी, यातायात शाखा प्रभारी व पुलिस लाइस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## ब्रांडेड खाद की बोरियों में बेंच रहे थे नकली खाद

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

जिलाधिकारी के आदेश पर बुधवार को नगर कोतवाली अंतर्गत किसान पथ के पास टीन शेड में बने गोदाम में जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने पूर्व सूचना के आधार पर छापा मारकर भारी मात्रा में नकली खाद जिप्सम व उसे बनाने के उपकरण बरामद किए है। साथ ही जिला कृषि अधिकारी ने गोदाम में उपस्थित दो सुपरवाइजरों को नगर कोतवाली को आवश्यक कार्रवाई हेतु सुपुर्द किया है। बता दें कि जिला कृषि अधिकारी को पूर्व में मिली सूचना के आधार पर पता चला कि शहर के करीब किसान पथ पर 13 सेठ का गोदाम बना हुआ है।जिसमें भारी मात्रा में नकली खाद बनाई जा रही है साथ ही उस नकली खाद को ब्रांडेड कंपनियों की बोरियों में भरकर बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर बुधवार को जिला कृषि अधिकारी ने अपनी टीम सहित गोदाम पर छापा मारकर भारी मात्रा में नकली खाद जिप्सम व अन्य सामग्री बरामद की है। यहां टीम में पाया कि मैं सर्च हरियाली ऑर्गेनिक, एग्रो सुमेर सागर बरगदवा गोरखपुर कंपनी जिसके मालिक वीरेंद्र कुमार जायसवाल पुत्र रामराज है। जोकि गोरखपुर के सुमेरगंज के रहने वाले है। उन्होंने शहर के करीब नगर कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी गांव में खाद गोदाम खोलकर दो सुपरवाइजर यस श्रीवास्तव पुत्र नरेंद्र श्रीवास्तव निवासी माइंस चेचट जिला कोटा राजस्थान व प्रवीण मणि त्रिपाठी पुत्र जितेंद्र मणि त्रिपाठी निवासी भेलया जनपद कुशीनगर को नियुक्त किया था।

## एडिशनल इंस्पेक्टर व पालिका अध्यक्ष के साथ हुई मीटिंग, सीसीटीवी लगवाने पर हुए चर्चा

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



कोतवाली पुलिस अधिकारी व नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपराध नियंत्रण तथा अपराधियों पर निगरानी करने के उद्देश्य से नगर के सार्वजनिक स्थानों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में कोतवाली एडिशनल इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ ने पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव को अवगत कराया कि अपराधियो तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी रखने के उद्देश्य से नगर के अलग-अलग 10 सार्वजनिक स्थानों में 50 सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए जन सहयोग से योजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरा स्थापित हो जाने से अपराधिक गतिविधियां कैद हो जाया करेंगी। इससे अपराधों पर नियंत्रण होगा तथा शांत व्यवस्था कायम बनी रहेगी। चेयरमैन अरविंद यादव से मुलाकात कर अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक ने अनुरोध किया नगरीय क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने में पालिका प्रशासन सहभागिता का करे। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि इस विषय पर विचार करके सहयोग किया जाएगा।

## रेस्टोरेंट में डोसा को लेकर संचालक व कर्मचारियों के साथ की मारपीट

**जन एक्सप्रेस । उरई**

**शराब के नशे में धुत बताए गए हमलावर, रेस्टोरेंट संचालक ने दी तहरीर**

शराब के नशे में धुत दबंगों ने साउथ इंडियन रेस्टोरेंट में डोसा को लेकर संचालक और कर्मचारियों को पीट दिया। मारपीट की घटना का कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वारदात रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। पीड़ित पक्ष ने मामले को लेकर कोतवाली में शिकायत की है।

उरई कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित सिटी सेंटर में बने साउथ इंडियन डोसा इडली रेस्टोरेंट का है। इस रेस्टोरेंट का संचालन साउथ इंडिया के रहने वाले शिवा कई वर्षों से कर रहे हैं। गुरुवार देर शाम को आधा दर्जन से अधिक युवक शराब के नशे में धुत होकर रेस्टोरेंट पहुंचे और उन्होंने डोसा का ऑर्डर दिया। युवकों ने रेस्टोरेंट में पहले डोसा खाया, फिर घर के लिये डोसा पैक कराकर ले गए। कुछ देर बाद वही लड़के रेस्टोरेंट पर आए और पैक करवा कर लें जाने वाले डोसे को खराब बताने लगे। इसी बात को लेकर आरोपी रेस्टोरेंट संचालक के साथ अभद्रता करने लगे, जिसका विरोध करने पर हाथापाई शुरू कर दी।

इस दौरान संचालक को बचाने के लिये रेस्टोरेंट में काम करने वाले कर्मचारी आए तो युवकों ने सभी की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना से रेस्टोरेंट में अफरा तफरी मच गई। इसी दौरान कुछ युवकों ने इस घटना का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। साथ ही पूरा मामला रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। मारपीट की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच गई। तब तक हमलवार मौके से भागने में सफल हो गए। साथ ही पीड़ित पक्ष ने मारपीट करने वाले लड़कों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है।

## चार वर्ष बाद आरोपी को हुई तीन साल की सजा, 10 हजार का लगा जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । उरई**

न्यायालय के एससीएसटी कोर्ट में 4 वर्ष से अधिक ट्रायल पर चले मुकदमे के दौरान आरोपी को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों का साथियों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद साथ 10 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया।

शासकीय अधिवक्ता रणकेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि आटा थाना क्षेत्र के ग्राम संदी निवासी देव सिंह पुत्र मोती लाल की गांव के ही निवासी सुधीर तिवारी पुत्र शिवकुमार से 18 जुलाई 2019 को विवाद हो गया था। जिसमें सुधीर तिवारी ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उसे अपमानित कर दिया था। इस घटना की शिकायत पीड़ित ने आटा थाना पुलिस से की थी। जिस पर पुलिस ने घटना के दूसरे दिन ही 19 जुलाई को आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने 23 नवंबर 2021 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। एससी एसटी कोर्ट में चार साल से अधिक समय तक चली सुनवाई के दौरान गवाहों और साक्ष्य के आधार पर विशेष न्यायाधीश शिव कुमार ने आरोपी सुधीर को दोषी करार देते हुए तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## जुआ खेल रहे छह लोग गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । सिरसा कलार**

थाना क्षेत्र के ग्राम जखा के पास जुआ खेला जा रहा था। इसकी जानकारी थाने के उप निरीक्षक अभिलेख सिंह को हुई तो वह मौके पर पहुंके और उन्होंने रवि पुत्र भोला सिंह निवासी ग्राम जखा समेत 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 5625 रुपये। और एक ताश की गाड़ी बरामद हुई इस पर उन्होंने सभी अभियुक्तों के खिलाफ जी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## साइबर क्राइम सेल टीम ने ऑनलाइन फ्रॉड की गई धनराशि कराई वापस

**जन एक्सप्रेस । उरई**



एसपी की साइबर क्राइम सेल टीम ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। जिसमें बैंक स्टेटमेंट व तकनीकी विश्लेषण कर प्रभावी कार्रवाई करते हुए वित्तीय एजेंसियों, बैंक, बैलेंटो आदि से संपर्क कर आवेदकों की संपूर्ण धनराशि सफलतापूर्वक उनके खातों में वापस कराई।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आवेदक मुस्ताक अहमद ने प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उनके खाते से 1,28,500 रुपये फ्रॉड करके निकल गए हैं। वही सिराज अहमद ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें बताया था कि उसके खाते से 45 हजार रुपए की ठगी हुई। वही अनुष्का गुप्ता ने बताया था कि उनके बैंक खाते से 24,843 व सोनू के खाते से 10 हजार रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी करके उनकी धनराशि खाते से गायब कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक ईरज राजा द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए सभी मामले साइबर क्राईम सेल की टीम को सौंप दिया था। जिसके चलते टीम के प्रभारी और हमराहियों ने मिलकर शुक्रवार को आवश्यक कार्रवाई करते हुए अभियान चलाया और आवेदको द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक स्टेटमेंट व अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर तुरंत प्रभावी कार्रवाई करते हुए वित्तीय एजेंसियों, बैंक, बैलेंटो आदि से संपर्क कर आवेदकों की संपूर्ण धनराशि सफलतापूर्वक उनके खातों में वापस कराई। अपनी धनराशि वापस पीड़ितों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई और उन्होंने पुलिस व साइबर क्राइम सेल की टीम की भूरि भूरि प्रशंसा की।


## अदालती सूचना

**सम्मन वास्ते करारवाद**
**उमू तनकीह तलब**
**आर्डर-5 कायदा-1 व 5**
**न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0), कक्ष सं0-51, लखनऊ**
मूलवाद सं0 : 1485/2018
तारीख पेशी- 12.09.2023
**सैय्यद एहसान हैदर काजमी**
**बनाम**
**रौनक रजा**

सैय्यद एहसान हैदर काजमी उम्र लगभग 51 वर्ष पुत्र स्व0 सैय्यद तकी हैदर काजमी निवासी-म0 नं0 182/18 क, मशकगंज थाना- वजीरगंज लखनऊ।

.....वादी

बनाम

रौनक रजा (Raza) उम्र लगभग 77 वर्ष पुत्र स्व0 कुर्बान हुसैन निवासी-म0 नं.- 392/119ए, मोहल्ला मैदान एल0 एच0 खान पुलिस स्टेशन थाना- सआदतगंज लखनऊ।

.....विपक्षी

हरगाह वादी ने आपको नाम से एक नालिश बाबत **स्थायी निषेघाज्ञा** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख माह **12/09/2023 ई0 बवक्त 10 बजे** दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफ कार किया गया है और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हो बयान तहरीर **दिनांक 12.09.2023** को दाखिल करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख **24.08.2023** ई0 को जारी किया जाय।

**-मोहर अदालत**


## फास्ट फॉरवर्ड

### एकल अभियान के बैनर तले मनाया गया रक्षाबंधन, बहनों ने बांधी राखी

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में भाई-बहन के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी तरह के मान्यताओं को भुलाकर बहनों ने भाइयों को जमकर राखियां बांधी।कोतवाली बदोसरय में एकल अभियान के तहत बहनों ने थाना प्रभारी बदोसराय गजेंद्र प्रताप सिंह सहित समस्त पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। यहां बहनों ने एक-एक कर राम शंकर यादव,कालिका प्रसाद, हेड कांस्टेबल उमाशंकर, लक्ष्मीकांत तिवारी, बबलू कुमार, स्वाति साहू पीआरडी क्रांति देवी उपस्थित समस्त स्टाफ को राखी बांध कर रक्षा बंधन के इस भाई-बहन के पवित्र त्यौहार का जमकर आनंद लिया। इस एकल अभियान अभियान में प्रमुख राम मनोरथ यादव, अंचल ग्राम स्वराज योजना प्रमुख संजय कुमार, अंचल प्राथमिक प्रशिक्षण प्रमुख प्रशांत कुमार वर्मा, अंचल कार्यालय प्रमुख उदयराम संच प्रमुख, लक्ष्मी यादव, ग्राम समिति अध्यक्ष उत्तम वर्मा, आचार्य, मीनू, अमृता, गीता, पूजा, छाया आदि,बहने शामिल रही।

### फील्ड यूनिट घटनास्थल पर पहुंचकर करे समुचित कार्रवाई: एसपी

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को शहर की पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित परेड की सलामी ली और उपस्थित पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अनुशासन एकरूपता बनाए रखें। पीआरवी 112 वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित मानकों के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व रिस्पांस टाइम के बेहतर करने के निर्देश दिए। फील्ड यूनिट का निरीक्षण कर घटनास्थल पर पहुंचकर समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आगे पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर के मेस, बैरक आदि का गहनता से निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आदेश कक्षा में विभिन्न रजिस्टों व अभिलेखों को चेक कर उन्हें सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन सुमित त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक सुधार चंद्र मिश्रा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शातिर महिलाएं कर रही चेन-स्नेचिंग

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** बाजार मंदिर व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आने-जाने वाली महिलाएं महंगे आभूषण पहनकर न जाएं। खास तौर पर सोने की जंजीर की स्नेचिंग की घटनाओं के मामले में अब शातिर महिलाएं सक्रिय हो गई है। ताजा मामले में एक महिला पुलिस की सक्रियता से महिलाओं के गले से जंजीर पार करने वाली शातिर महिला को रक्षाबंधन के दिन नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिस पर आरोप है कि शीला पत्नी बबलू कुमार गौतम निवासी गोपालपुर थाना कपरियागंज जिला गोरखपुर ने शहर के पटेल चौराहे पर रक्षाबंधन के दिन भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर लखनऊ जनपद से अपने भाई के घर आई लक्ष्मी पांडेय पत्नी बृजेश पांडेय निवासी फैजुल्लागंज के गले में पड़ी सोने की चेन को काटने की कोशिश करने लगी। इस बीच लक्ष्मी को आभास हुआ कि उसकी गले की जंजीर कट गई है। जिससे उसने तेजी से चैन स्नैचिंग करने वाली शातिर महिला का हाथ पकड़ लिया। जिसके बाद शोर-शराबा सुन वहां मौजूद महिला कांस्टेबल ने फुर्ती दिखाते हुए शातिर महिला को धर दबोचा।

### न्यायालय के आदेश पर पांच पर हुई गैंगस्टर की कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को नगर कोतवाली पुलिस ने पांच पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। यह सभी पांचों आरोपी गैंग सरगना रितेश पुत्र उमाशंकर वर्मा, बलवीर वर्मा पुत्र स्वर्गीय राम कुमार वर्मा निवासी मोहम्मदपुर मजरे गाल्हामऊ पोस्ट लक्ष्मणपुर थाना सतरिख, सुरेंद्र पासी पुत्र स्वर्गीय राजा राम निवासी बस्तौली पोस्ट अमेठी थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ, रंजीत पासी पुत्र रामलाल निवासी बास्तिया थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ व पुत्तन पुत्र भगत निवासी मोहल्ला मुचकुरिया निकट पानी की टंकी कस्बा व थाना मौरांवा जनपद उन्नाव के रहने वाले है। इन सभी पर आरोप है कि आरोपियों ने गैंग सरगना रितेश के साथ मिलकर आर्थिक लाभ हेतु लगातार अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया है। जिसके चलते इन पर कई आपराधिक मामले थाना सतरिख सहित अन्य जनपदों में दर्ज है।

### एक हजार बहनों ने जेल में बंद भाईयों के कलाई में बांधी राखी

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** रक्षाबंधन पर जिला कारागार में बड़ी संख्या में हिंदू और मुस्लिम बहनों ने अपने-अपने भाइयों के कलाई पर राखी बांधकर उन्हें रक्षाबंधन के लिए उपहार दिया। इस दौरान 1 हजार से अधिक बहनों व 200 से अधिक रिश्तेदारों ने बंदियों से मिलकर इस पवित्र त्यौहार की शुभकामनाएं दी। नजारा ऐसा की बहने भावुक हो गई और वह अपने आंसू न रोक सकी। यहां एक बहन ने बताया कि वह बीते 1 वर्ष बाद अपने भाई को देख रही है। जिससे उसकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। आज के दिन कोई दीवार या सरहद उन्हें अपने भाई से मिलने के लिए रोक नहीं सकती है। जेल में उपस्थित पुलिसकर्मी जलाने वाली महिलाओं को मिठाई खिलाकर उनके भाइयों से मिलवा रहे थे। इस मौके पर जेल अधीक्षक कुंदन कुमार, जेलर आलोक शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/रामसनेहीघाट-बाराबंकी।**स्थानीय कोतवाली पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में अवैध चाकू लेकर घूम रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही शुरू कर दी है। बता दें कि कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भिटरिया हैदरगढ रोड पर दयाराम पुरवा गांव के नहर के पास से बिन्द्रा पुत्र महादीन निवासी परवानी का पुरवा मजरे भठिया थाना असंन्द्रा को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी तलाशी के दौरान उसके पास एक अवैध चाकू बरामद किया गया। पूछताछ में बिंद्रा ने पुलिस को बताया कि उसके द्वारा लोगों को डराने एवं धमकाने के लिए चाकू रखा गया था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है।

### पड़ोसी युवक नाबालिग लड़की को लेकर हुआ फरार

**जन एक्सप्रेस/रामनगर-बाराबंकी।** थाना रामनगर क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले नाबालिग लड़की को उसी के पड़ोस में रहने वाला एक नवयुवक लेकर फरार हो गया। जिसके संबंध में पीड़ित पिता ने कोतवाली को शिकायती पत्र देकर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। नाबालिक लड़की को पड़ोस के गांव पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में पिता ने कहा है कि गांव का सूबेदार पुत्र चतुरी बीती 11 अगस्त की रात 12 बजे उसकी पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले गया। जिसके संबंध में पीड़ित पिता ने थाना रामनगर पहुंचकर मुकदमा भी दर्ज कराया। लेकिन पुलिस के ढुलमुल रवैया से नाबालिक बेटी का पता नही चल पाया है। वहीं पीड़ित पिता ने उसकी पुत्री के साथ किसी अनहोनी के होने की शंका जताई है। इधर दो भाइयों में अकेली बहन होने के चलते रक्षाबंधन पर दोनों भाइयों की कलाई सुनी रह गई।

### सानिया की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** शहर के अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इंटर कॉलेज की पढ़ने वाली 14 वर्षीय छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले में आत्महत्या से पहले लिखे गए सुसाइड नोट में पीड़ित ने विद्यालय के शिक्षिका पर उसका जाति और आर्थिक रुप से कमजोर होने के चलते मानसिक शोषण करने का आरोप लगाया है। हालात इतने बिगड़ गए कि पीड़िता फांसी लगाने को मजबूर हो गई। इस हादसे के बाद पीड़ित की एक अकेली बहन ने भी स्कूल जाना छोड़ दिया है। मामले में एसपी के निर्देश पर नगर कोतवाली ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। असल में शहर के सरकारी संस्थान अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली शनिया नाम की 14 वर्षीय छात्रा को शिक्षका वस्पी खातून ने 11 सो रुपए फीस लेकर रसीद कम की दे दी। गरीबी के कारण सानिया ने इसका विरोध किया। परिजनों का आरोप है इसके बाद सानिया को प्रताड़ित किया जाने लगा। शिक्षिका ने छात्रा से कहा कि गरीब और नीची जाति की होकर ऊंची जातियों की बराबरी करती हो। यह सब सुनकर सानिया इतना आहत हुई कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल मामले में एसपी के निर्देश पर नगर कोतवाली ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रामनगर के नए थाना प्रभारी रत्नेश कुमार पांडेय

**जन एक्सप्रेस/रामनगर-बाराबंकी।** एसपी दिनेश कुमार सिंह ने रक्षाबंधन की देर शाम चार प्रभारी निरीक्षकों के कार्यभार में बदलाव कर दिया। जिसमें अबतक प्रभारी निरीक्षक रहे थाना कोठी अनिल सिंह व प्रभारी निरीक्षक रामनगर सुरेश पांडेय को जिले की अपराध शाखा में भेजा गया है। वहीं इनकी जगह पर प्रभारी मॉनिटरिंग सेल रहे अरुण कुमार सिंह को प्रभारी निरीक्षक कोठी व प्रभारी मीडिया सेल रहे रत्नेश कुमार पांडेय को प्रभारी निरीक्षक रामनगर के पद की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# जनपद के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

- मुख्यमंत्री ने प्रबुद्ध जनों के साथ किया संवाद, प्रदेश सरकार की योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचने में की सहयोग की अपील
- मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध देवीपाटन मंदिर पर किया रात्रि विश्राम
- गुरुवार की सुबह मंदिर में पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक कर गायों को खिलाया गुड और चारा

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार की शाम को जनपद के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे उन्होंने रात्रि में प्रसिद्ध देवीपाटन मंदिर पर विश्राम किया गुरुवार की सुबह दौरे के दूसरे दिन देवीपाटन मंदिर में पूजा अर्चना की। साथ ही सीएम ने गौशाला में गायों को गुड़ और चारा भी खिलाया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद के प्रबुद्धजनों के साथ संवाद करते हुए प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजन सरकार की योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाए, उन्हें चिन्हांकित किया जाए। शासन स्तर पर जो भी योजनाएं संचालित हो रही हैं, उनके प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। इसके साथ ही व्यक्तिगत स्तर पर भी डॉक्टर्स, प्रोफेसर एवं अन्य प्रबुद्धजन अपनी योग्यता का लाभ आमजन तक अवश्य पहुंचाएं। इस दौरान विधायक सदर पलटूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा, मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र, डीआईजी देवीपाटन मंडल, जिलाधिकारी अरविंद सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह व जनप्रतिनिधिगण, अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीएम ने मंदिर में की देवी अराधना, गोशाला में गायों को किया दुलार

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह बलरामपुर के देवीपाटन मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की। उन्होंने मंदिर में देवी की अराधना की। इस दौरान सीएम ने रूद्राभिषेक में भी भाग लिया। इसके बाद वो गौशाला पहुंचे और यहां गायों को दुलार किया और गुड़ व चारा खिलाया।




## प्रबुद्ध जनों से सीएम ने की जनता तक अपनी विशेषज्ञता का लाभ पहुंचाने की अपील

विभिन्न वर्गो के प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद करते हुए सीएम योगी ने उनसे आग्रह किया कि वो जिस भी फील्ड के विशेषज्ञ हैं, उसका लाभ आमजन तक अवश्य पहुंचाएं। इसके साथ ही सरकार की योजनाओं के विषय में लोगों को जागरूक करें। उन्होंने डॉक्टरों से संवाद करते हुए कहा कि वो प्राइवेट प्रैक्टिस करते हुए भी जन कल्याण का कार्य करते रहें। जो लोग भी जरूरतमंद हैं, उनकी मदद करें। जिस किसी को भी इलाज में सरकारी योजना का लाभ दिलाने की आवश्यकता हो, उसके लिए प्रयास करें। शासन की ओर से जन आरोग्य, आयुष्मान समेत तमाम योजनाएं संचालित हो रही हैं, इनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में आप अहम कड़ी साबित हो सकते हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी मुख्यमंत्री ने अपील की कि वो न सिर्फसरकार की योजनाओं का प्रचार करें, बल्कि अन्य लोगों को भी जोड़ें। इसके अतिरिक्त सीएम ने रिटायर्ड शिक्षकों, प्रोफेसर्स, किसानों, एफपीओ से जुड़े लोगों एवं खिलाड़ियों समेत सभी 25 प्रबुद्धजनों को अपने-अपने स्तर पर समाज में योगदान देने की अपील की।

## सकुशल संपन्न हुआ कोटेदार का चुनाव

**जन एक्सप्रेस/महबूबगंज/अयोध्या।** ग्राम सभा उनियार बाजार में कोटेदार का चुनाव शकुशल संपन्न हुआ जिसका परिणाम भी घोषित हो गया है दीपक पुत्र रामनिहाल 05 वोट, पवन सोनी पुत्र स्व0 शिवप्रसाद सोनी 221 वोट मिले। वहीं मिथिलेश सिंह पत्नी रणजीत (चिंटू) सिंह 299 वोट प्राप्त कर विरोधियों को पस्त किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान दुर्गेश कुमार सोनी, एडीओ पंचायत संतोष कुमार तिवारी, सिक्रेटरी राजाराम, लवकुश यादव, संपूर्णा, इस्पेक्टर गोशाईगंज, ईश्वर नारायण मिश्रा, चौकी इंचार्ज महबूबगंज मुनिमन रंजन दूबे, एस आई कमलेश, हेड कांस्टेबल जगत यादव, राजेंद्र यादव, अभिषेक यादव, कांस्टेबल रमाकांत, जगदीश सहित आदि लोग उपस्थित रहे और नवनिर्वाचित कोटेदार मिथिलेश सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं भी प्रेषित किया। मिथिलेश सिंह ने अपनी जीत का संपूर्ण श्रेय सम्मानित ग्रामवासियों को दिया उन्होंने कहा कि यदि हमारी सम्मानित जनता ने हमें यह अमूल्य अवसर प्रदान किया है तो मैं अपने कार्यकाल के दौरान ग्रामवासियों को कोई भी परेशानी का सामना ना करना पड़े इस हेतु उनके प्रति पूरी निष्पक्षता व पूर्ण निष्ठा से समर्पित रह कर अपने दायित्वों का निर्वहन करूँगी। नतीजा आने के बाद से ही मिथिलेश सिंह को बधाईयाँ दी जा रही है तथा ग्रामवासियों में खुशी की आशावादी लहर दौड़ रही है।

## आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से विभिन्न पत्रकार संगठनों में रोष



जन एक्सप्रेस। नानपारा/बहराइच

तहसील क्षेत्र के एक वरिष्ठ पत्रकार पर गत दिनों अराजक तत्वों ने हथियारों से लैस होकर हमला बोल दिया था जिसमें पत्रकार को गंभीर चोटें आई थी इससे पूर्व अराजक तत्वों ने पत्रकार की पत्नी पर भी हमला किया था पत्रकार की तहरीर पर पुलिस ने मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन आरोपियों के गिरफ्तारी नहीं की जिसको लेकर पत्रकार संगठनों ने एक बैठक की और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर रोष प्रकट किया। पुलिस की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठाए साथ ही मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है। नानपारा तहसील के पत्रकार संदीप अग्रवाल कई वर्षों से विभिन्न अखबारों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान समय में वह एक राष्ट्रीय कृत अखबार में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति से कई साल पहले कुछ जमीन बतौर बैनामा ली थी। जिस पर नगर क्षेत्र के एक भू-माफिया ने जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। इसकी जानकारी जब उनकी पत्नी को हुई तो वह मौके पर गई और कब्जा करने से रोकने का प्रयास किया। जिस पर भू माफिया और उनके साथ मौजूद लोगों ने महिला पर हमला कर दिया। महिला किसी तरीके से हमलावरों से जान बचाकर भागी और आकर अपने पति संदीप अग्रवाल को जानकारी दी। जब संदीप मौके पर पहुंचे और कब्जा करने से रोका तो भू माफियाओं और उनके सहयोगियों ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान उन्हें गंभीर चोटें आई। भूमाफियाओं के चंगुल से किसी तरीके से वह भी जान बचाकर भागी और थाने पर तहरीर दी। पीड़ित का कहना है कि पुलिस ने भू माफिया के दबाव में आकर मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। लेकिन अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है। विवेचना अधिकारी भी मामले में रुचि नहीं ले रहे हैं। विवेचक मामले को दबाने के प्रयास में है। घटना की जानकारी तहसील और जिला मुख्यालय के पत्रकारों को हुई। जिस पर पत्रकार संगठनों ने रोष जताते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## मुख्यमंत्री को संबोधित 5 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

# हापुड़ में अधिवक्ताओं पर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज के विरोध में वकीलों ने निकाला जुलूस, किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



उत्तर प्रदेश के हापुड़ की कचहरी में अधिवक्ताओं के ऊपर हुई बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज एवं गाजियाबाद में एक अधिवक्ता के चेंबर में घुसकर की गई निर्मम हत्या करने से आक्रोशित अयोध्या के सैकड़ो अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को कचहरी परिसर में नारेबाजी करते हुए जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी अयोध्या नीतीश कुमार को बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार सौपा गया। ज्ञापन में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र व महामंत्री सूर्य नारायण सिंह ने कहा कि ज्ञापन में अधिवक्ता सुरक्षा कानून तत्काल लागू किए जाने, जनपद हापुड़ के चोटहिल अधिवक्ताओं को कम से कम 50 लाख का मुआवजा देने तथा समस्त इलाज कराए जाने, पुलिस व प्रशासन के दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दंडित कराई जाने, शासन द्वारा घटना के संबंध में गठित कमेटी में बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं उसका एक सदस्य तथा न्यायाधीश को भी शामिल किए जाने एवं जांच कमेटी की अध्यक्षता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश के नेतृत्व में कराए जाने की मांग किया है। साथ ही जनपद गाजियाबाद में चेंबर में घुसकर अधिवक्ता को गोली मारे जाने के संबंध में दोषियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार कराए जाने एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर दंडित करते हुए अधिवक्ता परिवार को एक करोड़ की सहायता धनराशि तथा परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी के साथ-साथ परिवार को सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की गई है। बार एसोसिएशन के महामंत्री ने बताया कि बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के आवाहन पर अधिवक्ताओं ने हापुड़ के अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज किया गया। लाठी चार्ज में 25 से 30 अधिवक्ता गंभीर रूप से लाठी चार्ज में घायल हुए हैं। उसके बाद भी अधिवक्ताओं पर ही पुलिस ने फर्जी रूप से गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इसी सब के विरोध में अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को कचहरी परिसर में जुलूस निकाला।

इस दौरान आक्रोशित अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए हापुड़ के दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग किया है। मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रिय ज्ञापन जिलाधिकारी नीतीश कुमार को सौपा। बार काउंसिल के आह्वान पर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। वही प्रदर्शन में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बब्बन प्रसाद चौबे संजीव दुबे विजय बहादुर सिंह पारस नाथ पांडे दिनेश सिंह दूधनाथ मिश्रा प्रदीप चौबे प्रमोद कुमार पांडेय राजेन्द्र तिवारी राकेश वैद राकेश यादव मनोज सिंह गोविंद तिवारी प्रेम मोहन मालवीय सोमनाथ तिवारी मानवेंद्र दुबे अजय वर्मा हरिओम दुबे जितेंद्र श्रीवास्तव अरविंद कौल सहित सैकड़ो अधिवक्ता शामिल रहे।

# जागरूकता चौपाल में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की दी जानकारी

- अपराध छुपाने से अपराधियों का हौसला बढ़ जाता है: डॉ राजेश तिवारी

जन एक्सप्रेस। बीकापुर- अयोध्या



कोतवाली अंतर्गत नगर पंचायत के तेंदुआ माफी में संचालित देश दीपक आदर्श इंटर कॉलेज में शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जागरूकता चौपाल में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना मिशन शक्ति दीदी के तहत छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, शक्ति मोबाइल ,महिला हेल्प डेस्क, महिला रिपोर्ट, पुलिस चौकी परामर्श केंद्र आदि के बारे में जानकारी दी गई। साइबर क्राइम से बचाव के लिए भी जरूरी टिप्स दिया गया और जागरूक किया गया। हेल्पलाइन नंबर 1090 ,1076, 108, 112 ,181 के बारे में जानकारी दी गई। तथा छात्राओं में पंपलेट वितरण किया गया। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार तिवारी न केवल अध्यापक की भूमिका में नजर आए बल्कि उन्होंने स्कूली छात्राओं से रूबरू होते हुए अभिभावक और दोस्ताना अंदाज में उन्हें निडर होकर हर प्रकार की गैर कानूनी हरकतों का विरोध करने का टिप्स दिया। तथा बच्चों से दोस्ताना अंदाज में कुछ किस्से सुनाए तो बच्चों से भी उनके मन की बात जानने की कोशिश की। बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित सुरक्षा और अधिकार के लिए तमाम नियम और कानून बनाए गए हैं उनकी जानकारी रखना चाहिए तथा जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल करना चाहिए। अपराध छुपाने से अपराधियों का हौसला बढ़ जाता है। और वह बड़ी घटना को अंजाम देते हैं। छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थितियों में आत्मबल को मजबूत करके अपराध और उत्पीड़न का विरोध करने का टिप्स दिया गया। बीकापुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने छात्राओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि अपने घर परिवार और आसपास हो रहे किसी भी महिला उत्पीड़न का विरोध करना चाहिए और पुलिस को सूचित करना चाहिए। उन्होंने स्कूटी और बाइक चलाते समय यातायात के नियमों का भी पालन करने को कहा जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित शपथ भी ली गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रबंधक धीरेंद्र उपाध्याय प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, अजय तिवारी, महिला आरक्षी सरोज यादव, प्रियंका पांडेय सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ पैदल मार्च कर की नारेबाजी



जन एक्सप्रेस। अयोध्या

हापुड़ में धरना प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर पुलिस लाठी चार्ज के विरोध में राज्य विधिज्ञ परिषद उ.प्र. के आवाहन पर रुदौली के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को पैदल मार्च कर पुलिस विरोधी नारेबाजी की। इसके बाद मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित चार सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम रुदौली व तहसीलदार को सौंप कर घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। आंदोलित अधिवक्ता एक दिवसीय न्यायिक कार्य से विरत रहकर घटना पर विरोध जताया ।मांग पत्र में प्रमुख रूप से हापुड़ में पुलिस क्षेत्राधिकारी को बर्खास्तगी की मांग तथा धरना कर्मियों अधिवक्ताओं के ऊपर बर्बरता पूर्वक की गई लाठी चार्ज में शामिल पुलिस के दोषी अधिकारी एवं पुलिस कर्मियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर प्रभावी कार्यवाही की मांग हुई । घायल अधिवक्ताओं को उपचार हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जाय व प्रशासनिक अधिकारियों का हापुड़ जनपद से स्थांतरण कराए जाने की मांग की। इस मौके पर तहसीलदार रुदौली राजेश कुमार वर्मा, बार अध्यक्ष हरिनारायण यादव, महामंत्री सन्तोष कुमार पाण्डेय, साहब सरन वर्मा, प्रमोद ,अजय,राम रतन, चौधरी अजीमुद्दीन, मो फहीम, नन्द किशोर, बलदेव, अब्दुल हई, अफसर रजा, शाह अदनान सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

एसडीएम श्री सिंह ने भी घटना की निंदा की तथा उन्होंने बताया कि मांग पत्र मिला है उचित माध्यम से इसे शासन को भेजा जाएगा। वही मिल्कीपुर में भी हापुड़ में वकीलों पर हुए लाठी चार्ज का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं में आक्रोश है मिल्कीपुर तहसील के अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन तीसरे दिन भी आज जारी रहा। बार एसोसिएशन तहसील मिल्कीपुर के अध्यक्ष पवन शुक्ला की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

29 अगस्त को हापुड़ में पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक महिला व पुरुष अधिवक्ताओं पर अकारण लाठी चार्ज किया गया इसके बाद से प्रदेश भर के अधिवक्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। तथा बीते 30 अगस्त को अधिवक्ता मनोज चौधरी गाजियाबाद तहसील परिसर में अपने चेंबर में दोपहर में खाना खा रहे थे उसी वक्त अज्ञात बदमाशों ने अधिवक्ता मनोज चौधरी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## जानवर चराने गए दो की नदी में डूबकर मौत

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** जानवर चराने गए दो लोगों की नदी में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। गोताखोरों की मदद से डूबे लोगों शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया गया है। जरवलरोड थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत अहाता निवासी संजय (15)पुत्र जगतराम गौतम और नासिरगंज निवासी धनीराम (40) पुत्र बदलू दोपहर करीब दो बजे जरवल के बरोलिया घाट पर भैंस लेकर घाघरा नदी को पार कर उस पार जा रहे थे। नदी पार करते समय संजय घाघरा की लहरों में डूबने लगा।संजय को डूबता देख धनीराम बचाने दौडे और संजय का हाथ पकड़ कर खींचने लगें। पानी अधिक होने के कारण दोनों घाघरा की गहराई में डूब गए। सूचना पर जरवल चौकी इंचार्ज अवधेश कुमार द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पहुंचे।

# मोटरसाइकिल दुर्घटना में सास-दामाद की मृत्यु

जन एक्सप्रेस। बहराइच



थाना क्षेत्र मोतीपुर अंतर्गत रक्षाबंधन का पर्व मना कर अपनी ससुराल से सास को भी लेकर लौट रहे युवक की सामने से आ रही मोटरसाइकिल से हुई टक्कर में युवक तथा उसके सास की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार युवक तथा उसकी बेटी भी गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। गुरुवार रक्षाबंधन के दिन शाम को लगभग 4:00 बजे ओंकार पुत्र देवी प्रसाद उम्र 40 वर्ष निवासी जिया गांव परगहवा थाना रुपईडीहा अपनी पत्नी मैना उर्फ मालती देवी उम्र 38 वर्ष तथा अपनी सास शबनम पत्नी सांवली उम्र लगभग 80 वर्ष, निवासिनी पंडित पुरवा थाना खैरी घाट जनपद बहराइच अपनी मोटरसाइकिल से ससुराल में रक्षाबंधन का पर्व मना कर वापस लौट रहे थे। वापस लौटते समय राजापुर कलां रतहिया, रामपुर मटिहा रोड पर सामने से आ रही मोटरसाइकिल से जबरदस्त टक्कर हो गई। इस भीषण दुर्घटना में दामाद और सास की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा पत्नी मैना देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। दूसरी मोटरसाइकिल का चालक गणेश पुत्र तीरथ राम उम्र 25 वर्ष निवासी नौसर गुमटिहा थाना मोतीपुर तथा उसकी पुत्री अंशिका उम्र 4 वर्ष भी गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों द्वारा घटना की सूचना थाना मोतीपुर को दी गई और घायलों को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा लाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने ओमकार तथा शबनम को मृत घोषित कर दिया। घायल मैना देवी, गणेश तथा अंशिका को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच के लिए रेफर कर दिया गया। मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मोतीपुर पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए मृतकों के शवों को अंत्य परीक्षण हेतु मेडिकल कॉलेज बहराइच भेज दिया है।

## 24 घण्टे के अन्दर चोरी का खुलासा

**जन एक्सप्रेस/रूपईडीहा, बहराइच।** पुलिस ने चोरी की घटना का 24 घंटे के अंदर अनावरण कर लिया। इस मामले में दो लोगों को किया गया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी का सामान और नगदी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी व चोरी की घटनाओ पर रोकथाम व चोरो की गिरफ्तारी के संबंध मे चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक अश्वनी कुमार पाण्डेय, कांस्टेबल राहुल सिंह प्रथम, कांस्टेबल सूर्यकान्त पाण्डेय पुलिस द्वारा घटना का 24 घंटे के भीतर अनावरण करते हुए मुखबिर खास की सूचना पर अनवर खान पुत्र मेहंदी हसन निवासी घसियारण मोहल्ला थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच, राजू रायनी पुत्र बाबू रायनी निवासी कस्बा रुपईडीहा को पानी की टंकी रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से चोरी किया गया जेवरात और नगदी बरामद की है।

# भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी की 120 ग्राम स्मैक बरामद

- एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद स्मैक की कीमत साठ लाख रुपए है

जन एक्सप्रेस। बहराइच




भारत नेपाल सीमा पर तस्करों की गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही है। यही कारण है कि पुलिस और एसएसबी ने भी सक्रियता बढ़ा दी है। इस बीच पुलिस और सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने गश्त के दौरान एक तस्कर को पकड़ा है। उसके पास से 120 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। बरामद चरस की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 60 लाख रुपए बताई जा रही है। बाराबंकी निवासी तस्कर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा और सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट अनिल कुमार यादव के निर्देशन में जवान सीमा पर गश्त कर रहे थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडे ने बताया कि उप निरीक्षक रुदल बहादुर सिंह, सिपाही धर्मनाथ साहनी, रामवीर चौहान और संदीप चौहान के साथ सशस्त्र सीमा बल के एएसआई विप्लव कुमार घोष, सैयद गुलाम मुर्तजा, प्रशांत, मनीष पांडे, मनोहर कुमार सिंह, सुमंत गोस्वामी की टीम भारत नेपाल सीमा पर पिलर संख्या 651/4 के पास शुक्रवार 11:45 बजे पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान नेपाल से भारत में प्रवेश कर रहे युवक को रोक कर जांच की गई तो उसके पास 120 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिस पर पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने लगी। पकड़े गए युवक की पहचान बाराबंकी जनपद के फतेहपुर थाना क्षेत्र के काजीपुरा वार्ड नंबर एक निवासी सलीम पुत्र सलमान के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। जबकि बरामद स्मैक को सीज कर दिया गया है। एसएसबी के कमांडेंट अनिल कुमार यादव ने बताया कि बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 60 लाख रूपये है।

**अदालती सूचना**

**सम्मन वास्ते करारवाद**
**उमू तनकीह तलब**
**आर्डर-5 कायदा-1 व 5**
**न्यायालय सिविल जज (सी0डि0), लखनऊ**
सिविल सूट नं0 : 505/2023
तारीख पेशी- 20.09.2023
**भारत सिंह**
**बनाम**
**श्री वीर विक्रम**

भारत सिंह आयु लगभग 32 वर्ष पुत्र स्व0 भारत भूषण सिंह निवासी-एफ-501 उत्सव एन्क्लेव हलवासिया बिल्डिंग सी-ब्लॉक इन्दिरा नगर थाना- गाजीपुर लखनऊ।
.....वादी

**बनाम**

1- श्री वीर विक्रम आयु लगभग 43 वर्ष पुत्र श्री रजनी कांत रावत, एस.डी.ई. (एन. टी0आर0) निवासी- 1: टी 001 डा नईम अपार्टमेन्ट नियर वैभव मार्बल कल्याणपुर लखनऊ, 2- केयर आफ सी0 जे0 एम0 (बी.एस.एन.एल.) हजरतगंज लखनऊ।
.....प्रतिवादी

हरगाह वादी ने आपको नाम से एक नालिश बाबत **स्थायी निषेधाज्ञा** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख माह **20/09/2023 ई0 बवक्त 10 बजे** दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफ कार किया गया है और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हो बयान तहरीर **दिनांक 20.09.2023** को दाखिल करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख 23.08.2023 ई0 को जारी किया जाय।

**-मोहर अदालत**

# रेत के अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने पकडा, रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

- छापेमारी में एसडीएम को मिला रेत का अवैध भण्डार
- एसडीएम ने खनन अधिकारी को भेजी रिपोर्ट



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** तहसील कलीनगर क्षेत्र में अवैध खनन के मामलों पर पुलिस-प्रशासन सख्ती दिखा रहा है। अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध तेजी से कार्रवाई हो रही हैं। माधोटांडा थाने के इंस्पेक्टर अचल कुमार ने खारजा नहर में अवैध खनन करते ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ा, तो वहीं एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने खनन अधिकारी को पत्र भेजकर अवैध खननकर्ताओं के विरुद्ध एफआईआर कराने के आदेश जारी कर दिए। इसके अलावा एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने ग्राम डगा में नहर किनारे अवैध खनन की सूचना मिलने पर छापा मारा व अवैध रेत के भंडार को जब्त करने के आदेश दिए। ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध खननकर्ताओं में खलबली मच गई है। थाना माधोटांडा के निरीक्षक अचल कुमार ने मुखबिर की सूचना पर खारजा नहर किनारे स्थित ग्राम रम्पुरा फकीरे पर बालू का खनन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली व खनन करने वाले गुरूप्रताप सिंह उर्फ गंगा पुत्र दर्शन सिंह निवासी ग्राम बिहारीपुर को पकड़ा। बालू खनन करने वाले वाहन ट्रैक्टर-ट्राली पुलिस कस्टडी में लेकर इंस्पेक्टर ने एसडीएम से कार्रवाई के दिशानिर्देश मांगे। एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने तत्काल खनन अधिकारी को पत्र भेजकर पूरे मामले से अवगत कराया, साथ ही अवैध खननकर्ताओं के विरुद्ध थाना माधोटांडा में नियमानुसार सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अधिकतम जुर्माना अधिरोपित करने के आदेश दिए।

### रेत का भंडारण करने वालों पर कराएं एफआईआर

ग्राम डगा में मिल रहीं अवैध खनन की शिकायतों के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी आशुतोष गुप्ता ने औचक छापेमारी की। इस दौरान जानकारी मिली कि अवैध खनन में लिप्त खननकर्ताओं द्वारा स्थानीय बाग/खेत में रेत का भंडारण करते हुए रेत का विक्रय किया जा रहा है। एसडीएम ने निरीक्षण के उपरांत तहसीलदार कलीनगर को निर्देशित किया कि समय-समय पर ग्राम डगा व अन्य क्षेत्र जहां पर अवैध खनन की सूचना प्राप्त होती है, उन स्थानों पर भ्रमणशील रहते हुए किसी भी खेत/बाग में रेत का अवैध भंडारण पाए जाने पर राज्य सरकार के पक्ष में जब्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा तत्काल खान अधिकारी के माध्यम से संबंधित अवैध खननकर्ता के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा जिस भू-स्वामी के खेत में अवैध रेत का भंडारण पाया जाता है, उसके विरुद्ध भी कार्रवाई हेतु आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप लगाकर हंगामा

- कमरे के अंदर बांस की सीढ़ी पर लटका मिला शव
- एक दिन पूर्व घरेलू विवाद में विवाहिता से की थी मारपीट



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। शव कमरें के अंदर रखी बांस की सीढी में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव चंदोखा निवासी मुन्नी देवी ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी रीता देवी (25) बर्ष का विवाह दस साल पूर्व अजीतपुर बिल्हा निवासी अनिल के साथ किया था। दो सप्ताह पूर्व अनिल काम करने हरियाणा चला गया।आरोप है कि गुरुवार पारिवारिक विवाद को लेकर ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता के साथ मारपीट की।विवाहिता ने मामले की जानकारी मायके में अपनी मां को दी। गुरुवार विवाहिता अपनी मां के साथ तहरीर देने आ रही थी। ससुराल पक्ष के लोगों के कहने पर पति ने फोन कर समझा दिया जिसके बाद वह घर वापस लौट गई। देर शाम फिर विवाद हुआ। गुरुवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह विवाहिता का शव कमरे के अंदर सीढी में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। विवाहिता की मौत के बाद स्वजन घर से फरार हो गए। घटना की जानकारी पर मायके पक्ष के लोग पहुंच गए।

> शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का सही कारण स्पष्ट होगा।
> –रामसेवक
> प्रभारी निरीक्षक थाना घुंघचाई

# बिजली की अघोषित कटौती से गुस्साए उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र का घेराव कर एसडीओ का फूंका पुतला

- उपकेंद्र परिसर में उपभोक्ताओं ने नारेबाजी कर जमकर किया विरोध प्रदर्शन
- पुलिस के समझाने पर बमुश्किल शांत हुए उपभोक्ता



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** बिजली की अघोषित कटौती से गुस्साएं उपभोक्ताओं ने देर रात उप केंद्र का घेराव कर हंगामा किया। विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उपकेंद्र परिसर में एसडीओ का पुतला दहन कर विरोध जताया। शीघ्र व्यवस्था दुरुस्त न होने पर बेमियादी धरने की चेतावनी दी। घुंघचाई विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती से उपभोक्ता बेहद परेशान है। उमश भरी गर्मी में रोस्टिंग के नाम पर दो-दो घंटे बिजली की कटौती की जा रही है। गुरुवार देर रात बिजली की अघोषित कटौती होने पर उपभोक्ताओं के सब्र का बांध टूट गया।उपभोक्ता जुलूस की शक्ल में विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचे। गुस्साएं उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र का घेराव कर अघोषित कटौती के विरोध में जमकर नारेबाजी की। उपभोक्ताओं का आरोप था कि क्षेत्र में मनमाने तरह से बिजली की कटौती की जा रही है। फोन करने पर एसडीओ उपभोक्ताओं के फोन नहीं उठाते हैं। उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र परिसर में हंगामा कर विरोध में एसडीओ का पुतला जलाया। उपकेंद्र पर मौजूद संविदा कर्मचारियों से उपभोक्ताओं की तीखी नोंक झोंक हुई। उपकेंद्र पर पहुंचे उपभोक्ताओं का आरोप था कि एक संविदा कर्मचारी नशे की हालत में उपकेंद्र पर ड्यूटी कर रहा था। उपभोक्ताओं के पूछताछ करने पर संविदा कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं से गाली गलौज कर जमकर अभद्रता की। हंगामा बढ़ता देख मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची घुंघचाई पुलिस के समझाने पर बमुश्किल उपभोक्ता शांत हुए। उपभोक्ताओं ने बताया कि अधिकारियों ने शीघ्र अपना रवैया नहीं बदला तो बिजली विभाग के खिलाफ बेमियादी धरना प्रदर्शन दिया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में शिवेंद्र अवस्थी,अभिषेक शुक्ला, मजले अंसारी,सोनपाल,अनिल,वीरपाल,राजेश, आदि लोग शामिल रहे।

> घुंघचाई उपकेंद्र से बिजली की कटौती नहीं की जा रही है। रोस्टिंग होने पर बिजली बाधित होती है।फ़ाल्ट होने पर शीघ्र कर्मचारियों भेज कर आपूर्ति शुरू कराई जाती है।
> –मनोज शर्मा, अवर अभियंता घुंघचाई

# बीएसए ने दिलाई स्वच्छता की शपथ, लगाई झाड़ू

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



स्वच्छता पखवाड़े के तहत बीएसए डा. अमित कुमार सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मौर्य के साथ कंपोजिट स्कूल कैंच पहुंचकर स्कूली बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को स्वच्छता शपथ दिलाई। अभिभावकों से अपील की गई कि अपने आसपास के वातावरण को साफ सुथरा रखें। संचारी रोगों से बचाव के लिए सावधानियां भी बताई गईं। स्वच्छता के लाभों से विस्तार से सभी को बताया। उसके बाद विद्यालय की सभी कक्षाओं में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से उनके बौद्धिक ज्ञान को जांचा। कुछ छात्र-छात्राओं से गणित, हिंदी आदि विषय के बारे में जानकारी भी ली। निपुण लक्ष्य हासिल करने को लेकर सबसे अधिक जोर दिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों से अपील की स्कूल में दिए गए गृह कार्य को अभिभावक रुचि के साथ पूर्ण कराए। खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मौर्य ने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्तिगत तौर पर स्वच्छ रहे। स्वच्छ रहने से बैक्टीरिया जनित बीमारियां नहीं होंगी। अपने घरों के आसपास जल भराव न होने दें। ताजा भोजन करें। स्कूल की रसोइयों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सुखराम, गिरजेंद्र कुमार, बृजेश कुमार, भारती संतवानी, अपूर्वा सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सदस्य, अभिभावक आदि मौजूद रहे। जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) राकेश पटेल ने प्राइमरी स्कूल बालपुर पट्टी व ललौरीखेड़ा नं-1 में स्वच्छता की शपथ दिलाई। जिले के विभिन्न स्कूलों में खंड शिक्षा अधिकारियों और जिला समन्वयकों ने अपनी मौजूदगी में स्कूलों में पहुंचकर स्कूली छात्र-छात्राओं को स्वच्छता पखवाड़ा की शपथ दिलाई। इसके अलावा जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी इलाकों के स्कूलों में भी जोर-जोर से स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### स्वामी प्रसाद मौर्य पर कार्रवाई की मांग लेकर पुलिस अधीक्षक से मिले ब्राह्मण संगठन के लोग



**जन एक्सप्रेस/ जौनपुर।** सपा नेता पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा अक्सर ब्राह्मणों पर अक्सर अमर्यादित टिप्पणी को लेकर से नाराज ब्राह्मण संगठन के लोग पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग किया। जिला अध्यक्ष ब्राह्मण समाज प्रवीण तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा से शुक्रवार को मिलकर हिन्दू धर्म और ब्राह्मण समाज को अमर्यादित टिप्पणी करने पर सपा नेता पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया।

### ऑटो चालक ने लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस/ दानगंज/ वाराणसी।** चोलापुर थाना क्षेत्र के अजगरा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम हथियर खुर्द निवासी ऑटो चालक ने गुरुवार देर रात्री को फांसी लगा कर अपनी इहलीला समाप्त कर लिया। जानकारी के अनुसार अजगरा पुलिस चौकी अंतर्गत हथियर खुर्द निवासी ऑटो चालक संतोष यादव 30 वर्ष पुत्र मोहाला यादव ने गुरुवार देर रात्रि को आम के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगा कर आत्महया कर लिया। परिजनो ने बताया कि परिवार के लोग खाना खाने के बाद शभी लोग सोने चले गये। मौका देख घर से निकल कर घर के पास में ही आम के पेड़ पर फांसी लगा लिया।

### रिकवरी एजेंट को बदमाशों ने मारी गोली

**जन एक्सप्रेस/ वाराणसी।** वाराणसी चोलापुर थाना क्षेत्र के फकीरपुर ग्राम समीप ड्यूटी से वापस लौट रहे फाइनेंस रिकवरी एजेंट को बदमाशों ने गोली मार दी। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व परिजनों ने गोली लगने से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार चोलापुर थाना क्षेत्र के फकीरपुर (अमौलिया) निवासी बृजेश यादव 26वर्ष पुत्र छोटेलाल यादव वाराणसी शहर के सिगरा स्थित एक फाइनेंस कंपनी में रिकवरी एजेंट के तौर पर कार्यरत है। गुरुवार की रात लगभग साढे दस बजे बृजेश ऑफिस से घर लौट रहा था। गांव से पहले वह बाइक रोक कर मैदान में शौच हेतु गया। वापस लौटने पर वो जैसे ही जाने के लिए बाइक स्टार्ट करने लगा पहले से घात लगाए नकाबपोश दो बदमाशों ने उसे लक्ष्य कर गोली मार दी। गोली बृजेश के पीठ मे लगी। गोली लगने से घायल बृजेश बाइक छोड़कर पैदल ही थोड़ी दूर पर भागा। वही इस दौरान गोली चलाने वाले दोनों बदमाश मौके से भाग निकले। घायलावस्था में बृजेश ने खुद फोन कर परिजनों को गोली लगने की घटना के बारे में जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### साइकिल का पंचर बनाने वाले का बेटा बना जज

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** साइकिल का पंचर बनाने वाले मिस्त्री के होनहार बेटा ने जज बनकर परिवार का नाम रोशन किया। पिता सायकिल मैकेनिक और मां गृहणी है। तहसील सोरांव के बरईहरख गांव के रहने वाले शहजाद अहमद के बेटे अहद अहमद ने पीसीएस जे की परीक्षा उत्तीर्ण कर सिविल जज बनने में कामयाबी हासिल की है। अहद अहमद ने 157 वीं रैंक हासिल की है। जानकारी होते ही गांव के लोगों में खुशी की लहर फैल गई। लोगों ने साइकिल मैकेनिक शहजाद अहमद के घर पहुंचकर उन्हें बधाई दी। कई लोगों ने असद अहमद को माला पहनाकर उसका हौसला अफजाई किया। खुशी का आलम यह रहा कि पूरे गांव में लोगों ने मिठाई बांटी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गिरीश पटेल, साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष इंद्र बहादुर पटेल, अमर सिंह पटेल, डॉ. राजेश मौर्य, अनूप केशरवानी ने खुशी का इजहार किया है।

### ट्रक की चपेट में आने से छात्रा की मौत, दूसरा घायल

**जन एक्सप्रेस/ वाराणसी।** वाराणसी फूलपुर थाना क्षेत्र के चुप्पेपुर हाईवे के पास शुक्रवार की सुबह साढ़े 7 बजे के लगभग ट्रक की चपेट में आने से छात्रा प्रियंका पटेल की मौत हो गई वही साथी छात्रा घायल हो गई है। जानकारी के अनुसार चुप्पेपुर निवासी प्रियंका पटेल पुत्री बंसत पटेल उम्र 17 वर्ष जो 12वीं छात्रा थी तथा सुभद्र कुमार इंटर कॉलेज बसनी में पढ़ती थी वह अपने सहेली अंजलि पटेल के साथ सड़क के किनारे खड़ी होकर कॉलेज जाने के लिए अपने सहेली नेहा का इंतजार कर रही थी कि चुप्पेपुर गांव के सामने हाईवे पर जौनपुर से वाराणसी जा रही ट्रक अनियंत्रित होकर उसे टक्कर मार दी।

# न्यायिक अधिकारी बनने पर प्रिया का स्वागत

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के सभागार में प्रिया मिश्रा को न्यायिक अधिकारी बनने पर सम्मानित किया गया ।जिला संयुक्त बर एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट की अध्यक्षता और सचिव आनंद मिश्रा के संचालन में हुए कार्यक्रम में संयुक्त बार एसोसिएशन के सदस्य सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज मिश्रा की पुत्री प्रिया मिश्रा को दोशाला भेंट किया गया। स्मृति चिह्न दिया गया। प्रिया मिश्रा के पिता और माता उमा मिश्रा को भी दोशाला भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल और अध्यक्ष व सचिव ने सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिवक्ता अशोक वाजपेई, चंद्रशेखर त्यागी, बाबूराम शर्मा, राजेंद्र शर्मा, सैयद हैदर जाफरी, चोखेलाल वर्मा, कुलदीप अवस्थी, रेखा देवी शर्मा, सेंट्रल बार के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह, सचिव विवेक अवस्थी, सत्यपाल गौतम, सचिन मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष किशनलाल, राम अवतार रस्तोगी, प्रभा अवस्थी, रिचा दीक्षित आदि थे।

# हापुड़ में वकीलों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में भीमआर्मी कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



**बीसलपुर।** भीमआर्मी कार्यकर्ताओं ने हापुड़ में वकीलों के साथ बेवजह बर्बतापूर्वक लाठी चार्ज किये जाने की घोर निंदा करते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की। भीमआर्मी कार्यकर्ता तहसील परिसर में एकत्र हुए जहां पर उन्होंने महामहिम राज्यपाल व प्रदेश सरकार के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार कर्मसिंह को देकर कहा है कि हापुड़ में 29 अगस्त को बिना किसी कारण के अधिवक्ताओं के ऊपर पुलिस प्रशासन द्वारा किये गये बर्बतापूर्वक पाठी चार्ज की भीमआर्मी घोर निंदा करती है। जनपद न्यायालय परिसर हापुड़ प्रकरण के द्वोषी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कठोर कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जाये, घायल अधिवक्ताओं का समुचित इलाज व मुआवजा दिलाया जाये, अधिवक्ताओं को सुरक्षा प्रदान किया जाना नितान्त आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में राजाराम माथुर, सौरभ भारतीय, नईम रजा, आकाश वर्मा, विश्वजीत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मगरमच्छ निकलने से पूरे गांव में मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



**बीसलपुर।** गांव गोबल पतीपुरा में तालाब से निकलकर अचानक रोड पर मगरमच्छ आ गया जिसकी सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गयी। ग्रामीणों ने मामले कर सूचना वन विभाग की टीम को दी लेकिन 1 घंटे तक टीम गांव नहीं पहुंची। तब ग्रामीणों ने पीआरबी 112 पर काल कर पुलिस को बुलाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वन विभाग की टीम को सूचना दी। तब जाकर टीम गांव में पहुंची। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गोबल पतीपुरा में अचानक रोड पर मगरमच्छ आ गया जिसकी सूचना मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को दी लेकिन टीम गांव नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने मगरमच्छ को घेराबंदी कर पकड़ लिया और इंडिया मार्का हैंडपंप से बांध दिया। इसके बाद पीआरबी 112 पुलिस को काल की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वन विभाग की टीम को सूचना दी। तब जाकर टीम गांव में पहुंची। टीम ने मगरमच्छ का रेस्क्यू कर अपने साथ वन विभाग ले गये। तक जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क का डीएम ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

प्रसिद्ध पौराणिक ऐतिहासिक पर्यटक तीर्थस्थली निषादराज की नगरी श्रृंगवेरपुर धाम में निर्माणाधीन उत्तर प्रदेश सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना निषादराज पार्क का जिलाधिकारी संजय खत्री ने निरीक्षण किया। इसमें 51 फिट की भगवान श्रीराम एवं निषाद राज के गले मिलते हुए मूर्ति लगाई गई है। पार्क का अनावरण निकट भविष्य में किया जाना है जिसका निरीक्षण जिलाधिकारी प्रयागराज ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ किया और निर्माण एजेंसी यूपीपीसीएल को दो महीने में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अनेक बिंदुओं की छानबीन करते हुए पार्क को और भी अधिक आकर्षक बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त जगदम्बा प्रसाद,एसडीएम सोरांव गणेश कनौजिया, राष्ट्रीय रामायण मेला के उपाध्यक्ष सियाराम सरोज, महामंत्री उमेशचंद्र द्विवेदी, कृष्णचंद्र पांडे, संजय तिवारी, अरुण द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में एक युवक की पीटकर हत्या

- खीरी में बवाल, आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतरे

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



जिले में अपराध बेकाबू नजर आ रहा है।यमुनानगर के खीरी इलाके में स्कूल से घर लौट रहे छात्र की पीटकर हत्या का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ कि गुरुवार को बारा इलाके के सुंदरपुर गांव में 27 वर्षीय चंद्रशेखर भारतीय को बेरहमी से पीट पीट कर मार डाला गया। बताया गया कि चंद्रशेखर खेत की तरफ गया था, जहां उसे लाठी डंडे से पीटा गया। चंद्रशेखर की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर घंटों विरोध प्रदर्शन किया। घंटों चले बवाल को किसी तरह समझा बुझाकर लोगों का गुस्सा शांत किया गया। मिली जानकारी के अनुसार चंद्रशेखर ने सुंदरपुर चौराहे पर एक गुमटी लगा रखी थी जिसे तोड़ दिया गया था। इसी वजह से दो पक्षों के बीच तनाव बना था। बुधवार शाम भी उनके बीच बाइक को टक्कर मार गिराने पर झगड़ा हुआ था। इसके बाद चंद्रशेखर का कत्ल कर दिया गया। युवक की हत्या का पता चलने पर दोपहर में आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए और यातायात बाधित कर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। सड़क पर जमा ग्रामीण हत्या के आरोपितों को उनके सामने लाने की मांग कर रहे थे। मौके पर एसीपी बारा सहित कई थानों की पुलिस फोर्स पहुंच गई। गुस्साए ग्रामीणों को समझाकर शांत करने का प्रयास किया गया। पुलिस अधिकारी ने ग्रामीणों से हत्या में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार करने और सजा दिलाने की बात कही। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### पुलिस की लापरवाही आई सामने

बुधवार को यहां बवाल हुआ पर पुलिस ने मामले की अनदेखी की। यहां दो पक्षों में तनाव की दशा थी। इसे भी स्थानीय पुलिस ने नजरंदाज कर दिया। इलाके के नाराज लोगों का कहना है कि अगर पुलिस ने सतर्कता बरती होती तो शायद चंद्रशेखर की हत्या की वारदात न हुई होती।

# जिला प्रशासन के खिलाफ अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन जमकर किया नारेबाजी

- वकीलों ने न्यायिक कार्य का किया बहिष्कार परेशान दिखे वादकारी
- पुलिस चेक पॉइंट छोड़कर गायब रहे पुलिस जवान दीवानी न्यायालय की सुरक्षा रामभरोसे

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



हापुड़ में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता न्यायिक कार्य का बहिष्कार किए। पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी प्रदर्शन किया। शुक्रवार को कोई भी पुलिसकर्मी किसी भी गेट पर तैनात नहीं है। हापुड़ में पुलिस कर्मियों द्वारा वकीलों पर लाठीचार्ज एवं लखनऊ में प्रतिशोध में अधिवक्ताओं द्वारा पुलिस कर्मियों पर हमला हुआ है। प्रदेश भर के अधिवक्ताओं में पुलिस कर्मियों को लेकर आक्रोश व्याप्त है। सोशल मीडिया पर अधिवक्ताओं ने ऐलान किया है कि किसी पुलिसकर्मी को कोर्ट में प्रवेश नहीं करने देंगे। तमाम वादकरी बिना किसी चेकिंग के कोर्ट परिसर में प्रवेश कर रहे हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष लाइन बाजार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी है । परंतु किसी भी चेकिंग प्वाइंट पर कोई पुलिस जवान दिखाई नहीं दिया। वहीं आम दिन अधिवक्ताओं के हड़ताल न्यायिक कार्य से बिरत रहने के कारण दूर दराज से आते वादकारी चिलचिलाती धूप गर्मी काफी परेशान दिखे।

# आदित्य एल-1 की लॉन्चिंग का काउंटडाउन शुरू

## आज सुबह 11:50 बजे पीएसएलवी एक्सएल रॉकेट से लॉन्च होगा, 4 महीने में एल-1 पॉइंट पर पहुंचेगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरु

इसरो यानी इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेश ने दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर सोलर मिशन आदित्य एल-1 की लॉन्चिंग का 23 घंटे 40 मिनट का काउंटडाउन शुरू कर दिया है। आदित्य एल-1 को आज (2 सितंबर) सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर पीएसएलवी एक्सएल रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। मिशन की लॉन्चिंग से पहले इसरो चीफ एस सोमनाथ ने शनिवार (1 सितंबर) को आंध्र प्रदेश के चेंगलम्मा परमेश्वरी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मिशन की सफलता के लिए प्रार्थना की। इससे पहले सोमवार 28 अगस्त को इसरो चीफ एस सोमनाथ ने तमिलनाडु के सुल्लुरपेटा में श्री चेंगलम्मा परमेश्वरी मंदिर में पूजा की। उन्होंने बताया कि किसी भी मिशन की लॉन्चिंग से पहले इसरो के साइंटिस्ट इस मंदिर में आते हैं। यह परंपरा पिछले 15 सालों से चली आ रही है। 30 अगस्त को इसरो चीफ एस सोमनाथ ने कहा था



कि आदित्य एल-1 की लॉन्चिंग की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। रॉकेट और सैटेलाइट तैयार हैं। हमने लॉन्चिंग के लिए रिहर्सल भी कर ली है। मिशन को सटीक दायरे तक पहुंचने में 125 दिन लगेंगे। वहीं, इसरो ने कहा- व्हीकल के इंटरनल चेक पूरे कर लिए गए हैं। ये करीब 4 महीने में पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर लैगरेंज पॉइंट-1 यानी एल-1 पॉइंट तक पहुंचेगा। आदित्य स्पेसक्राफ्ट, एल-1 पॉइंट के चारों ओर घूमकर सूर्य पर उठने वाले तूफानों को समझेगा। इसके अलावा मैग्नेटिक फील्ड और सोलर विंड जैसी चीजों की स्टडी करेगा। आदित्य में प्रयोग के लिए 7 पेलोड लगे हैं।

### आदित्य यान एल-1 पॉइंट पर ही क्यों भेजा जाएगा

आदित्य को सूर्य और पृथ्वी के बीच हेलो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा। एल-1 पॉइंट के चारों ओर की ऑर्बिट को हेलो ऑर्बिट कहा जाता है। इसरो का कहना है कि एल-1 पॉइंट के आस-पास हेलो ऑर्बिट में रखा गया सैटेलाइट सूर्य को बिना किसी ग्रहण के लगातार देख सकता है। इससे रियल टाइम सोलर एक्टिविटीज और अंतरिक्ष के मौसम पर भी नजर रखी जा सकेगी। उम्मीद की जा रही है कि आदित्य एल-1 के पेलोड कोरोनल हीटिंग, कोरोनल मास इजेक्शन, प्री-फ्लेयर और फ्लेयर एक्टिविटीज की विशेषताओं, पार्टिकल्स की मूवमेंट और स्पेस वेदर को समझने के लिए जानकारी देंगे।

### एल-1 क्या है?

लैगरांजे पॉइंट का नाम इतालवी-फ्रेंच मैथमैटीशियन जोसेफी-लुई लैगरांजे के नाम पर रखा गया है। यह सामान्य तौर पर एल-1 के नाम से जाना जाता है। ऐसे पांच पॉइंट धरती और सूर्य के बीच हैं, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल बैलेंस हो जाता है और सेंट्रिफ्युगल फोर्स बन जाता है। ऐसे में इस जगह पर अगर किसी ऑब्जेक्ट को रखा जाता है तो वह आसानी से दोनों के बीच स्थिर रहता है और एनर्जी भी कम लगती है। पहला लैग्रेंज पॉइंट धरती और सूर्य के बीच 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है। आम शब्दों में कहें तो एल-1 ऐसा पॉइंट है जहां पर कोई भी ऑब्जेक्ट सूर्य और धरती से बराबर दूरी पर स्थिर रह सकता है।

## चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की सतह पर भूकंप रिकॉर्ड किया

### विक्रम लैंडर पर लगे आईएलएसए पेलोड ने कंपन को मापा, इसरो बोला, सोर्स का पता लगा रहे

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 का लैंडर और रोवर चंद्रमा के साउथ पोल पर अब तक सल्फर, एल्युमीनियम, कैल्शियम, आयरन, क्रोमियम, टाइटेनियम, मैगनीज, सिलिकॉन और ऑक्सीजन की मौजूदगी का पता लग चुका है। हाइड्रोजन की खोज जारी है। 23 सितंबर को चंद्रमा पर लैंडिंग के बाद विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर धरती पर रोज नई-नई जानकारी भेज रहे हैं। 31 अगस्त को इसरो ने बताया कि चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर पर लगे इंस्ट्रूमेंट ऑफ लूनर सीस्मिक एक्टिविटी पेलोड ने चंद्रमा की सतह पर भूकंप की प्राकृतिक घटना को रिकॉर्ड किया है। ये भूकंप 26 अगस्त को आया था। इसरो ने बताया कि भूकंप के सोर्स की जांच जारी है। इसरो ने सोशल मीडिया पर बताया- चंद्रयान-3 के लैंडर पर लगा आईएलएसए पेलोड माइक्रो इलेक्ट्रो मेकैनिकल सिस्टम्स टेक्नोलॉजी पर आधारित है। ये पहली बार है जब चांद की सतह पर ऐसा इंस्ट्रूमेंट भेजा गया है। रोवर और अन्य पेलोड के चलने से चांद पर होने वाने कंपन को इस इंस्ट्रूमेंट ने रिकॉर्ड किया है।

### कैसे काम करता है आईएलएसए पेलोड

आईएलएसए में छह हाई-सेंसिटिविटी एक्सेलोमीटर्स का एक क्लस्टर है। इन एक्सेलोमीटर्स को सिलिकॉन माइक्रोमशीनिंग प्रोसेस की मदद से भारत में ही बनाया गया है। इसके कोर सेंसिंग एलिमेंट में स्प्रिंग मास सिस्टम है जिसमें कोम्ब-स्ट्रक्चर वाले इलेक्ट्रोड लगे हैं। बाहरी कंपन की वजह से आईएलएसए के स्प्रिंग में हलचल होती है, जिससे उसके इलेक्ट्रिकल चार्ज को स्टोर करने की कैपेसिटी में बदलाव होता है। ये चार्ज वोल्टेज में परिवर्तित होता है। आईएलएसए का प्रमुख उद्देश्य है प्राकृतिक भूकंप, लैंडर या रोवर के इम्पैक्ट या किसी और आर्टिफिशियल इवेंट की वजह से चंद्रमा की सतह पर उठने वाले कंपन को मापना। 25 अगस्त को रोवर के चलने से वाइब्रेशन रिकॉर्ड थे।

# लॉन्च हुआ वॉरशिप आईएनएस महेंद्रगिरि

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का जंगी जहाज आईएनएस महेंद्रगिरि शुक्रवार को सितंबर को मुंबई में लॉन्च किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ ने मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में इसे लॉन्च किया। न्यूज एंजेसी के मुताबिक, लॉन्च समारोह में उपराष्ट्रपति धनखड़ मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। प्रोजेक्ट 17 अल्फा के तहत बनाए गए युद्धपोतों में आईएनएस महेंद्रगिरि सातवां और आखिरी स्टील्थ फ्रिगेट है। यह बेहतर स्टेल्थ फीचर्स, एडवांस्ड हथियार प्रणाली और सेंसर से लैस है। इसका नाम ओडिशा में स्थित पूर्वी घाट की एक पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है। इसके पहले के छह जहाजों आईएनएस नीलगिरि, आईएनएस हिमगिरि, आईएनएस तारागिरि, आईएनएस उदयगिरि, आईएनएस दूनागिरि और आईएनएस विंध्यगिरि के नाम भी पर्वत श्रृंखलाओं के नाम पर रखे गए थे। नीलगिरि क्लास का ये फ्रिगेट एक स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल युद्धपोत है। आईएनएस विंध्यगिरि पर दो हेलिकॉप्टर भी तैनात हो सकते हैं।

### सभी जंगी जहाजों को भारत में डिजाइन किया गया

भारतीय नौसेना ने 2019 में सात जंगी जहाज बनाने के लिये प्रोजेक्ट 17 अल्फा फ्रिगेट्स लॉन्च किया था। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने इनका निर्माण किया है। प्रोजेक्ट 17ए के सभी जहाजों को इंडियन नेवी वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने इन-हाउस डिजाइन किया है। आत्मनिर्भर भारत के तहत, इन जहाजों के बनाने में इस्तेमाल इक्विपमेंट्स और सिस्टम का 75 फीसदी ऑर्डर एमएसएमईएस सहित दूसरी स्वदेशी कंपनियों को दिया गया था। भारतीय सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 17 अगस्त को कोलकाता में आईएनएस विंध्यगिरि लॉन्च किया।




# दिल्ली में तीन दिन नो एंट्री: ट्रैफिक एडवाइजरी की गई जारी, भारी वाहनों के रूट डायवर्ट, वर्क फॉम होम की सलाह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली में होने वाली जी-20 की बैठक को लेकर साइबर सिटी में तैयारियां जोरों पर हैं। बैठक के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। 7 सितंबर की रात 12 बजे से 10 सितंबर की रात 12 बजे तक दिल्ली में बड़े वाहनों की नो एंट्री रहेगी। यह पाबंदी धौला कुआं रूट पर होगी। इस रूट पर न केवल भारी वाहन, बल्कि बसों को भी दिल्ली में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वाहनों के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू कर



दिया गया है। इसके अलावा इस रूट पर निजी वाहनों से जाने वालों को भी उस वक्त रोका जाएगा जब विदेशी डेलीगेट्स की मूवमेंट होगी। डीसीपी ट्रैफिक विरेंद्र विज ने बताया कि दिल्ली में मुख्य कार्यक्रम 9 सितंबर को है, जबकि 8 सितंबर से डेलीगेट्स का दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचना शुरू हो जाएगा। वहीं कुछ डेलीगेट्स होटल लीला व ट्राइडेंट होटल में ठहरेंगे। ऐसे में यहां भी वाहनों की मूवमेंट रोकी जाएगी, जिसके चलते वाहन चालकों को परेशान होना पड़ सकता है। वाहनों के लिए रूट डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। भारी वाहनों को पचगांव से केएमपी के रास्ते आगे भेजा जाएगा। पब्लिक ट्रांसपोर्ट यानी बसों को इफ्को चौक से डायवर्ट करते हुए एमजी रोड आया नगर के रास्ते दिल्ली भेजा जाएगा। वहीं, गुरुग्राम की मल्टीनेशनल कंपनी और अन्य कंपनियों को कहा गया है कि शनिवार व रविवार को उनकी कंपनी का अवकाश होता है। ऐसे में वह शुक्रवार 8 सितंबर को भी कर्मचारियों को वर्क फॉम होम करने दिया जाए, ताकि वाहनों की आवाजाही कम हो जाए और विदेशी मेहमानों के आवागमन को सुगम बनाया जा सके। डीसीपी ट्रैफिक का कहना है कि रविवार से ही विदेशी मेहमानों का आना शुरू हो जाएगा। तावडू स्थित आईटीसी ग्रांड होटल में विदेशी रुकेंगे। ऐसे में दिल्ली से गुरुग्राम के रास्ते तावडू तक उनकी आवाजाही रहेगी। इस दौरान किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। डीसीपी ने बताया कि जी-20 की तैयारियों को लेकर जल्द ही मॉकड्रिल की जाएगी और वाहनों का रूट भी डायवर्ट किया जाएगा। हाईवे पर वाहनों के ब्रेकडाउन होने की स्थिति में इन्हें तुरंत हटाने के लिए क्रेन का भी इंतजाम किया जाएगा। रूट डायवर्जन और दिल्ली में नो एंट्री के मद्देनजर शहर की अंदरूनी सडकों पर भी वाहनों का दबाव बढ़ने की संभावना है।

### एयरपोर्ट जाने वाले जल्दी घर से निकलें

डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि इस दौरान हवाई अड्डे जाने वालों को सबसे अधिक परेशानी होगी। घर से निकलने से पहले वह समय लेकर चलें। दिल्ली किसी को जाना है तो मेट्रो का प्रयोग करें। कार से अगर जा रहे हैं तो महरौली रोड का इस्तेमाल करें।






















स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)